


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 74 | सोमवार 27 अप्रैल 2026 | बैशाख शुक्ल एकादशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




## एक नजर




### पॉलीटेक्निक में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

**लखनऊ।** उप्र. में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)–2026 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद उत्तर प्रदेश के अनुसार, आवेदन 15 जनवरी से शुरू हो चुके हैं और इसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी प्रथम वर्ष के साथ–साथ द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये प्रति ग्रुप तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये प्रति ग्रुप निर्धारित किया गया है। एक अभ्यर्थी अधिकतम तीन ग्रुप में आवेदन कर सकता है।

### जनगणना में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अहम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वर्तमान में जारी जनगणना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा इसमें सभी की भागीदारी अहम है। मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, ''साथियो, देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। आपकी भागीदारी बहुत जरूरी है।

## लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं : मोदी

**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान गोलीबारी की घटना पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है और इसकी एक स्वर में निंदा की जानी चाहिए।



पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई हालिया सुरक्षा घटना के बाद यह जानकर राहत मिली कि राष्ट्रपति ट्रंप, फर्स्ट लेडी और उपराष्ट्रपति सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ है। मैं उनकी निरंतर सुरक्षा और कुशलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। लोकतंत्र में हिंसा की कोई जगह नहीं होती और इसकी सख्त निंदा होनी चाहिए। वहीं वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि हम राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया के खिलाफ हुई इस हमले की कोशिश की निंदा करते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप, उनकी पत्नी और कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर में मौजूद सभी लोगों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि जो लोग शांति में विश्वास करते हैं, उनके लिए हिंसा कभी भी कोई विकल्प नहीं हो सकती।अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान गोलीबारी की घटना सामने आई। यह कार्यक्रम वॉशिंगटन हिल्टन होटल में आयोजित किया गया था, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में अंधाधुंध फायरिंग, ट्रंप को सुरक्षित निकाला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी की राजधानी वाशिंगटन DC के हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान कथित तौर पर अंधाधुंध गोलीबारी हुई है। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने वहां मौजूद डोनाल्ड ट्रंप को तुरंत स्टेज से उतार दिया. इसके अलावा वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस और ट्रंप के कैबिनेट के सदस्य भी वहां मौजूद थे।

CNN के मुताबिक, ट्रंप सुरक्षित हैं। एडमिनिस्ट्रेशन के एक अधिकारी के मुताबिक, कैबिनेट के सदस्य भी ठीक हैं.।ये गोलीबारी क्यों हुई इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि अमेरिका मीडिया में दावा किया जा रहा है कि शूटर को गिरफ्तार कर लिया गया है।






व्हाइट हाउस पूल रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन डिनर में कई US सीक्रेट सर्विस एजेंट गोली चलने की बात कर चिल्लाने लगे। पूल ने बताया कि एक एजेंट ने रेडियो पर बताया कि एक शूटर कस्टडी में है। पूल ने बताया कि एक एजेंट ने रेडियो पर बताया कि एक शूटर कस्टडी में है।

व्हाइट हाउस पूल ने कहा, "हमने अभी सीक्रेट सर्विस को यह कहते हुए सुना कि कथित शूटर कस्टडी में है। स्वास्थ्य मंत्री RFK JR और कॉमेडियन शेरिल हाइन्स को हमारे सामने ले जाया गया। स्वास्थ्य मंत्री लंगड़ा रहे थे। अमेरिका राष्ट्रपति के बारे में कोई खबर नहीं है। सीक्रेट सर्विस ने हमे रोक कर रखा है।

ट्रंप के व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन (WHCA) के साथ गाला डिनर में गोलीबारी से एक दिन पहले, ट्रंप और जेफरी एपस्टीन की तस्वीरें और क्लिप प्रोजेक्टर के जरिए हिल्टन होटल की दीवारों पर दिखाई गई थीं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर स्विस एयर की फ्लाइट का इंजन फेल होने से लगी आग, 6 यात्री घायल

**नई दिल्ली:** दिल्ली एयरपोर्ट से एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां स्विस एयर की एक फ्लाइट का इंजन फेल हो गया, इससे आग भी लग गई। इस हादसे में 6 यात्रियों के घायल होने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह SWISS एयर की दिल्ली से ज्यूरिख जा रही फ्लाइट LX 147 का इंजन फेल गया। इस हादसे के बाद विमान में सवार 6 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना तब हुई, जब विमान में सवार सभी लोगों को IGIA के रनवे पर इमरजेंसी स्लाइड का इस्तेमाल करके बाहर निकालना पड़ा।



बताया जाता है कि Airbus A330 विमान रात करीब 1:08 बजे उड़ान भरने की तैयारी में था, तभी उसका पहला इंजन फेल हो गया और उसमें आग लग गई। इस घटना पर SWISS एयर का बयान भी सामने आया है। जिसमें कहा गया, "हमें दिल्ली में फ्लाइट LX147 से जुड़ी एक घटना की जानकारी मिली है। इस घटना में शामिल विमान Airbus A330 है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर HB-JHK है। SWISS ने एक टास्क फ़ोर्स का गठन किया है। विमान में 228 यात्री और 4 शिशु सवार थे।

बयान में आगे कहा कि उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद ही भारतीय समयनुसार रात 1:00 बजे के ठीक बाद विमान के एक इंजन में कुछ तकनीकी खराबी आ गई। क्रू ने उड़ान भरने का फैसला रद्द कर दिया और स्थिति का जायजा लेने के बाद एहतियात के तौर पर विमान को खाली कराने का फ़ैसला किया। बयान में कहा गया कि 6 यात्रियों का इलाज चल रहा है, क्रू सुरक्षित है। सभी यात्रियों और क्रू को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। छह यात्रियों का अभी मेडिकल चेकअप चल रहा है। कुछ ऐसे यात्री जो स्लाइड का इस्तेमाल नहीं कर पाए, उनके लिए सीढ़ियों की व्यवस्था की गई थी। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले ही दिल्ली एयरपोर्ट पर अकासा एयर और स्पाइसजेट के दो विमानों के विंग्स आपस में टकरा गए थे।

## ओडिशा की टायर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, काले धुएं से ढका आसमान, मौके पर पहुंचे दमकल वाहन

**नई दिल्ली।** ओडिशा के राजगंगपुर में रविवार सुबह एक टायर मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में फैक्ट्री से उठता काले धुएं का घना गुबार आसमान में छा गया। दूर-दूर तक धुआं दिखाई देने लगा और पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना के बाद प्रशासन और दमकल विभाग को हालात संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।



यह घटना रविवार सुबह पड़ाजामपाली इलाके में स्थित टायर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक फैक्ट्री परिसर से आग की तेज लपटें उठने लगीं। रबर और टायर जैसी ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने बहुत तेजी से फैलकर पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही राजगंगपुर पुलिस मौके पर पहुंची. एहतियात के तौर पर फैक्ट्री के आसपास का इलाका सील कर दिया गया, ताकि कोई बड़ा हादसा न हो। लोगों को फैक्ट्री से दूर रहने की हिदायत दी गई और आवाजाही पर रोक लगा दी गई।

शुरुआत में आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की 3 गाड़ियां भेजी गईं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए बाद में और गाड़ियां मंगाई गईं। कुल 7 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। खबर लिखे जाने तक दमकलकर्मी दो घंटे से ज्यादा समय से लगातार आग बुझाने में जुटे हुए थे। टायर और रबर में लगी आग को पानी से बुझाना आसान नहीं होता। इसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने राउरकेला से स्पेशल फायर फोम मंगवाया। इस फोम की मदद से आग को फैलने से रोकने में काफी हद तक सफलता मिली और लपटों पर नियंत्रण पाया गया।घटना की गंभीरता को देखते हुए राजगंगपुर के IIC और SDPO खुद मौके पर मौजूद रहे। दोनों अधिकारी पूरे राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी करते रहे और दमकल कर्मियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखा। फिलहाल आग लगने की सही वजह सामने नहीं आ सकी है। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या किसी केमिकल रिएक्शन के कारण आग लगी हो सकती है।

## थंथनिया कालीबाड़ी में मत्था टेक पीएम मोदी ने शुरू किया रोड शो, दूसरे चरण की तैयारी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर कोलकाता में थंथनिया कालीबाड़ी मंदिर में पूजा के बाद एक विशाल रोड शो किया। दूसरे चरण के मतदान से पहले भाजपा ने इस मेगा इवेंट के जरिए अपनी ताकत दिखाई है। वहीं, पीएम मोदी ने बंगाल की संस्कृति के साथ जुड़ाव का संदेश दिया।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर कोलकाता में एक विशाल रोड शो के जरिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। इस चुनावी अभियान की शुरुआत उन्होंने उत्तर कोलकाता के सिद्ध शक्तिपीठ थंथनिया कालीबाड़ी में पूजा-अर्चना के साथ की।

रविवार की शाम उत्तर कोलकाता के लिए बेहद खास रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे पहले विधान सरणी स्थित प्राचीन थंथनिया कालीबाड़ी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूरी श्रद्धा के साथ मां काली के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें आशीर्वाद दिया। प्रधानमंत्री ने यहां कुछ समय मौन रहकर प्रार्थना की, जिसे बंगाल की संस्कृति और आस्था के साथ जुड़ने के एक बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है। मंदिर से बाहर निकलते ही प्रधानमंत्री का रोड शो शुरू हुआ। जैसे ही पीएम मोदी का विशेष वाहन सड़कों पर उतरा, पूरा इलाका 'जय श्री राम' और 'शंख' की ध्वनियों से गूंज उठा। रोड शो बीके पाल एवेन्यू से शुरू होकर खन्ना क्रॉसिंग तक चला।

## 'भाजपा ने दिल्ली के काम रोके, बंगाल में भी वही साजिश', केजरीवाल का आरोप

**कोलकाता।** उन्होंने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर गलती से भाजपा को वोट दिया गया, तो पश्चिम बंगाल में भी ऐसे ही काम बंद हो सकते हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कामों का जिक्र करते हुए कहा कि यहां जो भी विकास हुआ है, वह भी खतरे में पड़ सकता है।

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जहां भी सत्ता में आती है, वहां पहले से किए गए अच्छे कामों को बंद



कर देती है। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के लिए कई बड़े कदम उठाए थे, लेकिन भाजपा ने इन कामों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'हमने अच्छे स्कूल बनाए, लेकिन उन्होंने उन्हें बंद कर दिया। मोहल्ला क्लीनिक शुरू किए, उन्हें रोक दिया। महिलाओं के लिए बस यात्रा मुफ्त की, उसे भी बंद कर दिया गया।

## अमित शाह बोले- सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे टीएमसी के सभी सिंडिकेट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राजनीतिक दलों की ओर से पूरा दम झोंक दिया गया है। बंगाल में पीएम मोदी और अमित शाह ने जोरदार प्रचार किया है। इस दौरान अमित शाह ने ममता सरकार पर जमकर निशाना साधा।



पश्चिम बंगाल के तेहट्टा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंगाल की जनता ने 'दीदी का सूपड़ा साफ' कर दिया है और भाजपा को स्पष्ट बढ़त मिल चुकी है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से 110 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि दूसरे चरण में बाकी काम पूरा कर भाजपा पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी। बंगाल की जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है और टीएमसी सरकार को सत्ता से बाहर करने का फैसला कर चुकी है। महिलाओं और युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि यदि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है तो मई महीने से राज्य की हर महिला के बैंक खाते में 3,000 रुपए भेजे जाएंगे। इसके साथ ही राज्य के बेरोजगार युवाओं के खातों में भी 3,000 रुपए प्रति माह जमा कराए जाएंगे।

## उप्र में कल से बदलेगा मौसम गर्मी से मिलेगी मामूली राहत

**लखनऊ।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं जिससे तापमान में मामूली गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि कई जिलों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी के बाद हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है।



विभाग के अनुसार 28 अप्रैल के बाद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू की चेतावनी नहीं है और तापमान में हल्की गिरावट संभव है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सकती है आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के अनुसार कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया समेत अनेक जिलों में लू चलने की प्रबल संभावना है। विशेष रूप से बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, जालौन और हमीरपुर को अधिक संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

**गुस्सा** | भाजपा का पलटवार– आपको सिर्फ बांटने की राजनीति पर भरोसा

## गाजीपुर कांड पर बोले अखिलेश यादव : बयान बदलवाने से सच नहीं बदलता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के करंडा थानाक्षेत्र में गंगा नदी के पुल के नीचे नाबालिग लड़की का शव मिलने के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए इसे हाथरस कांड का दोहराव करार दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को 'एक्स' पर लड़की के पिता के बयान का वीडियो साझा करते हुए पोस्ट किया, 'बयान बदलवाने से सच नहीं बदलता है। उत्तर प्रदेश ने इतना कमजोर मुख्यमंत्री कभी नहीं देखा, जो घोर अत्याचार के शिकार गरीब-बेबस पीड़ितों पर दबाव डालकर बयान बदलवाते हैं।' अखिलेश यादव के बयान पर प्रदेश भाजपा के सह संपर्क प्रमुख और गाजीपुर निवासी नवीन श्रीवास्तव ने 'एक्स' पर पलटवार करते हुए लिखा, 'भैयाजी, आपको प्रशासन पर भरोसा नहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भरोसा नहीं, पीड़िता के पिता पर भरोसा नहीं। आपको सिर्फ बांटने की कुत्सित राजनीति पर भरोसा है।' सपा प्रमुख द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए वीडियो में लड़की के पिता कह रहे हैं, ''प्रधानजी हमें गाली देते हुए कह रहे हैं कि हमारी तीन रुपये की औकात नहीं है, हमने उसे (बेटी को) 30 हजार रुपये का मोबाइल दिलवा दिया। प्रधान ने हमसे कहा, उस दिन नहीं सोचा कि लड़की हमारी क्या करेगी।'' प्रधान का नाम लेते हुए पिता ने कहा, ''वह पूरी तरह हमारे खिलाफ हैं। उन्होंने पथराव भी कराया। हमको बचाने में एसओ साहब पीटे गए। "



सपा प्रमुख ने इस पोस्ट के जरिए पांच सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा,''प्राथमिकी दर्ज करने में इतनी देर क्यों हुई? बातें क्यों बदलवाई गईं? पीड़ित परिवार को और उत्पीड़ित क्यों किया जा रहा है? पुलिस पर पथराव करने वाले वर्चस्ववादियों के खिलाफ कार्रवाई से किसने रोका? और पोस्टमार्टम पर सवालिया निशान क्यों लगा?

अखिलेश ने कहा, ''सच तो यह है कि सबको सच मालूम है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट कुछ भी कहे, गांव के हर घर को जमीनी सच्चाई मालूम है। सब जानते हैं हुआ क्या है और कहलवाया क्या जा रहा है। इससे गांव के हर समुदाय में भाजपा के झूठ की बात पहुंच गई है। इससे पीडीए समाज में बहुत आक्रोश है।'' अखिलेश यादव ने कहा कि गाजीपुर की बेटी का हत्याकांड हाथरस की बेटी के हत्याकांड का दोहराव है तथा इन दोनों में एक बात समान है कि पीड़ितों के परिवार 'पीडीए परिवार' थे और उत्पीड़क वर्चस्ववादी थे।

## बंगाल में टीएमसी नेता को भीड़ ने पीटा, इलाके में पुलिस फोर्स तैनात

**नई दिल्ली।** भानगढ़ में बम धमाके के आरोपी की रविवार (26 अप्रैल) को पिटाई हो गई। मामले के मुख्य आरोपी और तृणमूल कांग्रेस से जुड़े नेता ओहिदुल इस्लाम को स्थानीय लोगों ने पकड़कर जमकर पीट दिया। 19 मार्च को दक्षिण बामुनिया इलाके में हुए बम धमाके के बाद से ही ओहिदुल इस्लाम फरार चल रहा था। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) कर रही थी और आरोपी की तलाश जारी थी। रविवार (26 अप्रैल) को भीड़ ने उसे पकड़ लिया। उसके पकड़े जाने की सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। भीड़ के हमले में घायल आरोपी को हॉस्पिटल ले जाया गया।



लंबे समय तक छिपे रहने के बाद आरोपी अचानक साउथ 24 परगना जिले में दिखाई दिया। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और गुस्से में उसकी पिटाई कर दी। यह घटना चक मार्चा टेटुल्टलार घाट इलाके में हुई। इस संबंध में आईएसएफ ने भी दावा किया है कि लंबे समय से फरार ओहिदुल इस्लाम को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना के बाद आरोपी को गंभीर हालत में पुलिस हिरासत में लिया गया। प्राथमिक उपचार के लिए नलमुरी अस्पताल भेजा गया। इस पूरे घटनाक्रम के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। हालात को काबू में रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रशासन स्थिति की मॉनिटरिंग कर रहा है।

# कस्टमर केयर के नाम पर साइबर ठगी महिला के खाते से सवा 5 लाख साफ

## इंटरनेट से निकाला कस्टमर केयर नंबर पड़ा महंगा, ठगों ने APK फाइल भेजकर हैक किया मोबाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** ऑनलाइन शॉपिंग में पार्सल लेट होने की शिकायत करना एक महिला को भारी पड़ गया। इंटरनेट से मिला कस्टमर केयर नंबर साइबर ठगों का निकला और चंद मिनटों में ही महिला की जिंदगी की कमाई पर हाथ साफ हो गया। इज्जतनगर क्षेत्र में हुई इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि ऑनलाइन दुनिया में एक छोटी सी चूक भी बड़ा नुकसान करा सकती है। इज्जतनगर के कर्मचारी नगर ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी मंजू ने 19 अप्रैल को एक शॉपिंग वेबसाइट से सामान मंगाया था। तय समय पर पार्सल नहीं पहुंचा तो उन्होंने इंटरनेट पर कस्टमर केयर नंबर खोजा। यही कदम उनके लिए मुसीबत बन गया। जिस नंबर पर उन्होंने कॉल किया, वह असली नहीं बल्कि साइबर ठगों का था। फोन उठाने वाले शख्स ने खुद को कंपनी का अधिकारी बताकर भरोसा जीत लिया और समस्या हल करने का भरोसा दिया।

### साइबर थाना सक्रिय, ट्रांजेक्शन की पड़ताल शुरू

मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब ट्रांजेक्शन की डिटेल खंगाल रही है और आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मामलों में अक्सर फर्जी कस्टमर केयर नंबर और APK फाइल के जरिए लोगों को निशाना बनाया जाता है। यह घटना साफ संकेत है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जरा सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इंटरनेट से मिले नंबरों पर आंख बंद कर भरोसा न करें और किसी भी अनजान फाइल या लिंक को खोलने से बचें।

ठग ने मंजू को व्हाट्सएप पर एक APK फाइल भेजी और कहा कि इसे खोलते ही शिकायत दर्ज हो जाएगी। जैसे ही महिला ने फाइल ओपन की, मोबाइल हैक हो गया। इस फाइल के जरिए ठगों को फोन का पूरा एक्सेस मिल गया और बैंकिंग से जुड़ी संवेदनशील जानकारी उनके हाथ लग गई। मोबाइल हैक होते ही साइबर अपराधियों ने तेजी से वार किया। महिला के खाते से पांच अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल सवा पांच लाख रुपये निकाल लिए गए। जब तक महिला को कुछ समझ आता, तब तक खाते से रकम साफ हो चुकी थी। घटना के बाद पीड़िता के होश उड़ गए और उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई।

# एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में रखे सरकारी पाइपों में लगी भीषण आग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में रविवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एम.बी. इंटर कॉलेज के मैदान में लगी आग ने सरकारी बिजली और पानी के पाइपों को भी अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग खुद ही आग बुझाने में जुट गए। हालांकि आग की तीव्रता के आगे उनके प्रयास नाकाम रहे। सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया।

हालात बिगड़ते देख व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा ने फायर ब्रिगेड को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। तब तक आग मैदान के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि सरकारी बिजली और पानी के पाइप भी इसकी चपेट में आ गए। इससे इलाके में सप्लाई बाधित होने का खतरा पैदा हो गया। आसपास के लोगों में डर बना हुआ है कि आग और फैल सकती है।



एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में राखे सरकारी पाइपों में लगी भीषण आग। -जागरण मोर्चा

### मौके पर जूझती रही टीम, सीएफओ बोले- काबू पाने की कोशिश जारी

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा के मुताबिक दमकल की टीम लगातार आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। आग के कारणों की जांच की जा रही है, लेकिन शुरुआती तौर पर इसे लापरवाही का नतीजा माना जा रहा है। घटना के बाद पूरे प्रेमनगर इलाके में दहशत का माहौल है। लोग घरों की छतों और सड़कों से आग का भयावह मंजर देखते रहे। राहत की बात यह रही कि फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन यह घटना एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर गई है।

# डबल नाम, एक चेहरा: होमगार्ड भर्ती में धांधली का खुलासा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा-2025 में रविवार को उस वक्त बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ गया जब एक अभ्यर्थी को दोबारा परीक्षा देने की कोशिश करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया गया। साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज केंद्र पर बायोमेट्रिक जांच के दौरान युवक की पहचान खुली और उसकी चालाकी धरी रह गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जांच में सामने आया कि 27 वर्षीय अनुराग पुत्र राज बहादुर निवासी हरिहरपुर, थाना टड़ियावां (हरदोई) ने शनिवार को दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, पीलीभीत रोड रिठौरा में पहली पाली में धर्मेंद्र सिंह के नाम से परीक्षा दी थी। इसके बाद रविवार को वही युवक अनुराग बनकर साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज में दोबारा परीक्षा देने पहुंच गया। रविवार सुबह 10 से 12 बजे की पहली पाली में जब अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन हो रहा था, तभी सिस्टम ने युवक को संदिग्ध दिखाया। गहन जांच में उसकी पहचान मैच हो गई और पूरा फर्जीवाड़ा सामने आ गया। केंद्र प्रभारी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया।

### दो आधार कार्ड, एक ही पहचान सिर्फ नाम बदला

पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने दो अलग-अलग नामों से आधार कार्ड बनवा रखे हैं। हैरानी की बात यह रही कि दोनों आधार में पिता का नाम, पता और अन्य जानकारी एक ही थी, सिर्फ नाम बदलकर अलग पहचान बनाई गई थी। उसका मकसद था कि किसी भी एक नाम से परीक्षा पास कर नौकरी हासिल कर ले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बायोमेट्रिक सिस्टम कारगर साबित हुआ है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सलामी के साथ मिली सपनों को उड़ान 783 महिला रंगरूट बनीं सिपाही

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** रविवार की सुबह बरेली पुलिस लाइन में उत्साह, अनुशासन और गर्व का अद्भुत संगम देखने को मिला। नौ महीने की कड़ी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 783 महिला रंगरूट पासिंग आउट परेड में सिपाही बनकर पुलिस महकमे का हिस्सा बन गईं। इसी के साथ पीएसी आठवीं बटालियन में 364 प्रशिक्षु रंगरूटों ने भी वर्दी पहनकर सेवा की नई शुरुआत की।

परेड मैदान में गूंजते कदमों और सलामी के बीच पूरे माहौल में जोश साफ झलक रहा था। पुलिस लाइन में आयोजित भव्य परेड के मुख्य अतिथि रमित शर्मा रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों को कर्तव्य, निष्ठा और अनुशासन का पाठ पढ़ाया। उनके साथ अनुराग आर्य भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है, जिसे पूरी ईमानदारी से निभाना होगा। आरआई हरमीत सिंह के अनुसार, पुलिस लाइन को 800 महिला रंगरूटों का आवंटन मिला था, जिसमें से 796 ने आमद दर्ज कराई। प्रशिक्षण के दौरान कुछ अभ्यर्थियों ने अन्य सेवाओं में चयन या निजी कारणों से छोड़ दिया। अंततः 783 महिला सिपाहियों को तैनाती मिली, जिनमें 292 को बरेली जिले के थानों में ही नियुक्त किया जाएगा। इससे जिले के हर थाने में औसतन 48 नए सिपाहियों की ताकत बढ़ेगी। पासिंग आउट के बाद मैदान जश्न के रंग में डूब गया। सिर पर पगड़ी, हाथ में सर्टिफिकेट और चेहरे पर गर्व—हर तरफ खुशी ही खुशी नजर आई। महिला सिपाहियों ने अपने माता-पिता के सिर पर पगड़ी रखकर सम्मान जताया, सेल्फी ली और पगड़ी उछालकर सफलता का जश्न मनाया। ज्यादातर रंगरूट गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों से थीं, जिनके लिए यह पल सपनों के सच होने जैसा था।

### गर्मी भी नहीं तोड़ पाई हौसला

भीषण गर्मी के बावजूद रंगरूटों का जोश कम नहीं हुआ। परेड के दौरान अनुशासन और तालमेल ऐसा रहा कि हर कदम पर मेहनत और लगन साफ दिखाई दी। नए सिपाहियों ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं और परिवार को दिया। वहीं पीएसी आठवीं बटालियन में आयोजित परेड में मोदक राजेश डी राव ने सलामी ली और कमांडेंट आकाश तोमर के साथ निरीक्षण किया। यहां 400 में से 394 रंगरूटों ने आमद दर्ज कराई थी, जिनमें से 364 ने प्रशिक्षण पूरा कर सिपाही का दर्जा हासिल किया। सभी को प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनाती के पत्र सौंपे गए।




# जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टाण्डा।** रविवार को टांडा नगर मंडल में जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया गया।

जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।पदयात्रा टांडा नगर मंडल कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर पालिका परिसर में समाप्त हुई। विगत दिनों महिलाओं को दिए जाने वाले 33% आरक्षण के प्रस्ताव को विपक्ष द्वारा संसद में गिरा दिया गया था। जिसके कारण देश भर में महिलाओं में आक्रोश की भावना है। महिला आरक्षण की मांग दशकों पुरानी है। जिसको केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए 33% आरक्षण लागू करने के लिए लोकसभा में प्रस्ताव लाया गया। परंतु विपक्ष ने अपनी हठधर्मिता दिखाते हुए इस प्रस्ताव को गिरा दिया।

# बच्चे को धमकी देकर दुष्कर्म का प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देती एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सीबीगंज इलाके में घर में अकेली महिला को देखकर एक युवक दरिंदगी पर उतर आया। उसने महिला के पांच साल के मासूम बेटे की जान लेने की धमकी देकर दुष्कर्म की कोशिश की। हालांकि महिला ने हिम्मत दिखाई और जोरदार शोर मचाकर आरोपी की मंशा पर पानी फेर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति हिमाचल प्रदेश में नौकरी करता है। रविवार को वह अपने तीन छोटे बच्चों के साथ घर पर अकेली थी, जबकि ससुर रिश्तेदारी में शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान आरोपी ने घर को निशाना बनाया और चुपके से अंदर घुस आया। महिला के मुताबिक, आरोपी ने अंदर घुसते ही उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। वह लगातार महिला को दबाव में लेने की कोशिश करता रहा। घर के भीतर घटी इस घटना से महिला सहम गई, लेकिन उसने हार नहीं मानी।

### मासूम बेटे को जान से मारने की धमकी दी

हद तो तब हो गई जब आरोपी ने महिला के पांच साल के बेटे को पकड़कर जान से मारने की धमकी दी। उसने बच्चे को ढाल बनाकर महिला को दुष्कर्म के लिए मजबूर करने की कोशिश की। यह मंजर इतना खौफनाक था कि कुछ पल के लिए महिला दहशत में आ गई, लेकिन अगले ही पल उसने हिम्मत जुटाई। डर के बीच भी महिला ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। आसपास के लोगों के सतर्क होने की आहट मिलते ही आरोपी घबरा गया और मौके से फरार हो गया। महिला ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और कुछ ही देर में आरोपी को पकड़ लिया गया। उसे थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है। सीबीगंज इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि इस तरह की घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

# मैलानी के रास्ते मुंबई से गोरखपुर के लिए स्पेशल ट्रेन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भीषण गर्मी और बढ़ती यात्रियों की भीड़ के बीच रेल प्रशासन ने बड़ी राहत दी है। मुंबई से बरेली होते हुए गोरखपुर तक चलने वाली विशेष ट्रेन आज से पटरी पर दौड़ेगी। इस ट्रेन के संचालन से रोज़ाना यात्रा करने वाले हजारों मजदूर, नौकरीपेशा और छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा। रेल प्रशासन के मुताबिक (09157) बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एकल यात्रा अनारक्षित विशेष ट्रेन का संचालन 26 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। यह ट्रेन Bandra Terminus से रात 00:30 बजे रवाना होगी और बोरीवली होते हुए अगले दिन उत्तर प्रदेश के रूट पर पहुंचेगी।



यह विशेष ट्रेन Bareilly सिटी स्टेशन पर 02:30 बजे पहुंचेगी, इसके बाद इज्जतनगर (03:05 बजे), पीलीभीत (04:25 बजे) होते हुए मैलानी के रास्ते गोरखपुर तक जाएगी। इससे बरेली, पीलीभीत और आसपास के जिलों के यात्रियों को मुंबई के लिए सीधा और सस्ता विकल्प मिलेगा। इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 15 कोच, साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 कोच और 2 एसएलआरडी कोच लगाए गए हैं। खास बात यह है कि यह ट्रेन अनारक्षित है, जिससे तत्काल टिकट न मिलने की समस्या से जूझ रहे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### मजदूर, छात्र और व्यापारी वर्ग को बड़ा फायदा

गर्मी के सीजन में मुंबई से बरेली और पूर्वांचल की ओर लौटने वाले प्रवासी मजदूरों की संख्या बढ़ जाती है। इस ट्रेन के चलने से हजारों लोगों को भीड़भाड़ से राहत मिलेगी, साथ ही छोटे व्यापारियों और छात्रों को भी कम खर्च में यात्रा का बेहतर विकल्प मिलेगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों में ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष ट्रेन चलाई गई है। इससे नियमित ट्रेनों पर दबाव कम होगा और यात्रियों को आरामदायक सफर मिल सकेगा।

# मौसी को बनाया हवस का शिकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपनी ही मौसी के साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। पहले नहाते समय अश्लील वीडियो बनाया, फिर उसी के दम पर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा और जब निकाह तय हुआ तो वीडियो दिखाकर रिश्ता तक तुड़वा दिया।

थाना सीबीगंज क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी युवक उसका भांजा है और घर में उसका आना-जाना था। करीब दो साल पहले वह चुपके से घर में घुस आया और नहाते समय उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने एक दिन उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में उसने दुष्कर्म किया और इस दौरान फोटो व वीडियो भी बना लिए। इसके बाद आरोपी इन वीडियो के जरिए लगातार उसे धमकाता रहा और कई बार शारीरिक शोषण करता रहा। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी के कारण पीड़िता लंबे समय तक चुप रही। आरोपी इसी डर का फायदा उठाकर बार-बार उसका शोषण करता रहा। परिवार की इज्जत और सामाजिक दबाव के चलते पीड़िता कुछ भी कहने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। इसी बीच पीड़िता का फरीदपुर में रिश्ता तय हुआ और 13 जून को निकाह की तारीख भी निश्चित हो गई। लेकिन आरोपी ने लड़का पक्ष के पास जाकर अश्लील फोटो और वीडियो की जानकारी दे दी, जिससे रिश्ता टूट गया और पीड़िता की जिंदगी पर गहरा असर पड़ा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उस पर निकाह करने का दबाव बना रहा था। मना करने पर वह वीडियो वायरल करने की धमकी देता था और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता ने थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश के साथ साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

### ▸ भांजे ने बनाया अश्लील वीडियो, ब्लैकमेल कर करता रहा रेप, निकाह तय होते ही तुड़वाया रिश्ता

# अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में घायल अवस्था में मिले वृद्ध की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रेहड़।** रविवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में घायल अवस्था में मिले एक 65 वर्षीय वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। घटनास्थल पर उसकी साइकिल भी पड़ी मिली है। मृतक अख्तियार हुसैन 65 वर्ष पुत्र नन्हे शाह उत्तराखंड के जिला उधम सिंह नगर के जसपुर थाना क्षेत्र के गांव रामनगर वन का निवासी है। मृतक के पुत्र नसीम शाह ने बताया कि उसके पिता अख्तियार हुसैन प्रतिदिन साइकिल से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में स्थित एक मजार पर इबादत करने जाते थे। शुक्रवार को भी उसके पिता साइकिल से अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में स्थित मजार पर गए थे परंतु वापस नहीं लौटे। शनिवार सुबह परिजन अमानगढ़ टाइगर रिजर्व पहुंचे और वन दरोगा रवि कुमार को अख्तियार हुसैन के लापता होने की सूचना देकर उन्हें तलाश कराने का अनुरोध किया। जिस पर वन कर्मियों ने परिजनों और ग्रामीणों के साथ लापता हुए अख्तियार हुसैन की तलाश शुरू की। इस दौरान रविवार सुबह लगभग 9:30 बजे अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के कक्ष संख्या 17 में स्थित तालाब के पास अख्तियार हुसैन झाड़ियों के बीच बेहोशी की हालत में घायल अवस्था में पड़े मिले। वहीं पर उनकी साइकिल भी पड़ी मिली। परिजन और ग्रामीण अख्तियार हुसैन को जसपुर के एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने अख्तियार हुसैन के ऊपर हाथी द्वारा हमला करने की आशंका व्यक्त की है। मृतक अपने पीछे पत्नी आसमा खातून, तीन पुत्रों व तीन पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# खुद को एडीएम बताकर ऐंठे लाखों रुपये, बरेली की युवती का पर्दाफाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बारादरी क्षेत्र की एक युवती ने खुद को गजरौला में एडीएम एफआर पद पर तैनात बताकर कई युवकों को अपने जाल में फंसाया और उनसे लाखों रुपये ऐंठ लिए। जब सच्चाई खुली तो पीड़ितों के पैरों तले जमीन खिसक गई। मामला सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

बारादरी के ग्रीन पार्क निवासी विप्रा मिश्रा ने खुद को गजरौला में एडीएम एफआर पद पर तैनात बताकर लोगों से संपर्क बढ़ाया। वह पहले दोस्ती करती, फिर सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा देकर भरोसे का जाल बुनती। उसकी बातों में आकर कई युवक फंस गए और मोटी रकम देने लगे।

बारादरी निवासी मुसाहिद पुत्र मुजाहिद ने बताया कि युवती ने उन्हें कंप्यूटर ऑपरेटर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इस झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग किस्तों में 5 लाख 21 हजार रुपये दे दिए। लंबे समय तक नौकरी न मिलने पर जब शक हुआ तो सच्चाई सामने आई और ठगी का खुलासा हो गया। पीड़ित का आरोप है कि इस पूरे खेल में युवती का परिवार भी शामिल है। बताया गया कि उसकी बहन शिखा भी इसी तरह लोगों को फंसाकर रुपये ऐंठने का काम करती है। दोनों बहनों ने मिलकर कई लोगों को निशाना बनाया है।

### पुलिस के दावे और हकीकत में टकराव

सूत्रों का कहना है कि युवती को पुलिस ने हिरासत में लिया है, लेकिन बारादरी इंस्पेक्टर बिजेंद्र सिंह का कहना है कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला नहीं आया है। ठगी का शिकार हुए युवक अब पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि आरोपी के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो और लोग भी इस तरह के जाल में फंस सकते हैं। फिलहाल मामला चर्चा में है और लोग प्रशासन की अगली कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# महिला आरक्षियों को संविधान, जन सुरक्षा की दिलाई शपथ

## रविवार को पुलिस लाइन में हुआ दीक्षांत समारोह का आयोजन, रिक्रूट महिला आरक्षियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना



परेड की सलामी लेते एसपी।



परेड की सलामी लेती मुख्य अतिथि।



परेड का निरीक्षण करती मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा



महिला प्रशिक्षु को सम्मानित करती मुख्य अतिथि। –जागरण मोर्चा



परेड के दौरान मौजूद महिला प्रशिक्षु। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस लाइन में 21 जुलाई 2025 से प्रचलित महिला प्रशिक्षु नागरिक पुलिस का आधारभूत प्रशिक्षण में 590 प्रशिक्षुओं को गहन प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के बाद रविवार को पुलिस लाइन के प्रांगण में दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का आयोजन हुआ। इस अवसर पर रिक्रूट महिला आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण के बाद शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अपर्णा कुमार संयुक्त पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ रहीं। मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया। उनके द्वारा दी गई सलामी स्वीकार की।

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। रिक्रूट महिला आरक्षियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण के अन्तः कक्ष व बाहय विषय की विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया गया। बाह्य विषय के योग में प्रथम कैडेट नंबर-472 रेणुका रानी, अन्तः विषय के योग में प्रथम कैडेट नंबं-19 अजंली चतुर्वेदी एवं सर्वांग सर्वोत्तम कैडेट नंबर-392 शिवानी तथा परेड कमांडर प्रथम कैडेट नंबर-41 आस्था, परेड कमांडर द्वितीय कैडेट नंबर-351 शारदा पाण्डेय, परेड कमांडर तृतीय कैडेट नंबर-151 कंचन तथा सर्वश्रेष्ट प्रशिक्षक अध्यापक निरीक्षक हरेन्द्र सिंह, आईटीआई आरक्षी बृजेश कुमार, पीटीआई जगराम सिंह, आरटीसी मेजर,आईटीआई पवन कुमार व उद्घघोषक सोहेल खान को भी पुरस्कृत किया। समारोह के अंतिम चरण में सभी रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के उपरांत टोलियों ने गौरवपूर्ण तरीके से प्रस्थान किया।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी,कर्मचारी सहित रिक्रूट महिला आरक्षियों के परिवारी जन व भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### आज रवाना होगी महिला प्रशिक्षु

21 जुलाई से 590 महिला प्रशिक्षु ट्रेनिंग ले रही थी। जिसके बाद आखिरकार रविवार दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। जिसमें महिला प्रशिक्षु के परिजन भी मौजूद रहे। अपनी बेटियों को खाकी वर्दी पहने देखकर उनका सिर गर्व से ऊचा हो गया था। जिसका वह सालों से इंतजार करते चले आ रहे थे। रविवार का दिन उनके लिए अच्छा रहा। महिला प्रशिक्षु कदम से कदम मिलाकर परेड में चल रही थी। इस ट्रेनिंग में संभल, हरदोई,अमेठी और रामपुर जिले की प्रशिक्षु शामिल रही। सीओ लाइन कीर्ति निधि आनंद ने बताया कि अब अन्य जिलों से आई महिला प्रशिक्षु शाम तक रवाना हो जाएगी।उसके बाद वह छह माह के लिए उनकों थानों भेजा जाएगा। जहां पर जाकर वह फील्ड की ट्रेनिंग लेगी।

### समारोह को लेकर कई दिन से चल रही थी तैयारियां

दीक्षांत समारोह को स्पेशल बनाने के लिए पिछले कई माह से पुलिस लाइन में तैयारियां चल रही थी। साफ सफाई का काम तेजी के साथ किया जा रहा था। ताकि दीक्षांत समारोह के दौरान किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रह जाएं। दो दिन पहले भी परेड का एसपी ने पुलिस लाइन में निरीक्षण किया था। इस पल को यादगार बनाने के लिए बहुत महिला प्रशिक्षु ने मोबाइल से कैद करती नजर आई।


### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242


# युवक के घर से दिनदहाड़े लाखों के गहने चोरी

- घर में मिली अज्ञात चप्पल, पड़ोसी ने भी बताई चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के मोहल्ला बसीर नगर, रौरा कलां दुर्गा मंदिर निवासी संजय मौर्य के घर शनिवार को सुबह करीब 4 बजे चोरी हो गई। चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात व 15 हजार रुपये नकद ले गए। घर स्वामी संजय मौर्य ने थाना मिलक में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।संजय मौर्य पुत्र अशोक मौर्य ने बताया कि वह सुबह करीब 3 बजे मंडी गया था।



चोरी की जानकारी देता संजय मौर्य। –जागरण मोर्चा

प्रातः 4 बजे घर में चोरी हो गई। चोर 1 सोने की अंगूठी, सोने की 1 चेन, 2 जोड़ी चांदी की पायल, 3 सोने के मंगलसूत्र,1 घड़ी, 1 जोड़ी सोने के झाले,1 सोने का टीका व 15 हजार रुपये नकद चुरा ले गए। पीड़ित के अनुसार घर में किसी अज्ञात व्यक्ति की चप्पल भी मिली है। पड़ोस में रहने वाले युवक ने अपनी बताई। पूछने पर युवक ने कहा कि उनके घर भी चोरी हुई है और कोई अज्ञात चोर उनकी चप्पल पहनकर चला गया।पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच व कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

# वृंदा चिरंजीव ने जेईई मेन की परीक्षा पास की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** वृंदा चिरंजीव ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई (मेन) में सफलता हासिल कर जेईई (एडवांस) के लिए क्वालीफाई किया। उसने 93.42 परसेंटाइल के साथ जेईई (मेन) परीक्षा में सफलता हासिल कर आगामी 17 मई को होने वाली जेईई (एडवांस) परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया।देश के सभी 21आईआईटी और आईआईएससी बेंगलुरु में स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले जेईई (एडवांस) परीक्षा के माध्यम से ही होते हैं। वृंदा ने दसवीं की परीक्षा सेंट मैरी रामपुर से उत्तीर्ण की है। और इस वर्ष कक्षा 12 की परीक्षा मुरादाबाद के डायमंड पब्लिक स्कूल दी है। जिसका परिणाम कुछ ही दिनों में आने वाला है। पिता चिरंजीव गुड्डू कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में शिक्षक है। और माता संगीता भाटिया ग्रहणी है।इनकी बड़ी बेटी गौरी चिरंजीव ने 2024 की जेईई (मेन) परीक्षा में सफलता हासिल की थी और वह इस वक्त बेंगलुरु से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर रही है।छोटी बेटी वृंदा के माता-पिता ने बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त की है और उसे आगामी 17 मई को होने वाली जेईई (एडवांस) परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।



### एक नजर



#### 27 को रामपुर आएंगे फिलिस्तीन के राजदूत

**रामपुर।** भारत में फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्लाह एमए अबुशावेश 27 अप्रैल को रामपुर आएंगे। वो पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि फिलिस्तीन के राजदूत सौलत पब्लिक लाइब्रेरी, जामा मस्जिद और इमामबाड़ा किला जाएंगे। इसके अलावा लल्लन खां के आवास पर बुद्धिजीवियों से संवाद करेंगे।

#### ईंट पत्थर मारने के मामले में पिता- पुत्र पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के गदमर पट्टी गांव निवासी सुखवीर ने ढकिया चौकी पर तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ ईंट पत्थर मारने और उसकी बेटी का फोटो खींचकर वायरल करने के मामले में केस दर्ज कराया है। सुखवीर की तहरीर के अनुसार उसकी बेटी 25 दिन पहले दुकान पर बैठी थी, तभी गांव के गौरव ने फोटो खींचकर फेसबुक पर वायरल कर दिया। उस समय ग्रामीणों ने आपसी समझौता करा दिया। आरोप है कि बीती 25 अप्रैल को जब वह घर पर था तो गौरव और जयप्रकाश निवासीगण गदमर पट्टी थाना शाहबाद ने उसे गंदी गंदी गालियां दी और ईंट पत्थर मारे, जिसका वीडियो भी उसके पास है। पीड़ित ने दोनों लोगों से जान मॉल का खतरा बताया है। पुलिस ने सुखवीर की तहरीर पर पिता– पुत्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

#### महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रविवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया आदि के बारे में बताया।

# तोपखाना के कूड़े ढेर में जोरदार धमाका युवक झुलसा, रेफर

- सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तोपखाने पर पड़े कूड़े के ढेर में पिछले कई दिनों से धुंआ निकल रहा है। जिस कारण से लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि सुबह के समय कूड़े के ढेर में धमाका हो गया। जिसमें एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर उसको बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर कर दिया है।

घटना रविवार सुबह करीब 6:30 से 7:00 बजे के बीच हुई। थाना गंज क्षेत्र के काशीपुर आंगा निवासी पप्पू रोजाना की तरह कूड़े से प्लास्टिक और पॉलिथीन बीन रहे थे। अचानक हुए तेज धमाके से पप्पू का चेहरा, हाथ और शरीर के अन्य हिस्से बुरी तरह झुलस गए।मॉर्निंग वॉक कर रहे लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस बुलाकर घायल पप्पू को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर कोतवाली प्रभारी प्रदीप मलिक पुलिस टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ मौके पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि धमाके के कारणों की जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने भी पुष्टि की कि कूड़े में मौजूद किसी संदिग्ध सामग्री की जांच की जा रही है।



आग लगने के बाद जानकारी करते सीओ सिटी। –जागरण मोर्चा

# शाहबाद में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

- चार लोग हुए घायल, दो को किया रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र की पस्तोर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में चार लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मिली जानकारी के रविवार को पस्तोर गांव जमीन को लेकर दो पक्षों में काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा था।

तहसील प्रशासन ने कई बार मौके पर पहुंचकर मुआयना भी किया, लेकिन विवाद का कोई हल नहीं निकल सका था।रविवार को विवाद फिर से बढ़ गया और दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष से प्रधान पत्नी जुबेदा पत्नी राहत खान और उनकी पुत्री कमरुल गंभीर रूप से घायल हो गईं।वहीं दूसरे पक्ष से रेशमा इलियास पत्नी और नसरीन को मामूली चोटें आईं।सभी घायलों को सीएचसी शाहबाद लाया गया।सीएचसी में प्राथमिक उपचार के जुबेदा पत्नी राहत खान और उनकी पुत्री कमरुल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



मारपीट में घायल महिला।

# चोरी की तहरीर देने पर पीड़ित को मिली गोली मारने की धमकी

- 25 अप्रैल को घर में हुई थी चोरी, पड़ोसी की चप्पल मिलीं

**मिलक।** तहसील के बशीरनगर रौरा कलां में चोरी की तहरीर देना एक परिवार को भारी पड़ गया। पीड़ित संजय मौर्य का आरोप है कि चोरी की जांच में पड़ोसी का नाम आने के बाद आरोपी के भाई ने उसे और उसके पिता को गोली मारने की धमकी दी है। डरे-सहमे पीड़ित ने शनिवार को मिलक कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। मोहल्ला बशीरनगर निवासी संजय मौर्य पुत्र अशोक मौर्य ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 3 से 4 बजे के बीच उसके घर में चोरी हुई थी। जिसकी तहरीर उसी दिन मिलक थाने में दे दी गई थी। संजय के मुताबिक चोरी के बाद उसके घर से एक जोड़ी चप्पल बरामद हुईं, जो पड़ोसी शरद शर्मा की निकलीं। इसी आधार पर पुलिस ने शरद शर्मा को पूछताछ के लिए रोका। संजय का आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर शरद शर्मा के भाई विपिन शर्मा ने उसे और उसके पिता अशोक मौर्य को गोली मारने की धमकी दी है। 26 अप्रैल को दिए प्रार्थना पत्र में संजय ने लिखा लोगों से मुझे बहुत ज्यादा भय है।इन लोगों से मेरी और मेरे पिता जी की जान को खतरा बना हुआ है। अतः महोदय से निवेदन है कि उक्त लोगों पर उचित कार्यवाही करके मुझे व मेरे परिवार को सुरक्षित करने की कृपा करें।

# जिला अस्पताल में नहीं हैं कई सालों से दिल का डॉक्टर

- चिकित्सक के नहीं होने से रोगियों को किया जा रहा रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में निजी चिकित्सकों की शरण में जाना उनकी मजबूरी रहा है। जिला अस्पताल में पिछले पंद्रह साल से किसी भी कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं की गई है। यही वजह है कि जिला अस्पताल में दिल की बीमारी का इलाज नहीं मिल पा रहा है।

अस्पताल प्रशासन लंबे समय से डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है। जिले के तमाम रोगियों को इलाज के लिए गैर जनपद या फिर निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। अस्पताल के हृदय रोग विभाग का हाल भी बदतर है। चिकित्सक न होने के कारण अस्पताल में आने वाले दिल के रोगियों को दूसरे जनपद में इलाज के लिए जाना पड़ता है। दिल के मरीजों का इलाज अस्पताल से रेफर ही एकमात्र विकल्प है। कभी-कभी मरीजों की जिद पर अन्य मर्जो के विशेषज्ञ उसे देखकर दवाइयां दे देते हैं, जो जानकारी के अभाव में घातक साबित हो सकती है।



> जिला अस्पताल में कार्डियोलॉजिस्ट समेत अन्य चिकित्सकों के पद रिक्त है, उनके लिए हर माह शासन को लिखकर भेज रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही कार्डियोलॉजिस्ट समेत चिकित्सकों की तैनाती होगी। –डॉ .बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

**तैयारियां** 29 अप्रैल को हरदोई में होने वाली रैली के लिए आज से रवाना होगी 40 बसें

# बसों में सफर करने वाले यात्रियों को भीषण गर्मी में झेलनी पड़ेगी परेशानियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 29 अप्रैल को हरदोई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम है। जिसको लेकर तैयारियां तेजी के साथ चल रही है। आसपास के जिलों से बसों को भी मांगा गया है। अधिकारियों को पत्र मिलने के बाद तैयारियां शुरु कर दी है। रामपुर रोडवेज से 40 बसे सोमवार से रवाना होगी। ताकि समय से हरदोई पहुंच सके।

अप्रैल माह में गर्मी का सितम लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में लोग सुबह दस बजे से ही घरों में कैद हो जाते हैं एमरजेंसी काम वाले लोग सफर कर रहे हैं। अब इस भीषण गर्मी में यात्रियों को और परेशानी झेलनी पड़ेगी। बता दे कि रामपुर डिपो के पास मौजूदा समय में 96 बसें हैं। जोकि लोकल रूटों से लेकर दिल्ली और लखनऊ तक दौड़ती है ताकि यात्रियों को काफी समय तक बसों का इंतजार नहीं करना पड़े,लेकिन 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरदोई में दौड़ा है। जिसको लेकर वहां के अधिकारियों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है।

आस पास जिलों से बसें भी मांगी गई है। ताकि लोग बसों से सफर करके आसानी से वहां तक पहुंच सके। रामपुर डिपो से 40 बसें मांगी गई है ऐसी भीषण गर्मी में बसे कम हो जाने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। एआरएम राम प्रकाश ने बताया कि 40 बसें हरदोई के लिए आज से रवाना होगी।




थाने के सामने खड़ी रोडवेज बस। –जागरण मोर्चा

### बसों में लगातार चल रही भीड़

बसों में अचानक से यात्रियों की संख्या बढ़ती जा रही है। रोजाना बहुत से यात्री बसों में खड़े होकर सफर कर रहे हैं। कई दिनों से बसों में अधिक सवारियां देखने को मिल रही है। मुरादाबाद से आने वाली सारी बसें भरकर आ रही है। इतना ही नहीं यात्री मजबूरी में बसों में खड़े होकर सफर कर रहे हैं।चालक और परिचालक से जब इस बारें में पूछा गया,तो उन्होने बताया कि होमगार्ड परीक्षा को लेकर भारी संख्या में युवक और युवतियां सफर कर रहे हैं। जिस कारण से बसों में भीड़ चल रही है। बसों में यात्रियों को खड़े नहीं होने दिया जाता है। सीटों पर बैठाया जाता है।

# कड़ी सुरक्षा में 4326 परीक्षार्थियों ने दी होमगार्ड परीक्षा

## जिले में 11 केंद्रों पर हुई परीक्षा, पहली पाली में 621, दूसरी पाली में 621 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे

- जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने केंद्रों का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दूसरे दिन होमगार्ड की परीक्षा से 1242 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली में 621, दूसरी पाली में 621 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहली पाली 10 से 12, दूसरी पाली में 3 से 5 बजे तक आरंभ रही। पहली पाली में 2784 के सापेक्ष 2163 ने परीक्षा दी।, जबकि दूसरी पाली में 2784 के सापेक्ष 2163 ने परीक्षा दी। जनपद में आयोजित उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी समेत अन्य अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। मालूम हो कि परीक्षा तीन दिन तक आयोजित रहेगी। यानि सोमवार को भी परीक्षा होगी। परीक्षा राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज ककरौआ, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज सेंटर पर हुई।


सेंटर पर रोल नंबर देखते परीक्षार्थी। -जागरण मोर्चा


होमगार्ड की परीक्षा देने जाते परीक्षार्थी। -जागरण मोर्चा

### परीक्षा में 5486 परीक्षार्थी है पंजीकृत

होमगार्ड की परीक्षा में 5486 परीक्षार्थी पंजीकृत है। परीक्षा से एक रात पहले ही परीक्षार्थियों का आना-जाना शुरू हो गया था। शनिवार को सुबह से परीक्षार्थी ट्रेनों और बसों में सवार होकर पहुंचे। इसमें रोडवेज डिपो में यात्री काफी कम ही रहे। लेकिन इनको भी बाहरी बसों का काफी इंतजार करना पड़ा। लोग घंटो यहां से इंतजार करते दिखाई दिए। डिपो से बरेली, मुरादाबाद की तरफ अधिक लोगों को आना-जाना रहा। जबकि अन्य दूर दराज वाले इलाकों में लोगो ने ट्रेनों का सहारा लिया। रेलवे स्टेशन पर सुबह से भीड़ हो गई। काफी लोग ट्रेनों का इंतजार करते दिखाई दिए। लोग सीट पाने के लिए होड में ट्रेनों पर चढ़ते दिखाई दिए।

### केंद्रों के बाहर बैठे रहे परीक्षार्थी

परीक्षा राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज ककरौआ, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज सेंटरों पर परीक्षा परीक्षार्थी बैठे रहे।

### मोबाइल पर बात करते ई रिक्शा चलाना पड़ा भारी, गड्ढे में गिरा ई-रिक्शा, एक वृद्ध घायल

**सैफनी।** रविवार शाम नगर में एक ई-रिक्शा चालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।संभल जिले के थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा निवासी दीपेन्द्र अपने पिता दौलत सिंह के साथ ग्राम मझरा में एक रिश्तेदारी में शोक सभा में शामिल होने आए थे। लौटते समय दोनों सैफनी में बस स्टैंड की ओर जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुए। आरोप है कि चालक ई-रिक्शा को तेज गति से और मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने लापरवाही जारी रखी। जैसे ही रिक्शा नगर में बैरुआ मार्ग पर गौशाला के पास पहुंचा। तभी चालक की लापरवाही से रिक्शा गड्ढे में जा गिरा, जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में दीपेन्द्र के पिता रिक्शा के नीचे दब गए, जिससे उनके पैर की हड्डी टूट गई और सिर में गंभीर चोटें आईं। उन्हें पहले सैफनी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने मुरादाबाद के हड्डी विशेषज्ञ के पास रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है।

### एक नजर



#### आपत्तिजनक पोस्ट डालने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट (वीडियो) डालने के सम्बन्ध में ट्वीटर के माध्यम से सोशल मीडिया सैल को सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना शहजादनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोपी विपिन कुमार पुत्र दरयार सिंह निवासी ग्राम निपनिया का मझरा थाना शहजादनगर को गिरफ्तार करकेविधिक कार्रवाई की।

### होनहार छात्रों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित


टॉप टेन में जगह बनाने वाले छात्रों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर जिले में टॉप टेन में जगह बनाने वाले दो होनहारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्षेत्र के दो प्रतिभाशाली छात्रों अंजनी मैथिल और अंकित ने यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में क्रमशः पांचवां और छठवां स्थान प्राप्त किया है। दोनों होनहार बच्चों को बेस्ट माइंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार एवं प्रबंधक सचिव सुमित कुमार ने प्रशस्ति पत्र, डायरी और पेन भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मौलाना जौहर अकादमी के प्रबंधक मुस्तफा हुसैन और ज्ञान ज्योति मोंटेसरी स्कूल के प्रबंधक राजीव कुमार भटनागर भी उपस्थित रहे।

### सीएचसी पर बनेंगे कोल्ड रूम

**रामपुर।** गर्मी का प्रकोप बढ़ते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि हीट स्ट्रोक की चपेट में आने वाले मरीजों को अस्पताल में बने कोल्ड रूम में बनाए जाए। जहां पर गर्मी के बजाए शीतलता का एहसास हो।

कोल्ड रूम में रोगियों को जरूरी दवाएं दी जाएंगी। साथ ही वार्ड में रखे फ्रिज में आइस पैक भी रिजर्व किए गए हैं। यह पैक शरीर को ठंडा रखेंगे।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि डिहाईड्रेशन की समस्या होने पर ओआरएस का इस्तेमाल करें। हल्के रंग के, ढीले, सूती कपड़े पहनें।

अधिक गर्मी की चपेट में आने वाले बुजुर्गों, बच्चों, बीमार या अधिक वजन वाले लोगों का विशेष ध्यान रखें।

## होमगार्ड की परीक्षा देकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

- रोडवेज कर्मियों ने नगर में बस ले जाने से किया इंकार बाईपास पर उतरते वक्त हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय


मृतक का फाइल फोटो।

**मिलक।** रामपुर होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर बिजनौर से लौट रहे मिलक क्षेत्र के बरा गजेजा 28 वर्षीय युवक की शनिवार रात 11 सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना मिलक क्षेत्र के गांव वरा गजेजा निवासी अनिष पाण्डेय पुत्र मदन किशोर पांडे के रूप में हुई है। मृतक अनीश पांडे शनिवार को बिजनौर जनपद के विद्यालय मेंआयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल होने गए थे। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह रात में रोडवेज बस से अपने घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे जब बस मिलक बाईपास पर पहुंची तो यात्रियों ने बस को नगर के अंदर तक ले चलने का अनुरोध किया।

परिजनों का आरोप है कि रोडवेज कर्मचारियों ने बस नगर में ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद अनिष पांडेय ने क्योरार बाईपास पर उतरने के लिए कहा। रोडवेज से उतरते समय अनिष पांडे रोडवेज की चपेट में आने से सिर में गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर ले गए। डॉक्टरों ने भी मृत घोषित कर दिया। यह सूचना सुन परिजन रोने चिल्लाने लगे सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि रोडवेज बस नगर के अंदर तक जाती तो यह हादसा नहीं होता।

रात में बाईपास पर सवारी उतारना गलत है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि अभी मृतक के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल में पीएम करवाई की जा रही है।

## चार युवकों ने तमंचों-लाठियों से लैस होकर घर पर की चढ़ाई

- अपहरण की कोशिश, एक आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


पीड़ित के घर पर मौजूद कोतवाली पुलिस। -जागरण मोर्चा


मोके पर मौजूद लोगो की भीड़। -जागरण मोर्चा


पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया आरोपी व घटना में शमिल खड़ी स्विफ्ट कार।

**टांडा।** नगर के मोहल्ला काजीपुरा में शनिवार रात लगभग 8:40 बजे एक व्यक्ति के अपहरण के प्रयास एवं मारपीट का मामला सामने आया है।पीड़ित के अनुसार स्विफ्ट कार में सवार चार युवकों ने लाठी-डंडों और तमंचों से लैस होकर उसके घर पर हमला बोल दिया। उन्होंने बताया कि वे अपहरण करने और फिरौती मांगने की प्लानिंग के साथ आए थे।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।नगर में चर्चा है कि उक्त मामला सोने के लेनदेन से जुड़ा है।पुलिस गहनता से प्रकरण की जांच कर रही है।

मोहल्ला काजीपुरा निवासी मुहम्मद युनुस पुत्र मुहम्मद अय्यूब ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी मुहम्मद जेद पुत्र मुहम्मद मरगूब और मुहम्मद मरगूब पुत्र वली अजीज निवासी मोहल्ला सेंटाखेड़ा टांडा अपने चार अज्ञात साथियों के साथ आए। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए घर पर चढ़ाई कर दी। युनुस को अकेला पाकर उसे जबरन कार में ठूंसने की कोशिश की गई। किसी तरह स्थानीय नागरिकों के हस्तक्षेप से युनुस बच पाया। हमलावरों ने जाते समय जान से मारने की धमकियां दीं और फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि अंदेशा है कि आरोपी पहले से हत्या और अपहरण-फिरौती की साजिश रच चुके थे।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक आरोपी वसीम पुत्र इस्तेखार निवासी मोहल्ला ईदगाह कालोनी थाना लिसाडीगेट जनपद मेरठ को रविवार दोपहर खजुआ खेड़ा रोड पर गैस एजेंसी के बराबर से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं पर तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आरोपी युवकों की पहचान हो चुकी है और उनकी तलाश जारी है।नगर में फैली चर्चा के अनुसार विवाद सोने के लेनदेन से जुड़ा बताया जा रहा है।पुलिस तहरीर में अंकित तथ्यों के साथ अन्य सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना स्वार पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी फुरकान पुत्र गफ्फार निवासी नरपत नगर निकट वाल्मीकि मोहल्ला थाना स्वार को शेखपुरा नरपत नगर जाने वाले तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस को आरोपी के पास तमंचा 315 बोर, 1 जिन्दा कारतूस मिला।उसके बाद पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।



### शाहबाद में यात्री शेड के आगे अतिक्रमण से यात्री परेशान


आंवला रोड स्थित मोड पर यात्री सेड के सामने लगे ठेले। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शहर के मुख्य चौराहे पर यात्री शेड के सामने फल विक्रेताओं ने ठेले लगाकर अतिक्रमण कर रखा है। इससे रामपुर-आंवला मार्ग पर मोड़ पर वाहनों की आवाजाही में बहुत दिक्कत होती है, और हादसों का खतरा भी बढ़ जाता है साथ ही साथ यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि पुलिस के द्वारा नगर में सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार चेतावनी दी जा रही है। लेकिन अतिक्रमणकारियों पर इन चेतावनियों का कोई असर नहीं दिख रहा है। अतिक्रमण नगर के सबसे व्यस्त रहने वाले रामपुर-आंवला मुख्य चौराहे पर है। फल विक्रेताओं के ठेलों के कारण रामपुर से आंवला की ओर मुड़ने वाले वाहनों को काफी दिक्कत होती है। जब यात्री इन विक्रेताओं से ठेले हटाने का अनुरोध करते हैं, तो वे उनसे झगड़े पर उतर आते हैं।

जनगणना | 7 मई से शुरू स्व-गणना 20 जून तक घर-घर सर्वे का महा अभियान

## जनपद में मकान सूचीकरण एवं घर-घर सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

- हर नागरिक की भागीदारी से बनेगा विकास का रोड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रमुख जिला गणना अधिकारी,जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जनगणना-2027 के अंतर्गत जनपद में मकान सूचीकरण एवं घर-घर सर्वेक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित किया जाएगा। यह कार्य पूर्णतः पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से कराया जाएगा, जिसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।



जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। 7 से 21 मई 2026 तक नागरिक निर्धारित पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना कर सकते हैं। 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक द्वारा 33 बिन्दुओं पर प्रत्येक घर पर जाकर मकानों एवं परिवारों का विवरण एकत्र करेंगे। जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत मकान से संबंधित विवरण, परिवार की संरचना एवं सदस्यों की जानकारी, पेयजल, शौचालय, बिजली, ईंधन जैसी मूलभूत सुविधाएं घरेलू उपकरणों एवं संसाधनों की उपलब्धता की जानकारी एकत्रित की जायेगी।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। सभी नागरिक सही एवं सटीक जानकारी दें तथा जनगणना देश की योजना निर्माण की आधारशिला है, इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### एचटी लाइन ब्रेकडाउन, 32 गांवों की बिजली 6 घंटे गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन होने से मसवासी नगर समेत आसपास के 32 गांवों की बिजली आपूर्ति करीब 6 घंटे तक बाधित रही। अचानक आपूर्ति ठप होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बताया जाता है कि रविवार को 33 हजार केबी लाइन में टांडा दढ़ीयाल के बीच तेज हवा के चलते पेड़ों की टहनियां एचटी लाइन से टकरा गईं। इससे लाइन में फाल्ट आ गया।बिजली आपूर्ति ठप हो गई।इस दौरान मसवासी नगर के अलावा भूबरा, चाउपुरा, बिजारखाता,मानपुर उत्तरी,सीतारामपुर, खानपुर उत्तरी, रहमतगंज, पट्टी कला, करीमपुर, घोसीपुरा, कुंदनपुर, मुकुंदपुर, हसनपुर उत्तरी, मंसूरपुर, सेमरा लाडपुर, धर्मपुर उत्तरी, किशनपुर, मौलागढ़, शिकारपुर, शिवनगर, बब्बरपुरी, लोहार, इनायत गंज, गागन नगली, खोद शरीफ, मजरा हसन समेत कुल 32 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।शाम करीब 6:30 बजे तक भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

अवर अभियंता श्याम सिंह ने बताया कि फाल्ट को तलाशने के लिए लाइनमैन को हाई टेंशन लाइन पर पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही खराबी दूर कर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

# आरडीए की मिलीभगत से शहर में बन रहे आलीशान मकान, मार्केट

## नोटिस के नाम पर विभागीय अधिकारी निभा रहे सिर्फ औपचारिकता



ज्वालानगर के साईं विहार में बनाई गई मार्केट। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर में धड़ल्ले से बिना मानचित्र के मकान, मार्केट बनाई जा रही हैं। ऐसे में विभागीय अधिकारी साइट पर जाकर वीडियो और फोटो लेकर नोटिस देकर सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। विभागीय अधिकारी कुछ ऐसे भी है जो नक्शा नहीं पास कराकर, बल्कि सांठगांठ कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल रहे हैं।

शहर के मोरी गेट, तोपखाना गेट, डूंगरपुर, बिलासपुर गेट, बरेली गेट, चीनी मिल, सिविल लाइंस, ज्वालानगर, सांई विहार अजीतपुर समेत कई क्षेत्रों में बिना मानचित्र के आलीशान मकान बन रहे हैं। नियमानुसार मकान, दुकान बनाए जाने से पहले आरडीए से नक्शा, सहमति लेनी पड़ती है। जानकारी में आया है कि विभाग के नियमों को दरकिनार कर अधिकारी सांठगांठ के मकान बनाए जा रहे हैं। ज्वालानगर के सांई विहार में बाबर खां के बाग के सामने 400 गज में काम्पलैक्स बनाया जा रहा है। नीचे सात दुकानें और पीछे एक बड़ा हाल बनाया गया है। निर्माण होने की भनक मिलने पर विभागीय अधिकारी शुक्रवार को सांई विहार पहुंचे। जहां उन्होंने दुकान, मकान की वीडियो बनाई। इसको लेकर विभागीय अधिकारी नोटिस देने का दावा कर रहे हैं। हालांकि इससे पहले भी ऐसे कई मामले में सामने आ चुके हैं। पूर्व में भी एक विभागीय अधिकारी का रिश्वत लेते हुए वीडियो वायरल हो चुका है। जिसमें तत्कालीन डीएम ने तीन सदस्य टीम गठित करके जांच कराई थी। उसके बाद कार्रवाई की थी।

> बिना नक्शे के बनाए जा रहे मकान और इमारतों के खिलाफ अभियान जारी है। लगातार विभाग की ओर से कार्रवाई हो रही है। जोकि आगे भी जारी रहेगी। –**अजय कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी**

### ज्वालानगर में धड़ल्ले से बन रहे बेसमेंट

ज्वालानगर की स्थिति तो यह है कि यहां पर धड़ल्ले से बेसमेंट, मार्केट और हॉल का निर्माण हो रहा है। सिंगल से तीन मंजिल तक इमारतें बन रही हैं। गली-मोहल्लों में चोरी छिपे मकान और दुकान बन रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण विभाग को राजस्व नहीं मिल रहा है।

### प्लाटिंग से मुनाफा कमा रहे डीलर

शहर में प्रापर्टी डीलर काश्तकारी खेती बाड़ी, बागों को रात ही रात में काट रहे हैं। प्लाटिंग करके बीच का रास्ता निकालकर 100-150, 175, 200 गज की जमीन को बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। जबकि विभाग का नियम है कि प्लाटिंग करने से पहले सहमति लेनी पड़ती है। डूंगरपुर, नवीन मंडी समिति, रामपुर-स्वार रोड, आश्रम पद्धति रोड, उर्दू गेट, ताश्का, भमरौआ रोड, पहाड़ी गांव, समेत अन्य क्षेत्रों में डीलर धड़ल्ले से प्लाटिंग कर रहे हैं।

## दिव्यांग उठाएं शादी विवाह प्रोत्साहन योजना का लाभ

**रामपुर।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत पात्र दिव्यांग दम्पत्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री प्रतिभा पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025-26, 2026-27 में विवाह करने वाले दिव्यांगजन इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत केवल पति दिव्यांग होने पर 15,000, केवल पत्नी दिव्यांग होने पर 20,000, पति-पत्नी दोनों दिव्यांग होने पर 35,000 की एकमुश्त राशि संयुक्त बैंक खाते में दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि विवाह पंजीकरण प्रमाण-पत्र, निकाहनामा, ग्राम प्रधान प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र न्यूनतम 40 प्रतिशत, संयुक्त बैंक खाता पासबुक, निवास प्रमाण-पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, दोनों के आधार कार्ड की प्रतिलिपि अनिवार्य है।

## फैक्ट्रियों- कोठियों में की जाए बिजली की छापेमारी



कांशीराम कॉलोनी में प्रदर्शन करते लोग। –जागरण मोर्चा

- कांशीराम, चपटा कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि बिजली निगम की विजिलेंस चेकिंग के नाम पर कांशीराम कॉलोनी, चपटा कॉलोनी में लोगों को उत्पीड़न किया जा रहा है। कहा कि एक्सईएन, एसडीओ और जेई सीयूजी नंबर नहीं उठा रहे हैं। पहाड़ी गेट स्थित कांशीराम कॉलोनी में लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि विजिलेंस के नाम पर पहाड़ी गेट के जेई ने चेकिंग अभियान चलाया। बिजली चेकिंग के नाम पर गरीबों के मकान से जबरन पुराने मीटर और तार उतारे गए। उनके बिल 5000 रुपये के बिल भेजकर बिजली विभाग मनमानी कर रहा है। रातों को संविदा कर्मचारी किसी भी घर में घुस जाते हैं।

चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न और महिलाओ से छेड़छाड़ करते हैं।प्रदर्शन करने वालों में जबर सिंह सागर, अमित सागर, छोटा भीमा, सोनू सक्सैना, अनिल कुमार, नन्हें, बबीता, बब्लू, अर्जुन, गुलजार, रिजवान, गुडडू, सुमन, राजकुमारी छाया आदि मौजूद रहे।

## शाहबाद में हुए अलग अलग सड़क हादसों में तीन घायल, दो रेफर

**शाहबाद।** रविवार देर शाम शाहबाद क्षेत्र में हुए अलग अलग दो सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी पर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद थाना क्षेत्र के टांडा निवासी प्रेम शंकर अपनी पत्नी मीना के साथ थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। शाहबाद-बिलारी मार्ग पर राणा शुगर मिल के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस टक्कर से दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरा हादसे में सेफनी निवासी हसीना गंभीर रूप से घायल हो गई। हसीना अपने भांजे के साथ बाइक पर सवार होकर अपने मायके शाहबाद के मोहल्ला हकीमान में बहन की शादी में शामिल होने आ रही थीं। रास्ते में उनकी बाइक को भी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे हसीना गंभीर रूप से घायल हो गईं।सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। प्राथमिक उपचार के बाद हसीना और प्रेम शंकर की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## फतेहगंज पश्चिमी में श्री चित्रगुप्त जयंती पर हुआ समारोह

- मिलक के डॉ. मुकेश सक्सेना राज्यमंत्री अरुण सक्सेना के हाथों सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** जनपद बरेली की तहसील पश्चिमी फतेहगंज स्थित श्री चित्रगुप्त भगवान मंदिर परिसर में रविवार को श्री चित्रगुप्त जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कायस्थ समाज के हित में किए गए जनहितकारी कार्यों के लिए मिलक निवासी डॉ. मुकेश सक्सेना को उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया।




मिलक के डॉ. मुकेश सक्सेना को सम्मानित करते राज्यमंत्री अरुण सक्सेना।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बरेली के सांसद छत्रपाल गंगवार मौजूद रहे। वहीं श्री चित्रगुप्त व्यासपीठ, वृंदावन धाम से पधारे जगद्गुरु आचार्य श्री चित्रगुप्त जी महाराज तथा धाम के संस्थापक डॉ. शिवकांत जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। जगद्गुरु ने आशीर्वचन में कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय के देवता हैं। उनके आदर्शों पर चलकर ही समाज में समरसता आ सकती है।राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने डॉ. मुकेश सक्सेना को सम्मानित करते हुए डॉ. मुकेश सक्सेना ने शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से काम किया है। गरीब बच्चों की फीस, रक्तदान शिविर और पर्यावरण जागरूकता में इनका योगदान प्रेरणादायक है। ऐसे लोगों से ही समाज को दिशा मिलती है।सम्मान पाकर डॉ. मुकेश सक्सेना भावुक हो गए। उन्होंने कहा यह सम्मान मेरा नहीं, पूरे कायस्थ समाज और मिलक की जनता का है। भगवान चित्रगुप्त की कृपा से आगे भी जनहित के काम करता रहूंगा।"

सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज हमेशा से देश की प्रशासनिक सेवा, शिक्षा और साहित्य में अग्रणी रहा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। उन्होंने श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए सांसद निधि से सहयोग का आश्वासन भी दिया।समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों एवं समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता को सुदृढ़ करना, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करना तथा जनहितकारी कार्यों को प्रोत्साहित करना रहा। इस दौरान भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आयोजन हुआ।मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हर साल चित्रगुप्त जयंती पर प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है, ताकि समाज में सकारात्मक काम करने वालों का हौसला बढ़े।

## मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपगे व्यापारी

**रामपुर।** सोमवार को 10.30 बजे मेडिकल कॉलेज की स्थापना को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल मुरादाबाद के लिए रवाना होगा।मुरादाबाद पहुंच कर मंडल आयुक्त मुरादाबाद से मुलाकात करेगा। व मेडिकल कॉलेज की स्थापना के संबंध में वार्ता की जाएगी। इससे पहले भी व्यापारी कई बार मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं लेकिन अलावा राष्टीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर अवगत करा चुके हैं लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## 29 अप्रैल को लीला लॉन में होगा शिक्षक संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन

- जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक और संघ पदाधिकारी होंगे शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 29 अप्रैल को होने वाले उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम में गर्मी को देखते हुए बदलाव किया है।अब लीला लॉन में कार्यक्रम होगा। जिसके बाद से संघ के पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है।



बता दें कि उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के त्रैवार्षिक अधिवेशन का कार्यक्रम 29 अप्रैल को बाकर स्कूल में तय किया गया था,लेकिन कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ ही है। जिसको देखते हुए निर्वाचन कार्यक्रम के आयोजन स्थल में बदलाव किया गया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अधिवेशन का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बाकर के मैदान में होना था। खुले मैदान में आयोजन की योजना बनाई गई थी, लेकिन गर्मी को देखते हुए इसमें बदलाव किया गया। अब 29 अप्रैल को कार्यक्रम का आयोजन लीला लॉन में होगा। यह स्थल डिस्टलरी के निकट, शिवा पुरम, बरेली रोड पर स्थित है। नया स्थान प्रतिभागियों के लिए अधिक सुविधाजनक और आरामदायक रहेगा।कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में शिक्षक और संघ पदाधिकारी शामिल होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने दी।

## गैंगरेप का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर।** केमरी पुलिस ने फरार चल रहे गैंगरेप के आरोपी को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी जेल चला गया। 15 अप्रैल को आरोपी अय्यान, रोशिव, युनुस निवासी थाना केमरी महिला के साथ घर में घुसकर गैंगरेप करना एवं अश्लील वीडियो बना लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सोने की अंगूठी, 20000 रुपये ले लेना।पुनः रूपयो की मांग करना, रुपये न देने पर वीडियो वायरल कर दिया था। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।थाना मिलक पुलिस द्वारा रविवार को मोहम्मद युनूस निवासी माजुल्लानगर को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया।

## 'चिकित्सीय सेवाओं में सहायक सिद्ध होगा आईडीए'

- डॉ. अनुराग बने अध्यक्ष, तो डॉ. नायला बनीं सचिव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) रामपुर शाखा का प्रथम इंस्टालेशन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. अनुराग सिंघल को अध्यक्ष तथा डॉ. नायला सिद्दीकी को सचिव मनोनीत किया गया। दोनों पदाधिकारियों के चयन पर उपस्थित चिकित्सकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास जताया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना, विशिष्ट अतिथि आईडीए के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आलोक त्रिपाठी, डॉ. संदीप शुक्ला, डा.



पदाधिकारियों के साथ मौजूद विधायक। –जागरण मोर्चा

सचिन प्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल भव्य रहा, बल्कि यह रामपुर में चिकित्सीय सेवाओं के विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इंडियन डेंटल एसोसिएशन की सक्रियता से आम जनता को बेहतर दंत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।स्वास्थ्य जागरूकता में भी वृद्धि होगी। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अनुराग सिंघल ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि आईडीए रामपुर शाखा को सशक्त बनाते हुए जिले में दंत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। वहीं, सचिव डॉ. नायला सिददीकी ने संगठन को संगठित और सक्रिय रखने के लिए सभी सदस्यों के सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में दंत चिकित्सा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।भविष्य की योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया गया।

अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में एम्स के प्रोफेसर डॉ. अमल सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ब्रजेश, डॉ. साकिब रजा,डॉ. संजय, डॉ. मोईन,डॉ. राजीव, डॉ. पुनीत,डॉ. टीएम खान, डॉ. दीपाली, डॉ. रजत, डॉ. वीवी शर्मा, डॉ. प्रदीप आदि उपस्थित रहे।

## आश्रम की शाखा स्थापना के लिए हुआ भूमि पूजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ग्राम हजरतपुर में श्री आनंदपुर धाम आश्रम की शाखा में स्थापित किए जाने के उद्देश्य से भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सरदार गुल्लू सेठ के फॉर्म पर आश्रम निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

आश्रम की नींव स्वामी जी एवं शिवम महात्मा जी के कर-कमलों द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धार्मिक वातावरण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवानी बहन, गुरमीत कौर, नरेंद्र कालरा, कृष्ण लाल खुराना, राजीव अग्रवाल, नरेंद्र भाटिया, राहुल, मनोज, पृथ्वी सिंह, रणवीर सिंह, हरीश आनंद



भूमि पूजन में हिस्सा लेते भक्त।

सहित सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।भूमि पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं एवं संगत को प्रेमपूर्वक लंगर वितरित किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरूकता एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ई-रिक्शा की टक्कर सात लोग घायल

**दढ़ियाल।** टांडा-बाजपुर मार्ग पर रविवार शाम करीब पांच बजे एक कार और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार 7 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्वार में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना कोसी पुल पार साहिबा सीएनजी पंप के सामने हुई। पीछे से आ रही एक कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।बताया कि मोहल्ला चक काशीपुर निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी कामनी के साथ दवा लेने दढ़ियाल गए थे और ई-रिक्शा से लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।घायलों में ई-रिक्शा चालक मोहम्मद शाहजेब मोहल्ला अगलगा निवासी, मोहम्मद आलिम हयातनगर थाना टांडा निवासी,मोबीन अलीनगर जागीर निवासी और उसकी बहन रेशमा शामिल हैं।

**कार्यक्रम** | युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ सिद्ध होगा

## पुरस्कार साधना रुपी पुष्प की सुगन्धि: डा.चन्द्रप्रकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** पुरस्कार साधना रूपी पुष्प की वह सुगंधि है जो चारों दिशाओं में फैल कर पहचान और मान -सम्मान प्रदान कराती है,साथ ही लोगों को प्रेरित करने, समाज में परिवर्तन करने तथा नव अंकुरों को साधना पथ पर आरुढ़ होने की प्रेरणा देती है।

ओनरऐज अवाड्र्स एसोसिएशन द्वारा दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित ऑनरेरी अवार्डस सेरेमनी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ .चंद्र प्रकाश शर्मा ने देश-विदेश के विविध क्षेत्रों में कार्यरत विभूतियों को डाक्टरेट व आनरऐज एक्सीलेंस अवार्ड 2026 प्रदान करते हुए




कार्यक्रम के दौरान मौजूद मिलक के डा .चन्द्रप्रकाश शर्मा। –जागरण मोर्चा

व्यक्त किए। कार्यक्रम का श्री गणेश मुख्य अतिथि डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा, विशिष्ट अतिथि वास्तु विशेषज्ञ भावेश सहाय, असिस्टेंट डिविजनल मैनेजर एलआईसी उमेश कुमार, कार्यक्रम आयोजक संदीप कुमार,निधि ने दीप प्रज्वलन करके किया।नृत्य की उच्चस्तरीय भाव-भंगिमाओं के साथ स्कूली बच्चों द्वारा गणेश-वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए डॉ .चंद्रप्रकाश शर्मा शर्मा ने कहा कि आनरऐज अवाड्र्स एसोसिएशन ने आपकी प्रतिभा, संघर्ष, समर्पण और त्याग को पहचाना,समझा और सम्मानित करने का निर्णय लिया। जिसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं।यह पुरस्कार आपको समाज में पहचान और सम्मान दिलाएगा तथा युवाओं के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ सिद्ध होगा जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन होंगे और आप समाज को बेहतर बनाने के लिए और अधिक ऊर्जा, उत्साह और लगन से ईमानदारी के साथ जी- जान से जुटेंगे।इस सेरेमनी में कनाडा, कर्नाटक, महाराष्ट्र,असम, मप्र, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली,उप्र आदि क्षेत्रों के 35 अवार्डीज को डाक्ट्रेट की मानद उपाधि व आनरऐज एक्सीलेंसी अवार्ड 2026 देकर सम्मानित किया।जिनमें शिक्षा के लिए लिली पुष्पलता बेक,संगप्पा एम्मी-वेलाड,व्यालिज दीपक सखाराम, राजेन्द्र प्रसाद ,इन्द्र जीत कौर, ज्योतिष में अनामिका अवल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग -विकास कुमार ओझा ,रुपेश कुमार , बैंकिंग -संजय जैन, मार्शल आर्टस-हेमल अरविंद शाह, धार्मिक,जान वेस्लीस, संख्याशास्त्र -हंसा दुलमोनी गोस्वामी, समाजसेवा -रितु बंसल,सुहास गोडसे,मिलिंद केशव जोशी,मुकुंदराव मनोहर शंखपाल आदि को प्रमाणपत्र, ट्राफी,मेडल देकर सम्मानित किया।आयोजक मण्डल के संदीप कुमार ,निधि जी,वसीम अकरम, सुमित कुमार, डॉ.गणेश नाथ का प्रयास व कार्य सराहनीय रहा।

# मोबिल ऑयल फैक्ट्री परिसर में रखे टायरों में लगी आग

## कुछ ही देर में आग ने धारण किया विकरांल रूप, चन्दौसी सहित आसपास क्षेत्र की 6 दमकल गाड़ियां पहुंची मौके पर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गुमथल रोड पर मोबिल ऑयल फैक्ट्री परिसर में रखे टायर व सूखे पत्तों में आग लग गई। आग की लपटों से उठने वाला धुआं आसपास क्षेत्र में आसमान में पहुंच गया। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की 6 गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर बनियाठेर व कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महाजन निवासी नितिन अग्रवाल व सचिन अग्रवाल की बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल मार्ग स्थित बाबा की मढ़ी के सामने मोबिल ऑयल की फैक्ट्री है। फैक्ट्री परिसर में सैकड़ों टायर व सूखे पत्ते पड़े हैं। रोजाना की शनिवार रात को दोनों भाई अपने घर आ रहे। रविवार की सुबह 4.30 बजे फैक्ट्री परिसर में पड़े सूखे पत्तों में अचानक आग लग गई। जो धीरे-धीरे पास पड़े टायरों ने पकड़ ली। कुछ ही देर में टायर धू-धूकर चलने लगे और भयंकर रूप लेते हुए आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलनी लगी। तभी किसी राहगीरों ने फैक्ट्री में सो रहे चौकीदार को आग लगने की जानकारी दी। चौकी ने घटना से फैक्ट्री स्वामी व अग्निशमन को सूचना दी। सुबह 5.30 बजे फैक्ट्री मालिक दोनों भाई परिजनों के साथ व दमकल की गाड़ी पहुंच गई। दमकल ने आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर अग्निशमन दल के एफएसओ केके ओझा भी मौके पर पहुंच गए। आग का विकरांल रूप देख आसपास क्षेत्र के अग्निशमन केंद्र को सूचना दे दी। इसके बाद संभल से दो, चन्दौसी से दो, बहजोई से एक व बिलारी से एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। जिसमें 22 दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का कार्य आरंभ कर दिया। करीब सुबह 6.45 बजे दमकल ने आग पर काबू पा लिया। मगर आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। फिलहाल फैक्ट्री परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज चेक की जा रही है।


फैक्ट्री में लगी आग को बुझाता दमकल कर्मी। –जागरण मोर्चा


फैक्ट्री परिसर में आग की सूचना पर मौके पहुंचे लोग। –जागरण मोर्चा

गुमथल रोड पर मोबिल ऑयल फैक्ट्री परिसर में लगी आग की सूचना मिलने पर तत्काल अग्निशमन की गाड़ियां पहुंच गई और आग बुझाने का कार्य आरंभ कर दिया था। आग विकरांल होने पर आसपास से 4 अन्य गाड़ियों मंगाई गई। आग बुझाने में 80 से 100 किलो फॉम कंपाउंड काम में आया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने पूरी तत्परता के साथ आग बुझाने का कार्य किया। इसलिए एक घंटे में विकरांल आग पर काबू पा लिया। –केके ओझा, एफएसओ, अग्निशमन विभाग

रविवार की सुबह फैक्ट्री परिसर में आग लगने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। अग्निशमन ने पूरी तत्परता के साथ पर काबू पाया। फैक्ट्री के 25 मीटर पीछे से किसी ने पेट्रोलियम पदार्थ डालकर आग लगाने का शक है। फैक्ट्री की सीसीटीवी कैमरों की फुटैज देखी जा रही है। अज्ञात व्यक्ति के नाम से थाना बनियाठेर में तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही है।
–नितिन अग्रवाल, फैक्ट्री मालिक

### गनीमत रही कि मोबिल आयल के गोदाम तक नहीं पहुंची आग

**चन्दौसी।** रविवार की सुबह बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल रोड पर बनी मोबिल ऑयल फैक्ट्री परिसर में पड़े टायर व सूखे पत्तों में आग लग गई। आग इतनी भयंकर की कुछ ही देर में आग ने परिसर में पड़े टायरों को चपेट में लिया और आग की लपटें धू-धू कर निकलने लगी। कुछ ही देर में आसमान में धुआ-धुआ हो गया। गनीमत यह रही कि फैक्ट्री परिसर में बने मोबिल आयल गोदाम तक आग की लपटें नहीं पहुंची। वरना बड़ा हादसा हो सकता है। अग्निशमन ने सावधानी व पूरी फूर्ति के साथ आग बुझाने का कार्य किया।

### आसमान काला धुआ देख मची अफरा-तफरी

**चन्दौसी।** रविवार की सुबह 5 .30 बजे आसमान काला धुआ देख शहर के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोग आपस में व एक-दूसरे मोबाइल पर काल कर जानकारी करने लगे। गुमथल रोड के आसपास क्षेत्र अशोक नगर, कृष्णा नगर, शक्ति नगर, विकास नगर, पंचशील कालोनी, बहजोई रोड आदि क्षेत्रों के लोग मौके पर मदद करने के उद्देश्य से पहुंचे। मगर मौके पर दमकल कर्मी पहले से ही आग बुझाते दिखाई दिए। सुबह 8 बजे शहर के ऊपर काला धुआं छाया रहा।

## एक नजर

### फोरन के अनंत अग्रवाल चुने गए जिलाध्यक्ष

**चन्दौसी/संभल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नए जिलाध्यक्ष व्यापारी व समाजसेवी अनंत अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि संगठन के वरिष्ठ सदस्य शोभित गुप्ता ने उनकी दावेदारी का प्रस्ताव रखा। जिसे प्रदेश अध्यक्ष डा. अनिल कुमार जैन ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद फहीम, प्रदेश उपाध्यक्ष कमर नकवी व प्रदेश संयोजक मनोज टंडन भी मौजूद रहे। सभी की सहमति पर अनंत अग्रवाल को मनोनयन पत्र सौंकर जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह जल्द ही जिला व नगर कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे। सभी व्यापारियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी व्यापारी को समस्या होने पर संगठन का हर पदाधिकारी उनके साथ खड़ा मिलेगा। इस अवसर पर फहद कैसर, हाजी बब्बू, नबील अहमद, समीर खान, अजीम, नवनीत कुमार गुप्ता, हरस्वरूप माथुर, मुत्तलिब पाशा, राहिल भारतीय आदि मौजूद रहे।



### दहेज में 10 लाख रुपये नहीं देने पर बारात लाने से किया इंकार

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर में पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मोहम्मद शकील निवासी गांव बनियाखेड़ा ने तहरीर में कहा है कि उसने अपनी पुत्री शादी कुंदरकी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से तय की थी। उसने मंगनी आदि की रस्म में लगभग 10 लाख रुपये खर्च किए थे। जिसमें ढाई लाख रुपये नकद, लकड़े व उसके परिवार को सोने-चांदी के जेवर सहित अन्य सामान दिया था। शादी 26 अप्रैल की तय हुई थी। मगर अब वर पक्ष के लोग 10 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। मांग पूरी नहीं होने पर बारात लाने से इंकार कर दिया है। सूचना पर लकड़ी के पिता ने पंचायत के माध्यम से लकड़े के पिता को समझाने का प्रयास किया। मगर वह लोग कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।

# मंडलायुक्त ने ली दीक्षांत परेड की सलामी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टीट्यूट बहजोई में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण उपरांत रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रिक्रूट आरक्षियों ने कठिन प्रशिक्षण के उपरांत शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त परेड की सलामी ली।

रविवार की सुबह 8 बजे ईश्वर दास टेक्निकल इंस्टीट्यूट बहजोई में दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने टोलियों का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त आरक्षियों को अनुशासन के विषय में जानकारी दी। रिक्रूट आरक्षियों द्वारा प्रशिक्षण में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को मंडलायुक्त व जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ रिक्रूट आरक्षियों के परिजन भी मौजूद रहे।


रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित करते मंडलायुक्त व डीएम। –जागरण मोर्चा

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को किया गया सम्मानित**

# प्रशासन ने हटवाना शुरू किया अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी/संभल।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग की संभल में संरक्षित भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया। रविवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर दो मकानों को ध्वस्त करा दिया। जबकि दो अन्य ग्रामीणों ने अपने मकान खुद तोड़ना आरंभ कर दिए।

संरक्षित भूमि पर 30 से 32 मकानों बनाकर अवैध कब्जा किया गया। डीएम व एसपी ने निर्देश के बाद मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। दो दिन पहले जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमारी विश्नोई ने 29 लाख रुपये से कायाकल्प हुए कारवां सराय गेट का निरीक्षण किया था। जिसमें दोनों अधिकारियों ने संरक्षित भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे। यह भूमि 3600 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले किले का हिस्सा है। जिसका संरक्षण एएसआई करता है। रविवार को प्रशासन के निर्देश के बाद थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव सौंदन मोहम्मदपुर में कानूनगो शिव दयाल सिंह, हल्का लेखपाल नीरज कुमार व पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन का रवैया देखते हुए एक ग्रामीण ने अपना मकान स्वयं तोड़ना शुरू कर दिया। जबकि दूसरे किसान ने प्रशासन ने 8 दिन का समय मांगा। इसके बाद राजस्व प्रशासन की टीम ने शिवराम व केहर सिंह के मकानों को ध्वस्त करा दिया। नेम सिंह व जुगेंद्र ने अपने हाथों से कब्जा हटाना शुरू कर दिया।

ध्वस्तीकरण के बाद ग्रामीणों ने अपने मकानों की ईंटें सुरक्षित करना शुरू कर दिया। लेखपाल नीरज कुमार ने बताया कि एएसआई की साढ़े पांच बीघा भूमि पर किले का निर्माण है, जिसमें से ढाई से तीन बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर 30 से 32 मकान बना रखे हैं। अन्य अवैध कब्जाधारियों को भी जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। जिन लोगों के पास कोई जगह नहीं है, उनके लिए ग्राम समाज की भूमि पर गांव में ही 200 गज भूमि का आवंटन किया जाएगा।



# लिंटर की तराई करते समय किसान की करंट लगने से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी/धनारी।** धनारी क्षेत्र के गांव धनारी पट्टी लाल सिंह में शनिवार की शाम मकान के लिंटर की तराई करते समय करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी व पांच बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है।



गांव धनारी पट्टी लाल सिंह निवासी किसान हरि सिंह ने तीन पहले दिन मकान का लिंटर डलवाया था। शनिवार की शाम 6 बजे वह लिंटर की तराई कर रहा था। तभी मकान के पास से गुजर रहे विद्युत लाइन के करंट की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने के बाद वह डेढ़ घंटे तक छत पर पानी में अचेत अवस्था में पड़ा रहा। काफी देर तक नीचे नहीं आने पर किसान की पत्नी उन्हें देखने छत पर पहुंची। पति को अचेत हालत पड़े देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। परिवार को मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में किसान को उपचार के लिए बहजोई के निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही किसान को मौत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन किसान का शव घर से आए। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना से किसान की पत्नी व पांच बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल बना है।

# 13 मई को सजेगा श्री साई दरबार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रविवार को पथरा तिराहा स्थित श्री साईं मंदिर परिसर में 'श्री शिर्डी साईं परिवार' की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले मंदिर के वार्षिक उत्सव की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कार्यक्रम को भव्य और यादगार बनाने हेतु विभिन्न सुझाव साझा किए।

सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार, वार्षिकोत्सव के दिन सुबह 7 बजे बाबा का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत साईं बाबा की प्रतिमा का फूलों व आकर्षक सामग्री से भव्य श्रृंगार होगा। धार्मिक अनुष्ठानों की कड़ी में महाआरती और विशेष हवन-पूजन संपन्न कराया जाएगा। दोपहर 12 बजे पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की संभावना है। बैठक में प्रेम प्रकाश ग्रोवर, अशोक कुमार शर्मा, बलराम शर्मा, प्रदीप गर्ग, विवेक अग्रवाल, संजय गोयल, सतीश जिंदल, सचिन सिंधी, अर्पित जिंदल, अनिल गुप्ता, विजय पाराशरी, भूपेंद्र गुप्ता, मंदिर के आचार्य हर्षवर्धन शर्मा, मुनीश व अवनीश जिंदल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। सभी ने भक्तों से इस उत्सव में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील की है।


श्री साईं मंदिर में बैठक करते साईं परिवार के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

**वार्षिकोत्सव पर मंदिर में होंगे कई धार्मिक कार्यक्रम**

## पुलिस ने चोरों के पास चार स्टार्टर बरामद किए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** हयातनगरगढ़ी थाना पुलिस ने नलकूप से स्टार्टर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक मोहम्मद फरहान, महा सिंह, सोनू और शाने आलम मुकर्बपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने शनिवार को गश्त के दौरान इन्हें संदिग्ध अवस्था में हिरासत में लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने 21 अप्रैल की रात हसन अली के खेत पर बने नलकूप का ताला तोड़कर चार स्टार्टर चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।


मूट कोर्ट में विजेता छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। –जागरण मोर्चा

# विधि छात्रों ने सीखा कोर्ट ट्रायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज मझावली में तीसरा मूट कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें बीएनएस की धारा 80 दहेज हत्या के ऊपर छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना पक्ष रखा। मूट कोर्ट का शुभारंभ पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह, टेकचंद्र यादव, शकील वारसी, लोकेंद्र शर्मा, नीरज तिवारी व महाविद्यालय के सचिव सुधांशु रुस्तगी ने किया। पैनल अधिवक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को वाद को न्यायालय के अपनी बात रखने का तरीका बताया। मूट कोर्ट में शताक्षी शर्मा ने प्रथम, ईशा कुशवाह ने द्वितीय, माधव कुमार ने तृतीय, शुभरा सिंह ने बेस्ट मूटर एवं ऑल राउंडर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार बिंद्रा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुज शर्मा, डा. सर्वेश कुमार, केडी शर्मा, मुकुल चित्रांश, शोभित चौधरी, विमलेश मिश्रा, अविरल गुप्ता, प्रियांशु रुस्तगी, विनीत शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दीवान शुगर मिल में गन्ना सर्वे प्रशिक्षण का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** शुगर मिल व सहकारी समिति की संयुक्त टीम क्षेत्र में गन्ना सर्वे करेगी जिसका शनिवार को अगवानपुर मिल में प्रशिक्षण दिया गया।

दीवान शुगर मिल के पैराई सत्र 2026 -27 के लिए गन्ना सर्वे प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार दिनांक 25 अप्रैल 2026 को किया गया जिसमें जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि मिल व सहकारी समिति के सदस्य गन्ना सर्वे का संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। जिस गांव में टीम का जाना होगा तो वह वहां पर तीन दिन पूर्व पंजीकृत मोबाइल के माध्यम से अवगत कराएंगे। उन्होंने बताया कि इस सत्र में केवल पौधे का सर्वे किया जाएगा। यह कार्य क्रम 1 मई से 30 जून 2026 तक होगा जिस पौधे का पैड़ी में परिवर्तन हुआ है, उसका केवल भौतिक सत्यापन किया जाएगा। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक शिराज मलिक ने बताया कि सर्वे के विवरण में गन्ने की किस्म, आदर्श प्लांट, ट्रेंच विधि ,गन्ना बुवाई स्पेस, प्लाटिंग आदि का विवरण दर्ज होना चाहिए। सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ने बताया कि नए सदस्य बनने बनने के लिए अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। नए सदस्य बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र देना होगा। उपज में बढ़ोतरी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिवान शुगर मिल, त्रिवेणी शुगर मिल के फील्ड स्टाफ राजकीय गन्ना पर्यवेक्षक, दीवान मिल के जी एम राजपाल सिंह, निर्मल पंत, रानी नांगल के प्रदीप कुमार ,राजकुमार आदि उपस्थित रहे।


प्रशिक्षण में उपस्थित जिला गन्ना अधिकारी व अन्य। –जागरण मोर्चा

## शादीशुदा युवक के साथ फरार हुई युवती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांठ।** मुरादाबाद के थाना छजलैट क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां शादी की तैयारियां मातम जैसी खामोशी में बदल गईं। एक 22 वर्षीय युवती अपने निकाह से महज कुछ दिन पहले प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती की शादी आगामी 10 मई को होनी थी और 6 अप्रैल को लगन की रस्म भी पूरी हो चुकी थी। घर में गहनों, कपड़ों और नकदी के साथ विवाह का उल्लास था। बीती 24 अप्रैल को युवती अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन की तो पता चला कि वह अमरोहा जनपद के गजरौला निवासी सुमित के साथ गई है, जो कि पहले से शादीशुदा है। पिता का आरोप है कि युवती घर में रखे कीमती जेवर भी ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की बरामदगी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# बंद घर से 5 लाख का माल साफ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के देवरखेड़ा में बंद मकान से चोर पांच लाख रुपये की नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। चोरी की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पीड़ित परिवार से जानकारी की। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव देवरखेड़ा में बबलू पुत्र मूलचंद्र गाड़ी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। शनिवार की रात गांव में ही बबलू के भाई हरिओम की पुत्री की शादी समारोह था। जिसमें बबलू का पूरा परिवार मकान पर ताला लगाकर चला गया। रात दो बजे परिवार के लोग घर आए दूसरे कपड़े पहनकर फेरे की रस्म में चले गए। इसके बाद रविवार की सुबह 4 बजे परिवार के लोग मकान पर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा थे। कमरो में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। बबलू ने बताया कि चोर उसके घर से 17 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी पाजेब, दो तगड़ी, दो सोने की कंडी, एक सोने के हसली, एक जोड़ी सोने के कुंडल, चांदी का लाकेट आदि सामान ले गए। जिससे उसे 5 लाख रुपया का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की। पीड़ित की ओर से थाने में तहरीर दी गई है।


अलमारी का टूटा लाकर दिखाता पीड़ित। –जागरण मोर्चा

**▸ परिवार गांव में ही शादी समारोह में गया था**

## एक नजर



### लेंटर फटने पर विवाद, राजमिस्त्री पर धमकी का आरोप

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मकान निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया । गांव कला खेड़ा निवासी ग्रामीण मुहम्मद उवैस ने गांव के ही एक राजमिस्त्री पर लापरवाही और धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, गुणवत्ता के भरोसे के साथ लेंटर का कार्य सौंपा गया था, लेकिन रविवार को शटरिंग हटते ही छत में गहरी दरारें दिखाई दीं। आरोप है कि निर्माण दोष सामने आने पर मिस्त्री अपनी जिम्मेदारी से मुकर गया और सुधार करने के बजाय बकाया पैसों की मांग करने लगा। विरोध करने पर पीड़ित परिवार को एससी-एसटी एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। इससे डरे-सहमे गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर आर्थिक क्षतिपूर्ति और सुरक्षा की गुहार लगाई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बीफार्म फर्स्ट ईयर बना मेडएथलॉन का चैंपियन

## विजेता खिलाड़ियों को 30 अप्रैल को ऑडिटोरियम में आयोजित फेयरवेल समारोह में किया जाएगा सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी की स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मेडएथलॉन में बीफार्म फर्स्ट ईयर का जलवा रहा। बीफार्म फर्स्ट ईयर की टीम ने टग ऑफ वार और वॉलीबॉल के फाइनल मुकालबे अपने नाम किए, जबकि बास्केटबाल फाइनल, बैटमिंटन सिंगल्स फाइनल, क्रिकेट और बॉक्स क्रिकेट सेमीफाइनल में भी बीफार्म फर्स्ट ईयर के स्टुडेंट्स ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। मेडएथलॉन के तहत कैरम, चेस आदि खेलों की प्रतियोगिताएं भी हुईं। टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता का मुकाबला बी.फार्म और एम.फार्म टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में दोनों टीमों के बीच जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, लेकिन बी.फार्म टीम ने अपनी शक्ति, समन्वय और रणनीति का शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। क्रिकेट प्रतियोगिता के सभी मैंचों में स्टुडेंट्स की ओर से बीफार्म फर्स्ट ईयर के आरजू चंद्रवंशी ने सर्वाधिक 156 रन बनाए, जबकि फैकल्टी टीम की ओर से कप्तान अभिषेक आनन्द ने सर्वाधिक 136 रनों के संग-संग 04 विकेट भी चटकाए। मेडएथलॉन के तहत बॉक्स क्रिकेट का फाइनल रोमांचक मुकाबले में फार्मडी की टीम ने फैकल्टी की टीम को 38 रनों से यह मुकाबला जीतकर खिताब अपने नाम किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशाल जैन को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बॉस्केटबाल फाइनल मुकाबले में कुल 24 बॉस्केट में फैकल्टी मिथुल मेमन ने सर्वाधिक 18 बास्केट बनाए। स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डॉ. स्मृति तिवारी ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया, इन विजेताओं को 30 अप्रैल को ऑडिटोरियम में आयोजित फेयरवेल समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बास्केटबॉल का मुकाबला फैकल्टी टीम और बीफार्म प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच खेला गया। फैकल्टी टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 24-21 बास्केट से बी.फार्म प्रथम वर्ष की टीम को मात दी। वॉलीबॉल मुकाबले के पहले सेट में बी.फार्म प्रथम वर्ष की टीम ने 15-7, जबकि दूसरे सेट में भी 15-12 से एमफार्म को पराजित कर मुकाबला जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। बी.फार्म प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। बैडमिंटन सिंगल्स फाइनल और डबल्स फाइनल के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। बैडमिंटन सिंगल्स फाइनल में बीफार्म थर्ड ईयर के प्रिंस और बीफार्म फर्स्ट ईयर के सुधांशु के बीच मुकाबला खेला गया। प्रिंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों सेट अपने नाम किए। उन्होंने पहला सेट 15-6 से जीता, जबकि दूसरे सेट में 15-7 से जीत दर्ज कर फाइनल अपने नाम किया। डबल्स फाइनल मुकाबले में बीफार्म थर्ड ईयर के प्रिंस और अविनाश की जोड़ी का सामना फैकल्टी टीम के डॉ. मित्थुल मेमन और डॉ. फूल चंद से हुआ। इस मुकाबले में भी प्रिंस और अविनाश की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल और कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 21-9 और दूसरा सेट में 21-19 से अपने नाम किया।

### एग्रीकल्चर कॉलेज साइंसेज की दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से होगी




**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के मद्देनजर सतत विकास लक्ष्य-एसडीजीएस पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से मेडिकल लेक्चर थियेटर में आयोजित होगी। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि कॉन्फ्रेंस में सतत कृषि, जलवायु परिवर्तन, जल प्रबंधन एवं ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर मंथन होगा। कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान, तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा, पोस्टर्स प्रस्तुति आदि होंगे। कॉन्फ्रेंस में मेहमान प्रोसिडिंग का विमोचन भी करेंगे। कॉन्फ्रेंस में हेमवती बहुगुणा यूनिवर्सिटी, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी सिंह, इको संस्कृति कलेक्टिव फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष डॉ. एस बिस्वास, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. गोपाल कृष्ण, जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कानवाल बतौर मेहमान शामिल होंगे। इनके संग-संग टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन और डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में आधा दर्जन से अधिक सूबों के जाने-माने शिक्षाविद्, वैज्ञानिक और शोधार्थी भी शिरकत करेंगे।

### भीषण गर्मी का सितम, 40 के पार पहुंचा पारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। तापमान 40 के पार पहुंचते-पहुंचते जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। हालात यह हैं कि दोपहर के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आता है। जरूरी काम होने पर ही लोग घर से बाहर निकल रहे हैं। बाहर निकलने वाले लोग भी गर्म हवाओं से बचने के लिए गमछे या कपड़े से सिर और चेहरा ढककर चल रहे हैं। घर के अंदर भी राहत नहीं मिल रही है। कूलर और पंखे तेज गति से चलने के बावजूद गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही। लोग बार-बार ठंडे पानी से नहाकर खुद को राहत देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तेज गर्मी का असर कम नहीं हो रहा। गर्मी के चलते बाजारों की रौनक भी फीकी पड़ गई है। दुकानें खुली हैं, लेकिन ग्राहकों की संख्या बेहद कम है। लोग केवल जरूरी सामान लेने ही बाहर निकल रहे हैं।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का गजरौला में भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का जनपद अमरोहा के समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया ।

प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने सभी को निर्देश देते हुए कहा " चुनाव में अब अधिक समय नहीं बचा है, संगठन के पदाधिकारी सभी से समन्वय बनाकर एस आई आर के काम को सक्रियता से पूरा करें जिस किसी भी पात्र व्यक्ति के वोट किसी भी कारण से नहीं बन पाएं है उनके वोट बनवाने का कार्य करें। जनपद में सभी सक्रियता से अपना अपना कार्य करें। जनता वर्तमान सरकार से दुखी है , मंहगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महिलाऐं , किसान , छात्र, नौजवान , और समाज के सभी वर्ग के लोग पीड़ित हैं और इस सरकार से छुटकारा चाहते हैं। पी डी ए मिलकर भाजपा की उत्तर प्रदेश से विदाई करेगा। जिसको भी पार्टी चुनाव में उम्मीदवार बनाए सभी मिलकर उसे जिताये और 2027 में समाजवादी पार्टी की उत्तर पदेश में सरकार बनाएं। एक ऐसी सरकार जो सभी के लिए काम करे। उनके साथ आए पूर्व मंत्री लाखन सिंह पाल ने भी पार्टी की नीतियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव,जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक, जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी, पूर्व विधायक अशफाक अली खान, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ जितेंद्र यादव , धनौरा विधानसभाध्यक्ष आमिर रजा जैदी, नौगांवां विधानसभा अध्यक्ष जितांबर सिंह यादव, आलोक भारती, चौधरी भूपेंद्र सिंह, अशोक चौधरी,सचिन यादव, इश्तियाक मालिक, सरदार वरुणजीत सिंह, अशोक यादव,अजीम कुरैशी,रजनीश यादव, रविपाल चिकारा, डॉ नरेश चंद्र, खानचंद खड़गवंशी, जितेंद्र प्रताप सिंह,कामिल मंसूरी, राशिद कुरैशी, खलील सैफी, आलम शेख सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### घर के बाहर खड़ी ई रिक्शा से बैटरा चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हैबतपुर बंजारा रोड पर चोरों ने घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा को निशाना बनाया। पीड़ित सुहेल ने बताया कि शनिवार रात अज्ञात चोरों ने उनकी ई-रिक्शा से दो बैटरे चोरी कर लिए, जिनकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये है। घटना का पता रविवार सुबह चला।

चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी के अनुसार, तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश तेज कर दी गई है।

# जबरन निकाह, गर्भपात और हत्या की साजिश का सनसनीखेज आरोप, पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** महिला ने अपने ही पति और उसके परिजनों पर जबरन निकाह व बार-बार गर्भपात कराने, जान से मारने की साजिश रचने और मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी, महिला ने पुलिस को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसके पड़ोसियों द्वारा वर्ष 1999 में उसके भाई की हत्या कर दी गई थी, जबकि वर्ष 2004 में उसके पिता की भी निर्मम हत्या कर दी गई। इस मामले में आरोपियों को वर्ष 2013 में उम्रकैद की सजा हो चुकी है। महिला के अनुसार, मुकदमे के दौरान गांव के एक व्यक्ति ने सहानुभूति दिखाते हुए उसके परिवार से संपर्क बढ़ाया और बाद में उस पर जबरन निकाह करने का दबाव बनाया। आरोप है कि दबाव और साजिश के तहत उसका जबरन निकाह करा दिया गया, जबकि वह इसके लिए तैयार नहीं थी। निकाह के बाद महिला के साथ उत्पीड़न का सिलसिला शुरू हो गया। आरोप है कि पति ने कई बार उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भपात कराया। इतना ही नहीं, गर्भधारण होने पर 6-7 बार जबरन गर्भ गिरवाने की बात भी सामने आई है, जिससे उसकी सेहत पर गंभीर असर पड़ा। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसे रास्ते से हटाने के इरादे से एक सुनियोजित सड़क दुर्घटना करवाई गई। मोटरसाइकिल से जाते समय पीछे से एक कार द्वारा टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इलाज के दौरान वह कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रही। घटना के बाद उसकी हालत और बिगड़ गई, जिसके चलते चिकित्सकों को उसकी बच्चेदानी निकालनी पड़ी। महिला का कहना है कि अब वह सामान्य जीवन जीने में असमर्थ हो गई है। महिला ने आरोप लगाया है कि पंचायत के प्रयासों के बावजूद आरोपी पक्ष समझौते से पीछे हट गया और अब उसे तलाक लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बेटे और चालक की मौत कि नहीं सुलझी गुत्थी, पिता ने लगाया था हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्थानीय विधायक राजीव तरारा व एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

**गजरौला।** रविवार सुबह शुक्लपुरी स्थित अपने आवास पर सेवानिवृत्त शिक्षक अतरपाल सिंह ने मीडिया को बुलाकर अपनी पीड़ा बयां कर इंसाफ की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि पिछले साल 29 मई की सुबह उनके बेटे दीपक उर्फ देव ऋषि और उनके चालक इंद्रपाल के शव अवंतिका नगर स्थित कार्यालय में मिले।

उनका आरोप है कि उनके बेटे और चालक की हत्या की गई। हत्या का आरोप संभल के सरायतरीन निवासी पुत्रवधू और उसके परिजनों पर है। जिनके खिलाफ उन्होंने पुलिस और न्यायालय को सबूत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना पुलिस से इंसाफ नहीं मिला तो उन्होंने अपनी विवेचना बदलवाई।

इसे भी करीब तीन महीने हो गए, लेकिन अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई। विवेचक ने हत्यारोपियों के घर पर दबिश तक नहीं दी। उन्होंने बीते शनिवार को स्थानीय विधायक राजीव तरारा से मिलकर इंसाफ दिलाने और जल्द से जल्द विवेचना पूरी कराने की मांग उठाई। एसपी से मांग की है कि उनके मामले की विवेचना जल्द से जल्द पूरी कर उनको इंसाफ दिलाया जाए और हत्यारोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभा यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के मुख्य मार्गों पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा का फीता काटकर पंडित सुंदरलाल शर्मा ने शुभारंभ किया।शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां नगर वासियों का मन मोह रही थी।



शोभा यात्रा में उपस्थित ब्राह्मण बंधु। -जागरण मोर्चा



शोभा यात्रा में निकलीं सुंदर झांकी।



शोभा यात्रा में निकलीं सुंदर झांकी।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, शोभायात्रा नगर स्थित ब्राह्मण धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई ब्राह्मण धर्मशाला पर पहुंचकर संपन्न हुई।शोभायात्रा में भगवान परशुराम, भगवान गणेश,शिव परिवार,भगवान शनिदेव,मां गंगा एवं बाहुबली हनुमान जी आदि की झांकियां नगर वासियों का मन मोह रही थी।

शोभा यात्रा में इस्कॉन कीर्तन मंडली के द्वारा हरे राम हरे राम हरे कृष्णा हरे कृष्णा का संकीर्तन किया जा रहा था।नगर में कई स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में अध्यक्ष पंडित विनय शर्मा,विवेक शर्मा,अनुज शर्मा, सुंदरलाल शर्मा,अश्वनी शर्मा,विशाल शर्मा,चंद्र प्रकाश शर्मा,केके शर्मा, राहुल शर्मा, लाला शर्मा ,बाबी शर्मा सहित काफी संख्या में ब्राह्मण बंधु मौजूद रहे।

# प्रचंड गर्मी और लूं का कहर जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**कांठ।** कांठ में प्रचंड गर्मी और लूं का कहर जारी है। तपिश और उमस से लोगों को राहत नहीं मिल रही है। सूरज आग बरसा रहा है। दरसअल गर्मी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है।आलम यह है कि आधे से ज्यादा लोग हीट स्ट्रोक की चपेट में आकर अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। साथ ही भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है ।

तेज धूप और उमस से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ ही जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाता है तापमान बढ़ता जाता है । लोग कड़ी धूप से बचने के लिए अपने चेहरे को ढंक रहे हैं और छाते का सहारा ले रहे हैं। साथ ही तेज धूप और लूं से बचने के लिए लोग अपने घरों में कैद हो गए है । लगातार पड़ रही गर्मी के साथ ही साथ बिजली संकट ने आमजन का जीवन और अधिक प्रभावित कर दिया है। भीषण गर्मी के साथ हो रही बिजली कटौती से जनता त्राहि त्राहि करने लगी है। बता दें की गर्मी से आम जनजीवन बेहाल है। धूप की कड़ी तपिश लोगों को परेशान कर रही है। वहीं दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। धूप की तपिश के बीच धीरे-धीरे बढ़ रही उमस भरी गर्मी लोगों को पिछले साल की याद ताजा कराने लगी है। गत साल भी भीषण गर्मी पड़ी थी।

**मैत्री क्रिकेट मैच** आकाश को मिला मैन ऑफ द मैच, विश्व टीकाकरण सप्ताह में हुआ मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

# श्री साईं इलेवन ने जुबिलेंट इलेवन को 15 रनों से हराया

जागरण मोर्चा कार्यालय




विजेता टीम को ट्राफी देते जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित।

**गजरौला।** विश्व टीकाकरण सप्ताह में आयोजित मैत्री क्रिकेट मैच में श्री साईं हॉस्पिटल मुरादाबाद इलेवन की टीम ने जुबिलेंट इलेवन को 15 रनों से परास्त कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी आकाश को मैन आफ द मैच का खिताब मिला।

रविवार की सुबह सात बजे जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी में स्थित क्रिकेट मैदान में आयोजित 20 ओवर के मैत्री क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर श्री साईं इलेवन की टीम खेल मैदान में उतरी। इस टीम के खिलाड़ी विवेक ने अपनी धुंआधार बैटिंग से चौके-छक्कों की झड़ी लगा दी। इसके बावजूद कप्तान अभिषेक समेत टीम के सभी खिलाड़ी 17 ओवर में 145 रनों पर सिमट गए। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी कप्तान मयंक शर्मा के नेतृत्व वाली जुबिलेंट इलेवन की टीम को श्री साईं इलेवन की टीम के जबरदस्त क्षेत्र रक्षण का सामना करना पड़ा। टीम ने 15 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 100 रनों का स्कोर खड़ा कर लिया लेकिन श्री साईं इलेवन की जबरदस्त फील्डिंग और बॉलिंग के सामने टिक नहीं पाई। इस टीम के ओपनर बल्लेबाज नवीन के कैच आउट होने के बाद अरुण और संजीव के भी पवेलियन लौटते ही टीम का हौसला पस्त हो गया। जुबिलेंट इलेवन की टीम निर्धारित 20 ओवरों में ऑल आउट होकर केवल 131 रन ही बना सकी और श्री साईं इलेवन की टीम ने 15 रनों से मैच जीत लिया। विजेता टीम के आकाश ने चार ओवर में 17 रन देकर सात विकेट लिए। उन्हें मैन आफ द मैच घोषित किया गया। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने विनर और रनर टीम के साथ ही मैन आफ द मैच को भी पुरस्कृत किया। मैच के स्कोरर महेंद्र मौर्य, धीरज एवं एम्पायर सुमित, मौसम सिन्हा रहे। इस मौके पर जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के यूनिट हेड विनोद झा, श्रम विभाग के सेवानिवृत्त चिकित्सक डा.उमाशंकर दीक्षित, अनुपम सिंह, डा,नितिन राय, सुनील तिवारी, विष्णु राणा, उदय राणा, आशु, जॉनी आदि भी रहे।

### महिला का पर्स छीना, देर रात हुई घटना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** रामपुर निवासी विनीत रस्तोगी अपने परिवार के साथ बीती रात सवा 12 बजे चौपला के पास बस से उतरे थे। ई-रिक्शा न मिलने पर परिवार पैदल ही मोहल्ला जवाहरनगर की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने विनीत की पत्नी रोशनी के हाथ से पर्स छीन लिया।

पीड़ित के अनुसार, पर्स में तीन हजार रुपये और चांदी के आभूषण थे। घटना से पहले चार संदिग्ध युवक भी उनके पीछे चल रहे थे। सूचना मिलते ही चौपला पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नहरों में छोड़ा गया पानी, गन्ना व पशुचारा बचाने को किसानों को मिली बड़ी राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती भीषण गर्मी और लंबे समय से बारिश न होने के कारण गन्ने की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई थी। इसके साथ ही पशुओं के लिए हरे चारे का भी गंभीर संकट उत्पन्न हो गया था, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। खेतों में नमी खत्म होने लगी थी और कई जगह फसलें मुरझाने लगी थीं।



छोड़ा गया तुमरिया डाम से पानी।

ऐसे हालात में सिंचाई विभाग द्वारा नहरों में पानी छोड़े जाने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। नहरों में पानी आने के बाद खेतों तक सिंचाई का काम तेज हो गया है, जिससे गन्ने की फसल को समय पर पानी मिलना शुरू हो गया है। इससे सूखने की कगार पर पहुंची फसल को नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी है। भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी मंत्री हरीराज सिंह रमण वाले के किस हरपाल सिंह का कहना है कि यदि समय पर पानी नहीं छोड़ा जाता, तो गन्ने की पैदावार पर भारी असर पड़ता और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता। वहीं, पशुओं के लिए हरे चारे की कमी भी गंभीर समस्या बनती जा रही थी, जो अब धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि समय पर लिया गया यह निर्णय उनके लिए काफी राहत भरा साबित हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि नहरों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आगे भी फसलों और पशुपालन को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। कुल मिलाकर, नहरों में पानी छोड़े जाने से क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर फिर से उम्मीद की किरण नजर आने लगी है और वे अब अपनी फसलों को बचाने के लिए राहत महसूस कर रहे हैं।

# सम्पादकीय

## छात्रों का आत्मघात

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2023 के बीच उच्च शिक्षण संस्थानों में 98 छात्रों ने आत्महत्या की। इनमें सबसे अधिक घटनाएं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुईं, इसके बाद एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों का स्थान है। कुरुक्षेत्र स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में दो महीनों के भीतर चार छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं केवल एक संस्थान की त्रासदी एवं नाकामी नहीं हैं, बल्कि पूरे भारतीय समाज, शिक्षा व्यवस्था और हमारी सामूहिक संवेदनहीनता पर लगा गहरा प्रश्नचिह्न हैं। ये घटनाएं हमें झकझोरती हैं कि आखिर वह कौन-सी परिस्थितियां हैं, जिनमें देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं जीवन से हार मानने को विवश हो जाती हैं। कोई भी युवा, जो कठिन प्रतिस्पर्धा से गुजरकर ऐसे प्रतिष्ठित संस्थानों तक पहुंचता है, वह सहज रूप से जीवन का परित्याग नहीं करता, वह तब यह निर्णय लेता है जब उसे हर ओर अंधकार ही अंधकार दिखाई देता है। यह अंधकार केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक, पारिवारिक और संस्थागत विफलताओं का सम्मिलित परिणाम है। एक बड़ा सवाल है कि इस तरह छात्रों का आत्मघात करना क्या सपनों का बोझ है या सिस्टम की नाकामी? आज भारत का भविष्य कहे जाने वाले युवा जिस मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के बोझ तले दबे हैं, वह अभूतपूर्व चिन्ताजनक है। कोटा जैसे शिक्षा नगरों में हर वर्ष दर्जनों छात्र आत्महत्या करते हैं। इन घटनाओं को हम आंकड़ों में बदल देते हैं, लेकिन हर आंकड़े के पीछे एक जीवित सपना, एक संघर्षरत परिवार और टूटती उम्मीदों की कहानी होती है। कोटा, दिल्ली, हैदराबाद, चेन्नई और अन्य शिक्षा केंद्रों में बढ़ती आत्महत्याएं इस बात का संकेत हैं कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में कुछ मूलभूत त्रुटियां हैं। यह केवल पढ़ाई का दबाव नहीं है, यह उस मानसिक संरचना का संकट है, जिसमें सफलता को जीवन का पर्याय बना दिया गया है और असफलता को जीवन का अंत।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2023 के बीच उच्च शिक्षण संस्थानों में 98 छात्रों ने आत्महत्या की। इनमें सबसे अधिक घटनाएं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुईं, इसके बाद एनआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों का स्थान है। यह तथ्य इस धारणा को तोड़ता है कि केवल कमजोर छात्र ही मानसिक तनाव का शिकार होते हैं। सच्चाई यह है कि सबसे प्रतिभाशाली और संवेदनशील छात्र ही अक्सर सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं, क्योंकि वे स्वयं से अत्यधिक अपेक्षाएं रखते हैं और असफलता को स्वीकार नहीं कर पाते। यहां प्रश्न केवल संस्थानों का नहीं है, बल्कि उस सामाजिक मानसिकता का भी है जिसने सफलता को एक संकीर्ण परिभाषा में बांध दिया है।

# पश्चिम बंगाल में सत्ता विरोधी लहर का फायदा क्या उठा पाएगी भाजपा?

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। सवाल सीधा है कि क्या सत्ताविरोधी माहौल को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने पक्ष में मोड़ पाएगी? या फिर ममता बनर्जी का जादू एक बार फिर कायम रहेगा? वैसे राज्य में चुनावी हवा भले ही बदलाव की सुगबुगाहट दिखा रही हो, लेकिन जमीन पर हालात इतने सरल नहीं हैं। देखा जाये तो इस बार के चुनावों में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लगातार रैलियां, केंद्रीय नेतृत्व की सक्रियता और संगठन की आक्रामक रणनीति यह संकेत देती है कि पार्टी किसी भी कीमत पर बंगाल में सत्ता का स्वाद चखना चाहती है। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) भी अपनी पकड़ ढीली पड़ने देने के मूड में नहीं है। ममता बनर्जी, जो लंबे समय से राज्य की राजनीति का केंद्र रही हैं, अब भी अपने जनाधार और कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे मैदान में डटी हुई हैं।

उधर, भाजपा के लिए उम्मीद की सबसे बड़ी वजह है ह्यएंटी-इंकम्बेंसीह्ल यानी सत्ता के खिलाफ बढ़ती नाराजगी। टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और कानून-व्यवस्था के सवालों को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर रहा है। भर्ती घोटाले, स्थानीय स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की दबंगई और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दे भाजपा के चुनावी एजेंडे के केंद्र में हैं। पार्टी का दावा है कि जनता बदलाव चाहती है और इस बार वोट उसी दिशा में जाएगा।





लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही मजबूत है। ममता बनर्जी ने बीते वर्षों में महिला मतदाताओं, ग्रामीण गरीबों और अल्पसंख्यकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत की है। ह्यलक्ष्मी भंडारह्ल जैसी योजनाओं ने महिलाओं के बीच भरोसा पैदा किया है, जबकि अन्य सामाजिक योजनाओं ने गरीब तबकों को सीधे लाभ पहुंचाया है। यही कारण है कि भाजपा के आक्रामक अभियान के बावजूद टीएमसी का आधार पूरी तरह हिलता नजर नहीं आता।

इसके अलावा, भाजपा की रणनीति में एक अहम किरदार हैं शुभेन्दु अधिकारी, जो कभी ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी थे और अब उनके सबसे बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी बन चुके हैं। शुभेन्दु अधिकारी ने नंदीग्राम में ममता बनर्जी को मात दी थी और इस बार ममता बनर्जी को उनके गढ़ भवानीपुर में चुनौती दे रहे हैं। शुभेन्दु अधिकारी राज्य में भाजपा का चेहरा बनने का प्रयास कर रहे हैं हालांकि, उनका प्रभाव सीमित इलाकों तक ही केंद्रित माना जाता है, और पूरे बंगाल में एक व्यापक लहर खड़ी करना उनके लिए आसान नहीं है।

हम आपको याद दिला दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल में टर्निंग प्वाइंट साबित हुए थे। पार्टी ने उस चुनाव में अप्रत्याशित सफलता हासिल करते हुए खुद को एक मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित किया था। उसी प्रदर्शन के आधार पर भाजपा को उम्मीद थी कि वह विधानसभा चुनाव में सत्ता तक पहुंच सकती है। लेकिन बाद के चुनावी अनुभवों ने यह भी दिखाया कि लोकसभा और विधानसभा की राजनीति में मतदाताओं का व्यवहार अलग हो सकता है।

एक और चुनौती भाजपा के सामने सांस्कृतिक और भाषाई असंतुलन की है। बंगाल की अपनी विशिष्ट पहचान है, और यहां बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अक्सर उभरता रहता है। भाजपा के कई नेताओं के बयान और रणनीतियां कभी-कभी स्थानीय संवेदनशीलताओं से मेल नहीं खातीं, जिससे पार्टी को नुकसान उठाना पड़ता है। टीएमसी इस मुद्दे को भुनाने में माहिर रही है और खुद को ह्यबंगाल की असली आवाजह्ल के रूप में पेश करती है।

इसके अलावा, मतदाताओं के एक हिस्से में यह धारणा भी है कि भाजपा की राजनीति अत्यधिक ध्रुवीकरण पर आधारित है। धार्मिक और पहचान की राजनीति का असर भले कुछ क्षेत्रों में दिखता हो, लेकिन पूरे राज्य में यह रणनीति कितनी कारगर होगी, इस पर सवाल बना हुआ है। बंगाल का सामाजिक ताना-बाना जटिल है, और यहां की राजनीति सिर्फ एक मुद्दे पर नहीं टिकती।

दूसरी ओर, टीएमसी के खिलाफ असंतोष को पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। ग्रामीण इलाकों में विकास की असमानता, स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार और रोजगार के अवसरों की कमी जैसे मुद्दे लोगों के बीच चर्चा में हैं। भाजपा इन्हीं सवालों को उठाकर खुद को एक वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्थापित करना चाहती है।


वैसे बंगाल की चुनावी लड़ाई सिर्फ आंकड़ों और नारों की नहीं है, बल्कि भावनाओं, पहचान और भरोसे की भी है। भाजपा के पास आक्रामक अभियान और राष्ट्रीय नेतृत्व का समर्थन है, लेकिन टीएमसी के पास जमीनी नेटवर्क और ममता बनर्जी की व्यक्तिगत लोकप्रियता है। इसलिए, यह कहना जल्दबाजी होगी कि सत्ताविरोधी लहर किसके पक्ष में जाएगी। भाजपा के लिए यह अवसर भी है और चुनौती भी क्योंकि उसे नाराजगी को वोट में बदलना होगा। वहीं ममता बनर्जी के लिए यह अपनी विश्वसनीयता और जनसंपर्क की सबसे बड़ी परीक्षा है।

बहरहाल, इस चुनाव का नतीजा सिर्फ सत्ता परिवर्तन या सत्ता में पुनरावृत्ति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह तय करेगा कि बंगाल की राजनीति आने वाले वर्षों में किस दिशा में आगे बढ़ेगी। फिलहाल, मैदान सजा है, दांव बड़े हैं और फैसला पूरी तरह जनता के हाथ में है, जो इस बार सिर्फ सरकार नहीं, बल्कि राजनीतिक कथा का अगला अध्याय लिखने जा रही है।

-नीरज कुमार दुबे

---


आधुनिक विज्ञान ने जीवन को समझने और बदलने की क्षमता में अभूतपूर्व प्रगति की है। जेनेटिक इंजीनियरिंग उसी प्रगति का एक अहम क्षेत्र है, जिसमें वैज्ञानिक जीवों के डीएनए में बदलाव कर उनकी विशेषताओं को नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं।



# जेनेटिक इंजीनियरिंग

## इंसानी डीएनए में बदलाव के फायदे और खतरे

इंसानी डीएनए में बदलाव की संभावना ने चिकित्सा, जीवनशैली और भविष्य की पीढ़ियों को लेकर नई उम्मीदें भी जगाई हैं और गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं।



### जेनेटिक इंजीनियरिंग के फायदे

सबसे पहले इसके फायदों की बात करें तो जेनेटिक इंजीनियरिंग चिकित्सा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। कई अनुवांशिक बीमारियां, जैसे थैलेसीमिया और साइटिक फाइब्रोसिस, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती हैं, उन्हें डीएनए स्तर पर ठीक किया जा सकता है। इससे न केवल रोगों का इलाज संभव होगा, बल्कि भविष्य में इन बीमारियों को पूरी तरह खत्म करने की दिशा में भी काम किया जा सकेगा। इसके अलावा, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में भी जीन थेरेपी उम्मीद की नई किरण बनकर उभरी है।

### जेनेटिक इंजीनियरिंग के खतरे

हर नई तकनीक की तरह इसके खतरे भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ा सवाल नैतिकता का है। क्या हमें इंसानी डीएनए में बदलाव करने का अधिकार होना चाहिए? डिजाइनर बेबी की अवधारणा सामाजिक असमानता को बढ़ा सकती है, जहां केवल अमीर लोग ही अपने बच्चों को बेहतर जीन दे पाएंगे और समाज में एक नई तरह की असमानता पैदा हो सकती है। इसके अलावा, जीन एडिटिंग तकनीकों के गलत उपयोग का खतरा भी है। यदि इन तकनीकों का दुरुपयोग हुआ, तो यह अनचाहे और खतरनाक परिणाम ला सकता है, जैसे कि 'जीन म्यूटेशन' जो भविष्य की पीढ़ियों पर नकारात्मक असर डाल सकते हैं। वैज्ञानिक अभी तक पूरी तरह नहीं समझ पाए हैं कि डीएनए में किए गए बदलाव लंबे समय में क्या प्रभाव डालेंगे। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी जोखिम मौजूद हैं। डीएनए में एक छोटा सा बदलाव भी शरीर के अन्य हिस्सों को प्रभावित कर सकता है। इससे नई बीमारियां या जटिलताएं पैदा हो सकती हैं, जिनका इलाज करना मुश्किल हो सकता है। जेनेटिक इंजीनियरिंग एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर यह मानव जीवन को बेहतर, स्वस्थ और लंबा बनाने की क्षमता रखती है, वहीं दूसरी ओर यह नैतिक, सामाजिक और वैज्ञानिक चुनौतियों को भी जन्म देती है। इसलिए जरूरी है कि इस क्षेत्र में संतुलन और सावधानी के साथ आगे बढ़ा जाए।



**चिकित्सा विज्ञान आज जिस गति से प्रगति कर रहा है, वह लाभकारी के साथ हानिकारक भी है।**

### सोच को गहराई से कर सकता है प्रभावित

यह तकनीक 'डिजाइनर बेबी' जैसी अवधारणाओं को जन्म देती है, जहां माता-पिता अपने बच्चों की शारीरिक और मानसिक विशेषताओं को पहले से चुन सकते हैं जैसे ऊंचाई, आंखों का रंग, या बुद्धिमत्ता। हालांकि यह अभी व्यापक स्तर पर संभव नहीं है, लेकिन भविष्य में यह समाज की संरचना और सोच को गहराई से प्रभावित कर सकता है। इसके साथ ही इंसानी क्षमता को बढ़ाने की संभावना भी है। वैज्ञानिक ऐसे जीन बदलावों पर काम कर रहे हैं, जिनसे इंसान की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सके, उम्र लंबी हो सके और शारीरिक प्रदर्शन बेहतर हो सके। कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की, जहां बीमारियां कम हों और लोग अधिक स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी सकें, यह जेनेटिक इंजीनियरिंग के सकारात्मक पहलुओं में से एक है।

■ हरिनारायण मिश्रा

---

## दाढ़ी से लेकर यूरिन तक...

# दुनिया के सबसे अजीबोगरीब टैक्स

टैक्स यानी वो शब्द, जो लगान, चुंगी, मालगुजारी, आयकर, जीएसटी इत्यादि के रूप में आम लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ता था। हालांकि इतिहास के पन्ने पलटेंगे तो कहानी और भी चौंकाने वाली निकलेगी।



कभी दाढ़ी रखने पर कर देना पड़ता था, तो कहीं खिड़कियों की संख्या ने अमीरी का टैक्स तय किया। हद तो तब हुई जब यूरिन तक पर वसूली होने लगी! यकीन करना मुश्किल है, लेकिन ये सब सच है। दुनिया के अलग-अलग दौर में ऐसे अजीबोगरीब टैक्स लगाए गए, जिन्होंने लोगों को हैरान ही नहीं, कई बार परेशान भी किया। आइए जानते हैं इतिहास के उन्हीं हैरतअंगेज टैक्सों की कहानी

- **नमक कर (फ्रांस):** फ्रांस में 'गाबेल' नाम से नमक पर भारी टैक्स लगाया जाता था, जो गरीबों पर सबसे ज्यादा बोझ बन गया। नमक जरूरी वस्तु होने के बावजूद इसकी कीमत बढ़ी और यही असंतोष फ्रांसीसी क्रांति की बड़ी वजह बना। यह टैक्स वर्ष 1360 से 1790 तक लगा।
- **खिड़की कर (इंग्लैंड):** 1696 में इंग्लैंड में खिड़कियों की संख्या के आधार पर टैक्स लगाया गया। ज्यादा खिड़कियां अमीरी का संकेत मानी जाती थीं। इससे बचने के लिए लोगों ने खिड़कियां ईंटों से बंद कर दीं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ीं।
- **टोपी कर (ब्रिटेन):** 1784 से 1811 तक ब्रिटेन में पुरुषों की टोपी पर टैक्स लगाया गया। हर टोपी पर टैक्स स्टैंप जरूरी था और दुकानदारों को लाइसेंस लेना पड़ता था। महंगी टोपी पर ज्यादा टैक्स लगता था। यह टैक्स ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री विलियम पिट जूनियर ने लगाया था।

### यूरिन कर (रोम)

प्राचीन रोम में यूरिन में से निकलने वाले अमोनिया का उपयोग कपड़े साफ करने और चमड़ा बनाने में किया जाता था। सम्राट वेस्पासियन ने अमोनिया को मूल्यवान बताते हुए यूरिन के संग्रह और बिक्री पर टैक्स लगाया, जिससे 'पैसा बदबू नहीं करता' कहावत प्रचलित हुई।

### दाढ़ी कर (रूस/इंग्लैंड)

इंग्लैंड के सम्राट हेनरी अष्टम ने वर्ष 1535 में दाढ़ी पर टैक्स लगा दिया था। इस टैक्स की सबसे अनोखी शर्त यह थी कि अगर टैक्स वसूली के समय कोई घर से गायब मिले तो उसका टैक्स पड़ोसी को देना होता था। वहीं रूस के पीटर द ग्रेट ने 1698 में दाढ़ी पर टैक्स लगाकर समाज को आधुनिक बनाने की कोशिश की। टैक्स देने वालों को 'बीयरड टोकन' रखना पड़ता था, जबकि न देने वालों की जबरन दाढ़ी मुंडवा दी जाती थी।

### बैचलर टैक्स (रोम)

रोमन सम्राट ऑगस्टस ने अविवाहित पुरुषों पर टैक्स लगाया, ताकि लोग विवाह और संतानोत्पत्ति को बढ़ावा दें। अविवाहित लोगों को सामाजिक रूप से भी सीमित किया गया और उन्हें कुछ अधिकारों से वंचित रखा गया।

### मवेशी गैस टैक्स

डेनमार्क जैसे देशों में मवेशियों से निकलने वाली मीथेन गैस पर टैक्स लगाने का प्रस्ताव सामने आया, ताकि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण किया जा सके। इस प्रकार, इतिहास गवाह है कि टैक्स सिर्फ कमाई का जरिया नहीं,समाज को दिशा देने का तरीका भी रहा है। कभी यह जनसंख्या तो कभी पर्यावरण बचाने के लिए लगाया गया। लेकिन कुछ टैक्स इतने अजीब थे कि आज के दौर में उनकी कल्पना भी मुश्किल है।

■ धर्मेंद्र सिंह कर्ण

---




**नई सोच... नया समाज**

# स्टार्टअप और नवाचार से बदलती युवा पीढ़ी की दिशा

यह पीढ़ी समाज में सकारात्मक बदलाव की नई इबारत लिख रही है। स्टार्टअप संस्कृति, सामाजिक कार्यों में बढ़ती भागीदारी और नवाचार के माध्यम से युवा एक ऐसे समाज की नींव रख रहे हैं, जो आत्मनिर्भर, समावेशी और प्रगतिशील हो।

**आज की युवा पीढ़ी बदलाव की केवल दर्शक नहीं, बल्कि उसकी सशक्त निर्माता बन चुकी है। सपनों को हकीकत में बदलने की उनकी जिद, तकनीक और नवाचार के साथ मिलकर समाज को नई दिशा दे रही है।**

स्टार्टअप, सामाजिक पहल और रचनात्मक सोच के जरिए युवा एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, जो आत्मनिर्भर, समावेशी और सतत विकास की मजबूत नींव पर आधारित है। आज की युवा पीढ़ी केवल सपने देखने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए ठोस कदम भी उठा रही है। तकनीक, शिक्षा और वैश्विक दृष्टिकोण से लैस

**युवा पीढ़ी बदल रही है। वह सामाजिक कार्य के साथ नवाचार भी कर रही है।**

### स्टार्टअप: रोजगार से आगे समाधान की सोच

स्टार्टअप आज सिर्फ पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान का माध्यम बन चुके हैं। युवा उद्यमी पारंपरिक सोच से हटकर नई-नई समस्याओं पर काम कर रहे हैं। चाहे वह कृषि क्षेत्र में तकनीकी सुधार हो, शिक्षा को डिजिटल बनाना हो या स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना, इस पीढ़ी का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि रोजगार पैदा करना है। छोटे-छोटे आइडिया बड़े बदलाव का कारण बन रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर भी विकास को गति मिल रही है।



### नवाचार: सोच में बदलाव, परिणाम में क्रांति

नवाचार इस नई पीढ़ी की सबसे बड़ी ताकत है। वे पारंपरिक तरीकों को चुनौती देते हुए नए समाधान विकसित कर रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, और ग्रीन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में युवा अपने प्रयोगों से समाज को नई दिशा दे रहे हैं। यह नवाचार केवल तकनीकी तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। नई सोच के साथ किए गए छोटे-छोटे प्रयोग बड़े परिवर्तन की शुरुआत बन रहे हैं।

### सामाजिक कार्य: जिम्मेदारी का नया रूप

आज के युवा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझ रहे हैं। वे केवल दर्शक बनकर नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बनकर सामाजिक समस्याओं का समाधान खोज रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा में समानता, महिला सशक्तिकरण और गरीबों के लिए काम करने जैसी पहलें इस पीढ़ी की संवेदनशीलता को बताती हैं। स्वयंसेवी संगठनों, एनजीओ और व्यक्तिगत प्रयासों के माध्यम से युवा समाज में जागरूकता फैलाने और बदलाव लाने का काम कर रहे हैं।



### चुनौतियां और संघर्ष

हालांकि यह बदलाव प्रेरणादायक है, लेकिन इसके रास्ते में कई चुनौतियां भी हैं। आर्थिक संसाधनों और अनुभव की कमी एवं सामाजिक समर्थन का अभाव कई बार युवाओं के उत्साह को कम कर देता है। इसके बावजूद, आज की पीढ़ी हार मानने को तैयार नहीं है। वे असफलताओं से सीखते हुए आगे बढ़ते हैं और हर चुनौती को अवसर में बदलने की क्षमता रखते हैं।

### भविष्य की मजबूत नींव

स्टार्टअप, सामाजिक कार्य और नवाचार के माध्यम से युवा पीढ़ी समाज की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उनका दृष्टिकोण केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित नहीं, बल्कि सामूहिक विकास की ओर केंद्रित है। यदि इस ऊर्जा और सोच को सही दिशा और समर्थन मिले, तो आने वाला समय एक ऐसे समाज का निर्माण करेगा, जो न केवल विकसित होगा, बल्कि संवेदनशील और आत्मनिर्भर भी बनेगा।

# शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग

❖ 40-50 लाख का हुआ नुकसान

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**



निगोहां के मदाखेडा मदिर चौराहे पर स्थित विंध्यवासिनी इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के दौरान मौके पर पहुंचे दमकल ने आग पर किसी तरह से काबू पाया। वहीं आग लगने के दौरान आसपास की दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर लोगों की भीड़ जुट गई ।

शनिवार दोहपर के करीब बिजली आते ही अचानक शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। दुकान के शीशे के अंदर से धुआ उठने पर लोगों ने देखा तो आसपास के लोग आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। किसी तरह से बिजली को कटवाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से दुकान के शटर को उठवाया गया। शटर उठते ही धुआं बाहर निकलने लगा। दुकान में आग लगने के दौरान अफरातफरी मच गई।वहीं आग लगने की सूचना तत्काल दमकल को दी गई। सूचना मिलते दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से दुकान में रखे बिजली केबल, महंगे तार, सीलिंग पंखा, स्टैंड पंखा, प्रेस मशीन, सजावट सहित विभिन्न कंपनियों का रखा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के दौरान मौके पर भारी भीड़ जुट गई। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मोहनलालगंज एसीपी विकास कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ पहुचकर राहत व बचाव का कार्य किया ।

# दबंगों ने दुकानदार मां-बेटे को पीटा, तोड़ा कैमरा, केस दर्ज

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**

कृष्णानगर कोतवाली इलाके में बीते एक सप्ताह पूर्व मामूली कहासुनी पर दबंगों ने दुकानदार मां बेटे की जमकर पिटाई कर दी और दुकान पर लगा कैमरा तोड फरार हो गए। वहीं घटना के एक सप्ताह बाद पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया है।

कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि मूलरूप से पारा थाना क्षेत्र के ग्राम हंसखेड़ा निवासी निशा यादव पत्नी अनिल सिंह के अनुसार वह वर्तमान में नारायण पुरी में रहती हैं और उसकी पंडित खेड़ा में उनकी दुकान संचालित थी जहां उसने सीसीटीवी कैमरे लगवाए थे। आरोप है कि बीते 15 अप्रैल को अपने बेटे अरपित के साथ दुकान देखने पहुंचीं, तो वहां पहले से मौजूद अभिमान और अनुराग ने बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके साथ मारपीट करने के साथ दुकान पर लगे कैमरे तोड़ फरार हो गए।

वहीं पीड़िता का कहना था उक्त मारपीट में उसके कपड़े भी फट गए और बेटे अरपित को चोटें आईं हैं। जिसके चलते उसने अलीनगर सुनहेरा निवासी अनमोल यादव, अभिमान यादव और अनुराग यादव पुत्र जगरूप यादव के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कार पलटने से अधिवक्ता की मौत

❖ मड़ियांव में पुरनिया पुल पर हुआ भीषण सड़क हादसा

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**



मड़ियांव थाना क्षेत्र के पुरनिया पुल पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार टाटा पंच कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में कार सवार 35 वर्षीय अधिवक्ता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा शनिवार की दोपहर करीब दो बजे का है। कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार डिवाइडर फांदकर पलट गई। राहगीरों की सूचना पर मड़ियाव पुलिस और केशव नगर चौकी प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक चालक की सांसें थम चुकी थीं। मृतक की पहचान राहुल गौड़ (35), पुत्र किशन लाल गौड़ के रूप में हुई है। राहुल पेशे से अधिवक्ता थे और मूल रूप से डालीगंज के पन्नालाल इलाके के निवासी थे। वर्तमान में वह हसनगंज थाना क्षेत्र में अपने माता-पिता और दो बच्चों के साथ रह रहे थे। केशवनगर चौकी प्रभारी ने बताया कि राहुल शनिवार की दोपहर करीब दो बजे अलीगंज से केशव नगर की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। केशव नगर चौकी प्रभारी अशोक ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस टीम ने पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से सड़क से हटाकर किनारे किया गया ताकि यातायात सुचारु हो सके। परिजनों को सूचित कर दिया गया है और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे के बाद पुरनिया पुल पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सामान्य कराया। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# मकान से सोनार ने अपने साथियों के साथ चोरी किये थे 30 लाख

❖ चोरी का हुआ खुलासा अवैध पिस्टल व चार जिंदा कारतूस बरामद

**एजेंसी न्यूज। लखनऊ**

गुडम्बा थानाक्षेत्र में घर का ताला तोड़कर करीब 30 लाख की चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात, नकदी, मोबाइल फोन और बुलेट बाइक समेत भारी मात्रा में सामान बरामद हुआ है। एक आरोपी के पास से अवैध पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी मिले हैं।

डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा के अनुसार, गत 15 अप्रैल को आधार खेड़ा गांव निवासी सरफराज हुसैन ने गुडंबा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि 12 अप्रैल को दादा के निधन के कारण पूरा परिवार गाजीपुर गया हुआ था और घर में ताला बंद था। 15 अप्रैल की सुबह करीब 5:30 बजे लौटने पर घर का ताला टूटा मिला, अलमारी के ताले भी टूटे थे और उसमें रखे आभूषण व नकदी गायब थे। पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में सामने आया कि तीन चोर सुबह करीब 3:40 बजे दीवार फांदकर घर में घुसे। दो आरोपी घर के अंदर चोरी करते रहे, जबकि एक बाहर रेखी करता रहा। करीब 30 मिनट में वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों को खुलासे में लगाया गया। शुक्रवार रात संयुक्त पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो क्लब के पास जंगल क्षेत्र से तीनों आरोपियों को धर दबोचा।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बाराबंकी निवासी अदीबुर्रहमान उर्फ अदीब उर्फ अहू (24), अनवारी, बाराबंकी निवासी जीशान गाजी उर्फ छोटू (24) और स्कूटर इंडिया, सरोजिनी नगर निवासी रामजी राजाराम सोनी (56) के रूप में हुई।

# चक्कर खाकर गिरे युवक की मौत

**लखनऊ।** आशियाना इलाके में शनिवार दोपहर एक मिठाई कारीगर दुकान से मेडिकल स्टोर दवा लेने के लिए निकला था और रास्ते में ही चक्कर खाकर गिर पड़ा आनन फानन ने राहगीरों ने नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां युवक की मौत हो गई । मिली जानकारी अनुसार मूलरूप से देवी खेड़ा रहीमाबाद निवासी सुशील कुमार (38) पुत्र छोटे लाल वर्तमान में बुद्धेश्वर पारा में रहकर आशियाना पॉवर हाउस निकट एक मिठाई की दुकान में मिठाई कारीगर का काम करता था शनिवार दोपहर वह दवाई लेने के लिए मिठाई दुकान से निकला था तभी वह चक्कर खाकर बाइक से गिर पड़ा और चोटिल हो गया ।मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने चोटिल युवक को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने मृतक का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएमडब्ल्यू एफ-450 जीएस का भारत में लॉन्च

**लखनऊ।** बीएमडब्ल्यू मोटरराड इंडिया ने भारत में बीएमडब्ल्यू एफ-450 जीएस का लॉन्च किया। बीएमडब्ल्यू एफ-450 जीएस का विकास जर्मनी में बीएमडब्ल्यू मोटरराड द्वारा किया गया है और इसे भारत में स्थानीय रूप से निर्मित किया जाएगा। इस अवसर पर बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेजीडेन्ट एवं सीईओ हरदीप सिंह ब्रार ने कहा कि बीएमडब्ल्यू एफ-450 जीएस को नई पीढ़ी के एडवेंचर राइडरों के लिए डिजाइन किया गया है, जो जीएस लेगेसी का नया अध्याय शुरू करने जा रही है। भारत की विभिन्न सड़कों और राइडिंग की विभिन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लाई गई यह पेशकश प्रतिष्ठित जीएस डिजाइन, सुलभ परफोर्मेन्स एवं आधुनिक राइडर टेक्नोलॉजी का शानदार संयोजन है। यह राइडर को आत्मविश्वास से भरपूर राइड का अनुभव प्रदान करती है, फिर चाहे वह शहर की सड़कों पर, राजमार्गों पर या खुले स्थानों पर राइड का आनंद उठा रहे हैं। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक राइडरों को रोमाचंक राइड का लुत्फ उठाने के लिए आमंत्रित करना है, हम भारत के उभरती मोटरसाइकल संस्कृति में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। भारत में बीएमडब्ल्यू मोटरराड के विकास की ढेरों संभावनाएं दिखाई देती हैं और एफ 450 जीएस के माध्यम से हम इस यात्रा को गति प्रदान करने, राइडरों की महत्वाकांक्षाओं पर खरा उतरने और हर राइडर के लिए इस दुनिय को प्लेग्राउंड बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### घर के बाहर खड़े आटो रिक्शा चार्जिंग से चोरी

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर के बाहर चार्जिंग पर खड़ा ऑटो रिक्शा पार कर दिया और उसके बैटरी व पहिया निकाल लावारिस हालत में छोड़ फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-जी एलडीए कालोनी में रहने वाली रजनी पाल पत्नी सुनील पाल ने बताया बीते 26 मार्च को उसकी आटो यूपी 32 क्यूंटी-8695 घर के बाहर चार्जिग से चोरी हो गया था। जो उसे पारा थाना क्षेत्र के हंस खेडा पाटा में लावारिश हालत में मिला। लेकिन उसके उक्त आटो रिक्शा से बैटरी पहिया साउन्ड गायब थे। जिसके चलते उसने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश किया जा रहा है।

### खरीदारी के दौरान महिला की एक्टिवा चोरी

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के हंस खेड़ा इलाके में दिनदहाड़े वाहन चोरी की घटना सामने आई है। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों से स्थानीय लोग दहशत में हैं। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। गायत्री पुरम, पारा निवासी नन्दलाल यादव (उर्फ आनंद यादव) के अनुसार, 11 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 10:23 बजे उनकी पत्नी पास की एक दुकान पर सामान खरीदने गई थीं। इसी दौरान अज्ञात युवक उनकी एक्टिवा स्कूटर यूपी32केपी-6946) चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित ने बताया कि घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है। फुटेज में एक युवक स्कूटर ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाए और स्कूटर बरामद किया जाए। मामले की जानकारी मिलते ही पारा थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत, घर में मचा कोहराम

**लखनऊ।** महिंगवा थाना अंतर्गत शुक्रवार की देर रात्रि को कुम्हरावाँ चौराहे पर तेज रफ़्तार लोडर बुलेरो गाड़ी ने घर जा रहे किशोर को टक्कर मार दिया। जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोटस्मॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जान मोहम्मद निवासी गुलालपुर का बेटा फुरकान (15) कुम्हरावा से अपने घर जा रहा था तभी चौराहा पर पुलिस चौकी के पास तेज रफ़्तार बोलेरो गाड़ी यूपी32वाईएन-7104 ने टक्कर मार दिया। जिससे फुरकान की मौत हो गई। वही पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर अन्य विधिक कार्रवाई में जुटी हुई थी।

# आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह में बोले सीएम योगी- 2017 से पहले संकट में थी यूपी पुलिस, अब देश का बेहतरीन पुलिस बल





**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि 2017 से पहले जो यूपी पुलिस स्वयं संकट में थी, वह अब देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में सत्ता के सामने माफिया का राज नहीं चलता। रिजर्व पुलिस लाइंस, लखनऊ में वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस की सराहना की।

उन्होंने कहा, "अब प्रदेश में दंगे नहीं होते, गुंडा टैक्स और वसूली खत्म हो गई है। अपराधियों के मन में भय है और पुलिस का मनोबल ऊंचा है।" पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा, "पहले न बेटी सुरक्षित थी और न व्यापारी। प्रदेश अस्थिरता और अराजकता का पर्याय था। 2017 से पहले जहां दंगे होते थे, आज उप्र पुलिस दंगे होने से पहले ही उन्हें रोकने में सफल है।"

नए आरक्षियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा, "कानून अपराधी के प्रति जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए।" उन्होंने भरोसा जताया कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान के साथ आरक्षी उप्र पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने दीक्षांत परेड में शामिल महिला पुलिसकर्मियों को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा, "बेटियों ने मजबूती, तत्परता और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण पूरा किया, यह सराहनीय है।"

योगी ने बताया कि 15 जून 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 60 हजार से अधिक आरक्षियों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। 21 जुलाई 2025 से प्रशिक्षण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता मात्र 3000 थी, लेकिन अब एक साथ 60 हजार से अधिक आरक्षियों को प्रदेश में ही प्रशिक्षित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में दो लाख 18 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती और एक लाख से अधिक को प्रोन्नति दी गई है।

उप्र पुलिस का बजट 2017 की तुलना में तीन गुना बढ़ाया गया है। सात पुलिस आयुक्तालय स्थापित किए गए। उन्होंने कहा, "यूपी एटीएस को एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के मानक के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 75 जिलों में साइबर थाने और फोरेंसिक लैब स्थापित की गई हैं। महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस भर्ती में 20 प्रतिशत बेटियों को शामिल किया गया है।" योगी ने कहा, "प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आएगी। पुलिस की सबसे बड़ी ताकत उसका अनुशासन है।"

समारोह में मुख्यमंत्री ने आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजीपी राजीव कृष्ण और पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर समेत कई अधिकारी मौजूद थे। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि 2025 बैच में देश में पहली बार 60,244 आरक्षियों की सीधी भर्ती हुई है, जिसमें 12 हजार से अधिक महिलाएं हैं। यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एजेंसी

# जनगणना प्रशिक्षण केंद्रों का अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी ने किया निरीक्षण

## जनगणना के महत्व व प्रक्रिया पर दी विस्तृत जानकारी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने रविवार को शहर के जोन-5 और जोन-2 में संचालित जनगणना प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने जोन-5 स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड तथा जोन-2 स्थित ईदगाह परिसर में चल रहे प्रशिक्षण सत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर प्रगणकों (एन्यूमरेटर) और सुपरवाइजर्स से संवाद स्थापित किया और उन्हें जनगणना कार्य के महत्व से अवगत कराते हुए उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर भविष्य की नीतियों और योजनाओं का निर्माण होता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने प्रशिक्षण केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। विशेष रूप से उन्होंने भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण का वातावरण अनुशासित और सुव्यवस्थित होना चाहिए, जिससे प्रतिभागियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

इसके साथ ही, नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जो प्रगणक और सुपरवाइजर्स लगातार प्रशिक्षण से अनुपस्थित हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में उच्च अधिकारियों को तत्काल पत्राचार कर आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए।



इसके साथ ही उन्होंने एक महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रगणकों और सुपरवाइजर्स के लिए एक अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए। इस ग्रुप के माध्यम से प्रशिक्षण के बाद भी सभी कर्मी मास्टर ट्रेनर्स से जुड़े रह सकेंगे और आवश्यकता पड़ने पर किसी भी प्रकार की जानकारी या मार्गदर्शन तुरंत प्राप्त कर सकेंगे।

# 518 कर्मचारी अनुपस्थित: जनगणना प्रशिक्षण से गैरहाजिर कर्मियों पर सख्ती, एफआईआर की चेतावनी

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** जनगणना कार्य को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश जारी किए हैं कि जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले प्रगणक और सुपरवाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रशासन का कहना है कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई गंभीर परिणाम ला सकती है।

जनपद में 21 अप्रैल से जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। यह प्रशिक्षण नगर निगम के विभिन्न जोनों में आयोजित किया जा रहा है। जोन-2 में ईदगाह ऐशबाग, जोन-3 में केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-जे अलीगंज, जोन-5 में मानस नगर स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड तथा जोन-6 में सेंट जोसफ स्कूल व स्पर्श दृष्टिबाधित बालक इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, ताकि कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

हालांकि, 26 अप्रैल को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में बड़ी संख्या में कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिससे प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। जारी आंकड़ों के अनुसार, जोन-2 में कुल 300 में से 112 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। इसी तरह जोन-3 में 450 में से 178, जोन-5 में 135 में से 47 तथा जोन-6 में 581 में से 181 प्रगणक और सुपरवाइजर प्रशिक्षण में शामिल नहीं हुए। इतने बड़े पैमाने पर अनुपस्थिति को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत यदि कोई नियुक्त अधिकारी बिना उचित कारण अपने कर्तव्यों से इनकार करता है या लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को तीन वर्ष तक की सजा, जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। साथ ही यह एक संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है, जिसमें पुलिस सीधे कार्रवाई कर सकती है।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों को भी यह स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया गया है कि अनुपस्थिति या कार्य से इनकार करने की स्थिति में तत्काल विभागीय कार्रवाई के साथ एफआईआर दर्ज की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि समयबद्ध और सटीक जनगणना सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।

आगे की कार्रवाई के तहत सबसे पहले अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो सेवा नियमों के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। इसके बावजूद यदि कोई कर्मचारी लगातार अनुपस्थित रहता है या ड्यूटी से इनकार करता है, तो उसके खिलाफ धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, मोबाइल भी गायब

**बीसलपुर, पीलीभीत।** थाना बीसलपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लौगहा निवासी गीता गंगवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 1 फरवरी 2026 की शाम करीब 5 बजे उनके पति प्रदीप कुमार किसी कार्य से मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही वे शेरगंज तिराहे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने तेज व लापरवाहीपूर्वक टक्कर मार दी। हादसे में प्रदीप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के दौरान उनके पति का मोबाइल फोन भी गायब हो गया। उन्होंने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाने की मांग की है। घटना के बाद शोक और बीमारी के चलते वह तत्काल थाने नहीं पहुंच सकीं, लेकिन अब तहरीर देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### तीन माह बाद भी नहीं मिला जले सामान का मुआवजा

**पूरनपुर।** तीन माह बाद भी पीड़ित को मुआवजा नहीं मिला है। जिसके चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला ढका निवासी सराफुद्दीन ने बताया कि उसका रेलवे फाटक के पास लोहे का खोखा था। 16 जनबरी को हाईटेंशन लाइन टूट कर लोहे के खोखे में गिर गई थी। जिससे उसके खोखे में आग लग गई थी। आग में उसका सात लाख रुपए का नुकसान हुआ था। घटना के दौरान अधिकारी मौके पर पहुंचे,लेकिन उसके बाद अभी तक तीन माह बीत गए हैं। उसके बावजूद अभी तक पीड़ित किए हुए नुकसान का मुआवजा नहीं मिला है।जिसके चलते उसको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित ने शीघ्र मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# 2026 का दीक्षांत परेड समारोह में नए आरक्षियों को सौंपी ज़िम्मेदारी

## 600 नए आरक्षी संभालेंगे जनपद की कानून व्यवस्था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद में पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से 600 आरटीसी पुलिस आरक्षियों को विभिन्न थानों के लिए तैनात किया गया है। इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में वर्ष 2026 का दीक्षांत परेड समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने परेड की सलामी ली और सभी प्रशिक्षित आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने नव नियुक्त पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ सेवा करने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान भावुक क्षण भी देखने को मिले।


पीलीभीत की रिजर्व पुलिस लाइन में नई आरक्षियों को समारोह पूर्वक जिम्मेदारी दी गई। –जागरण मोर्चा

आरक्षियों के अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बागपत जनपद के ग्राम कटेरी निवासी आरक्षी सुधांशु शर्मा की कहानी ने सभी को भावुक कर दिया। पिता के निधन के बाद उनकी मां मुनेश देवी ने कठिन परिश्रम कर बेटे को इस मुकाम तक पहुंचाया। सुधांशु की बहन ने बताया कि उनकी मां ने मेहनत-मजदूरी कर भाई को पुलिस सेवा के योग्य बनाया, जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ सदर नताशा गोयल, किरण जोशी, जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं आरक्षियों के अभिभावक मौजूद रहे। दीक्षांत परेड समारोह के साथ ही सभी आरटीसी आरक्षी अब जनपद की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे।

## मोडों पर संकेतिक बोर्ड लगाए जाने की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** हाईवे पर स्थित कसगंजा बस अड्डे पर तीव्र मोड़ है। जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। यातायात व संकेतिक बोर्ड ना लगने से हादसे हो रहे हैं। बोर्ड लगवाए जाने की मांग की है।

पूरनपुर-बंडा हाईवे पर कई तीव्र मोडें है। जिससे आए दिन हादसे होते हैं। हाईवे पर कई जगहों पर तीव्र मोड़े पडती है। इससे आए दिन हादसे होते रहते है। हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। इस पर विभाग द्वारा ना ही यातायात के साधन हैं और ना ही सांकेतिक बोर्ड लगाया गया है। जिसके चलते को राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोड पर कई हादसे हो चुके है। कईबार मांग करने के वावजूद बिभाग की ओर से कसगंजा बस अड्डे पर विभाग द्वारा कोई सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया। जिससे आए दिन राहगीर और वाहन हादसे का शिकार हो रहे। कईबार मांग करने के वावजूद कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।


प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते विधायक बाबूराम पासबान।

## विधायक ने 133वें मन की बात संस्करण को सुना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 133वें संस्करण को सुना।

भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री ने मन की बात के तहत देश के दूर-दराज के कोनों से प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। चाहे वो जल संरक्षण की दिशा में बढ़ते कदम हों, डिजिटल इंडिया की सफलता या स्थानीय कलाकारों का सम्मान उनके शब्द हमें एक 'विकसित भारत' के संकल्प की ओर प्रेरित करते हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महात्मा बुद्ध के जीवन पर भी विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री का यह संवाद मात्र एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की सामूहिक शक्ति और सकारात्मकता का प्रतिबिंब है। विधायक ने कहा कि हम सब मिलकर उनके द्वारा बताए गए सुझावों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस दौरान कई मौजूद रहे।

## गन्ना व पंपिंग सेट चोरी के विरोध में मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कोर्ट के आदेश पर हजारा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**पूरनपुर।** पंपिंग सेट और फसल चोरी को लेकर ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

थाना हजारा क्षेत्र के गांव चन्दुईया हजारा बंगाली कालौनी निवासी ऋषिकेश सरकार ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी के लिए अपनी पैतृक भूमि को एक लाख बीस हजार रुपये में गांव के ही निर्मल मंडल के पास तीन साल के लिए गिरवी रखी थी। तीन साल तक प्राप्त की गई फसल के एवज में वापस करनी नहीं थी। तीन साल तक निर्मल ने जमीन पर फसल प्राप्त कर ली थी। दिसंबर 2022 में पीड़ित ने अपनी जमीन पर कब्जा ले लिया और खेती-बाड़ी करता रहा है। छह माह पहले निर्मल मंडल अपने पुत्र निरंजन मंडल के साथ पीड़ित के घर पहुंचे और एक लाख बीस हजार रुपये का ब्याज मांगने लगे,ब्याज के 75 हजार रुपये ना देने पर खेती न करने की धमकी दी। पंचायत के दौरान पीड़ित ने अपनी जमा पूंजी से 42 हजार रुपये निर्मल मंडल को दे दिया।

आरोपी कुछ दिन बाद डरा धमकाकर पीडित से रुपये देने की मांग करने लगे। पांच मार्च को रात्रि में निर्मल मंडल ने फसल काट कर ट्रैक्टर ट्राली से भरकर ले जा रहे थे। जानकारी लगने पर पीडित व उसकी पत्नी खेत पर पहुंची। आरोपी और कुछ अज्ञात लोग गन्ना भर रहे थे। उसने विरोध किया तो सभी लोग हमलावर हो गए। शोर मचाने आस पडोस के लोग आए गए। मामले की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गन्ना उतरवाया। आठ मार्च को पीडित के खेत पर पडा गन्ना,ट्यूबवेल व पंखा खेत से चोरी कर ले गए।

मामले की पुलिस से शिकायत की गई तो पुलिस ने जबरन समझौता करने का दबाव बनाया गया। आठ मार्च को सभी आरोपी गंदी गंदी गालियां देते हुए पीड़ित के घर में घुस आए। इसके बाद पीड़ित को लात घूंसों से मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया। जिससे वह वेहोश होकर जमीन पर गिर पडा। पड़ोस के लोगों ने उसके बचाया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। आरोपी पुलिस की शह पर फसल हड़पना चाहते हैं। स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की, कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जमीन के विवाद में महिला को बाल पकड़कर पीटा

**पूरनपुर।** जमीन के विवाद को लेकर खेत पर महिला को बाल पकड़ कर घसीटा। मारपीट कर उसको घायल कर दिया। पति के साथ भी मारपीट की गई ।शिकायत पुलिस से की गई है। तहसील क्षेत्र के गांव अजीतपुर बिल्हा निवासी रूपवती ने बताया कि गांव के ही राधेश्याम से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। 25 अप्रैल को उसने ग्रामीण के खिलाफ पुलिस को समाधान दिवस पर तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और मामले को शांत करा दिया था। महिला का आरोप है कि पुलिस के जाने के बाद उसका पति ट्रैक्टर लेने चला गया। वह खेत पर अकेली थी। इसी दौरान ग्रामीण अपने परिजनों की मदद से लाठी डंडे, फावड़ा लेकर खेत पर पहुंच गए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला को मारा पीटा। उसके बाद उसके बाल पकड़ कर खेत में ही गिरा दिया। महिला ने जैसे तैसे भाग कर जान बचाई। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी है। मामले की तहरीर को दी गई है। पुलिस ने वताया मामले की तहरीर मिली है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## शराब भट्टी के विरोध में महिलाओं का मोर्चा, आबकारी अधिकारियों की वार्ता विफल

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ महिलाओं से की वार्ता, बिना समाधान कराए अधिकारी वापस लौटे

**पूरनपुर।** शराब भट्टी को लेकर चल रहे प्रदर्शन को लेकर आबकारी विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे, उन्होंने महिलाओं से वार्ता कर धरना समाप्त करने की अपील की, आरोप है कि अधिकारी बिना समाधान की ही वापस लौट गए।

माधोटांडा क्षेत्र के बूंदीभूड़ गांव में शराब भट्ठी ना हटाए जाने से महिलाओं ने मोर्चा खोल रखा है। कई दिन से धरना प्रदर्शन कर महिलाएं कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि गांव में शराब भट्टी संचालित होने से माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब की वजह से घरेलू कलह बढ़ रही है और युवाओं इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। शराब की दुकान खुलने से मारपीट, छेड़छाड़ आदि छोटे अपराध बढ़ जाते है। शांति व्यवस्था भंग हो जाती है। महिलाओं को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। शराब भट्ठी के पास शराब पीने वाले अश्लील बाते करते है। जिससे विवाद की स्थिति बन जाती है। उनका कहना है कि इसका असर बच्चों और युवाओं पर पड़ता है। जो नशे की ओर चले जाते हैं। महिलाओं ने बताया कि जब तक शराब की दुकान नहीं हटाई जाएगी तब तक बिक्री नहीं करने देंगी। महिलाएं कई दिनों से शराब भट्टी हटाए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। शनिवार की देर शाम आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे,उन्होंने महिलाओं से धरना प्रदर्शन समाप्त कर भट्टी हटाने का आश्वासन दिया। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि शनिवार की रात आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, और महिलाओं से वार्ता की, लेकिन बिना समाधान के ही वापस लौट गए। जब तक भट्टी नहीं हटाई जाएगी तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान शशिकला, सरिता, गुड्डी, मंजू, बबिता, रीमा, सुधा, राजभर सहित कई मौजूद रहीं।

## ट्रक ने कार को मारी टक्कर, महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**माधोटांडा।** तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि पति सहित तीन लोग घायल हो गए। उन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना माधोटांडा क्षेत्र के मल्लापुर खजुरिया निवासी 26 वर्षीय इंद्रजीत सिंह अपनी पत्नी हिमांशी राही के साथ शनिवार को पूरनपुर स्थित एक निजी बैंकट हॉल में अपने मित्र सोनू भारती की शादी में शामिल होने आए थे। उनके साथ एक अन्य दोस्त और ड्राइवर भी कार में सवार थे। बताया जा रहा है कि इंद्रजीत अपनी पत्नी के साथ शाहजहांपुर में रहकर मेहनत-मजदूरी कर


पति इंद्रजीत सिंह और मृतक पत्नी हिमांशी राही की फाईल फोटो।

परिवार का भरण-पोषण करता था। वह इस शादी में शामिल होने के लिए किराए पर कार लेकर आया था। शादी समारोह के बाद देर रात करीब 12:30 बजे सभी लोग कार से शाहजहांपुर के लिए रवाना हुए। जैसे ही उनकी कार पूरनपुर के बांडा चौराहे पर पहुंची और शाहजहांपुर की ओर मुड़ी, तभी लखनऊ की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने हिमांशी राही को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पति इंद्रजीत सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायल दोस्त का इलाज शाहजहांपुर में चल रहा है, जबकि ड्राइवर को भी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि हिमांशी राही की शादी को अभी एक वर्ष ही हुआ था और करीब दो माह उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया था। हादसे के समय बच्ची को नानी के पास छोड़ दिया गया था। इस दर्दनाक घटना के बाद मासूम बच्ची के सिर से मां का साया उठ गया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के संबंध में परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देने की बात कही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## कलीनगर में बंदरों का आतंक, पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्या ने अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

**कलीनगर।** कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रविवार को इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष देव स्वरूप आर्या ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि कलीनगर में बंदरों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों के घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान नुकसान पहुंचा रहे हैं। ब्यापारियों की दुकानो पर पहुंच कर नुकसान कर रहे है। छतों पर सूख रहे कपड़े फाड़ देना,रसोई में घुसकर खाद्य सामग्री बिखेर देना और छोटे बच्चों को डराना अब आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय बंदरों का आतंक और बढ़ जाता है। जिससे लोग अपने घरों के दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने को मजबूर हैं।

क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि कई बार बंदरों ने राह चलते लोगों पर हमला भी किया है, जिससे कई लोग घायल हो चुके हैं। विशेष रूप से बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हैं। अभिभावक अपने बच्चों को अकेले बाहर भेजने से कतरा रहे हैं। पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से वन विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम बनाकर बंदरों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की। कई बार इस समस्या को लेकर शिकायत कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## महिला बिल पास ना कराने पर विपक्ष के खिलाफ नारजगी

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत बिलहरी में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को विपक्ष द्वारा पास न होने देने पर नाराजगी जताई। कहना है कि उस से विपक्ष की महिला विरोधी नीतियां साफ जाहिर होती हैं। और विपक्ष के नेताओं को डर भी है कि यदि हमारी सीट महिला पर आरक्षित हो गई तब हम चुनाव कैसे लड़ेंगे परंतु शायद इन लोगों को यह नहीं पता कि किसी देश या समाज के विकसित होने का अंदाजा हम महिलाओं ने कितनी तरक्की की इसी से लगाते हैं। नारी को भोग की वस्तु न समझे विपक्ष नारी पूजनीय है। हम नारी के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। नारी चुप है मगर कमजोरी नहीं समय आने पर जवाब देगी ग्राम पंचायत बिलहरी सर्व समिति से निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। मुख्य अतिथि रजनीश पांडे (क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य ब्रज क्षेत्र भाजपा विशिष्ट अतिथि श्रीमती पंखुड़ी तिवारी (पुत्रवधू आदरणीय डॉ विनोद तिवारी पूर्व राज्य मंत्री, ग्राम प्रधान नीरज अग्निहोत्री,प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश) अक्षत उर्फ तनु तिवारी ग्राम पंचायत बिलहरी के सभी सम्मानित सदस्य आंगनवाड़ी आशा शिक्षिका ग्राम पंचायत क्षेत्र से आई नारी शक्ति सभी ने मिलकर ग्राम पंचायत द्वारा निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया गया।

**खनन** करेली माइनर की पटरी से हर रोज हो रहा मिट्टी खनन, दिन के उजाले में खनन कर सरपट दौड़ रही हैं ट्रालियां

## नहर की पटरी से खनन करने में भी माफियाओं को हिचक नहीं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** नगर में मिट्टी खनन बड़े पैमाने पर बेखौफ होकर हो रहा है। माफियाओं को अब नहरो की पटरियों से मिट्टी का खनन करने में जरा सी भी हिचक नहीं है। अब रात के अंधेरे में नहीं बल्कि दिन के उजाले में खनन कर ट्रैक्टर ट्रालियां सरपट दौड़ रही हैं।

माफियाओं ने अब करेली माइनर की पटरी को ही निशाना बना रखा है। जिसके चलते मिट्टी का खनन नहर की पटरी से किया जा रहा है। जिसकी वजह से नहर की पटरी पानी की आपूर्ति होने पर फटनी भी शुरू हो जाती है, लेकिन माफियाओं को इससे कोई मतलब नहीं है।


बिलसंडा की करेली माइनर की पटरी से किया गया मिट्टी खनन।

बता दे कि मिट्टी खनन के इस अवैध धंधे में एक सिपाही की लिप्तता होने का आरोप लगाते हुए पिछले दिनों आईजी से ट्वीट किया गया था ,जिसके बाद पिछले वर्ष एसडीएम ने तड़के ही आकर मिट्टी से भरी एक ट्राली पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दी थी।

इसी तरह भाजपा विधायक विवेक वर्मा ने भी मिट्टी खनन कर जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था, लेकिन इस धरपकड़ के बावजूद भी माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा। आखिर क्या वजह है, जो माफिया बेखौफ होकर खनन के इस अवैध कारोबार को धड़ल्ले से कर रहे हैं।

लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों का संरक्षण होने की वजह से माफिया अब दिन के उजाले में ही इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से नगर में आधा दर्जन से अधिक खनन माफिया सक्रिय हैं,जो सांठ गांठ के चलते बेख़ौफ़ होकर मिट्टी का खनन करने में जुटे हुए हैं। पहले तो यह माफिया रात के अंधेरे में खनन का कार्य करते थे, लेकिन मिली भगत के चलते अब मिट्टी से भरी ट्रालियां दिन के उजाले में फर्राटा भर रही है।बताते हैं कि खनन माफियाओं का मकड़ जाल इतना फैला हुआ है, कि अब तो ग्रामीण अंचल भी अछूता नहीं रह गया है।

बताते हैं कि कस्बा बमरौली में सरकारी जमीन से खनन करके एक प्लांट में मिट्टी का किए गए भराव के मामले में हल्का लेखपाल ने कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट भी विभागीय अधिकारियों को भेजी ,लेकिन कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। जिसकी परिणति अब माफिया पिछले कुछ दिनों से बेखौफ होकर मिट्टी का खनन करके सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। बावजूद उसके पुलिस प्रशासन पूरी तरह आंखें मूंदे हुए हैं।

## पति-पत्नी को पीटकर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ललौरीखेड़ा।** यहां दबंगों के उत्पात का मामला सामने आया है, जहां घर के बाहर पानी पीने आए एक युवक के साथ मारपीट कर उसका सिर फोड़ दिया गया। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने पहुंची उसकी 7 माह की गर्भवती पत्नी को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उसके साथ भी मारपीट की गई।

घटना कोतवाली जहानाबाद क्षेत्र की पुलिस चौकी ललौरीखेड़ा के ग्राम बालपुर पट्टी की बताई जा रही है। पीड़िता पूजा ने थाना जहानाबाद पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि 25 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे उनके पति घर के बाहर नल पर पानी पीने गए थे। इसी दौरान पड़ोसी अरुण, रवि, विवेक (पुत्रगण ओमकार), ओमकार


दबंगों की दबंगई की दास्तान सुनाते पीड़ित। –जागरण मोर्चा

की पत्नी लीला, पुत्री सोनम और राजपाल पुत्र तुलसीराम गाली-गलौज कर रहे थे। जब उनके पति ने इसका विरोध किया, तो सभी आरोपियों ने मिलकर लात-घूंसों और डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर जब पूजा अपने पति को बचाने पहुंचीं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि वह 7 माह की गर्भवती हैं, इसके बावजूद आरोपियों ने कोई रहम नहीं किया। आरोप है कि दबंगों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता ने थाना जहानाबाद पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# डीएम ने डीपीआरओ को दिया तत्काल कार्यवाही का आदेश

## करेली के ग्राम सचिवालय में पुलिस के कब्जे का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** करेली ग्राम पंचायत सचिवालय को गत 30 महीनों से कुछ पुलिस कर्मियों ने रैन बसेरा बना रखा है। जिसकी वजह से आदर्श ग्राम सचिवालय का शुभारंभ भी नहीं हो पा रहा है। पंचायत सहायक की शिकायत पर बीडीओ द्वारा थानाध्यक्ष करेली को नोटिस भी जारी किया गया, परंतु सचिवालय को पुलिस कर्मियों द्वारा आज तक कब्जा मुक्त नहीं किया गया। अब ग्राम पंचायत सदस्य की शिकायत पर डीएम ने डीपीआरओ से तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

बता दे कि दो वर्ष पूर्व करेली में पुलिस चौकी नवीन थाना के रूप में सृजित हुई थी। सिंचाई विभाग के अतिथि गृह में पहले चौकी संचालित हो रही थी। हालांकि अब भी इसी भवन में थाना संचालित हो रहा है। थाना बनने के बाद जब पुलिस कर्मियों की तादाद बढ़ी, तो उनके रहने की समस्या उत्पन्न हो गई ,क्योंकि थाना परिसर में कोई भी आवास नहीं है। जिसकी वजह से पुलिसकर्मियों को इधर-उधर ही रहना पड़ रहा है। चूंकि थाना ग्रामीण अंचल में है, जिसकी वजह से मकान किराए पर भी नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में कुछ पुलिस कर्मियों ने अधिकारियों की बगैर अनुमति के पंचायत भवन पर ही कब्जा कर लिया। पंचायत भवन में पुलिस कर्मियों के रहने की वजह से जब पंचायत में विकास संबंधी कार्य प्रभावित होने शुरू हुए तो पंचायत सहायक को दिक्कत हुई, जिसके बाद पंचायत सहायक राजकुमारी ने बीडीओ अमित कुमार शुक्ला से मामले की शिकायत की। जिस पर बीडीओ ने गत 8 फरवरी 2024 को पहला नोटिस जारी किया , जिसमें उन्होंने थानाध्यक्ष से डीएम के उस निर्देश का हवाला देते हुए कहा था कि पंचायत भवन में जन सुविधा केंद्र स्थापित करने और मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराकर आदर्श ग्राम सचिवालय का शुभारंभ किए जाने को कहा गया है। बीडीओ ने नोटिस की प्रति प्रधान एवं सचिव को भी जारी की थी, लेकिन उसके बाद भी पंचायत भवन खाली नहीं किया गया। जिसके बाद 12 मार्च को पुनः नोटिस जारी किया गया। इस बार बीडीओ ने डीपीआरओ को भी प्रति प्रेषित की। बताते हैं कि उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और न ही पुलिस कर्मियों ने सचिवालय को खाली किया। उधर जिम्मेदारों का कहना है कि मामला पुलिस का होने की वजह से जबरन खाली कराने में दिक्कत आ रही है, ऐसे में प्रशासन को ही आगे आना चाहिए। उधर करेली पुलिस का तर्क है कि ग्रामीण इलाके में थाना होने की वजह से रहने की कोई सुविधा नहीं है ।मकान भी किराए पर नहीं मिल रहे हैं, जिसकी वजह से कुछ पुलिसकर्मी पंचायत भवन में रह रहे है। उधर ग्राम पंचायत सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा की शिकायत पर डीएम ने डीपीआरओ से तत्काल कार्यवाही करने का आदेश दिया है। डीएम के इस कदम से संबंधित जिम्मेदारों में खलबली मच गई है।

## शादी के घर में रिश्तेदार का उत्पात, गाली-गलौज व मारपीट का आरोप

**बिलसंडा, पीलीभीत।** थाना बिलसंडा क्षेत्र के ग्राम धनगवा में शादी समारोह के दौरान एक रिश्तेदार द्वारा शराब के नशे में गाली–गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम धनगवा निवासी कामता प्रसाद उर्फ कल्यान मुनि ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके घर में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि 24 अप्रैल 2026 को उसका रिश्तेदार राजू ( निवासी ग्राम तिल्छी, थाना करेली) शराब के नशे में घर पहुंचा और गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की और धक्का दे दिया, जिससे कामता प्रसाद को चोटें आईं। पीड़ित का कहना है कि जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने थाना बिलसंडा पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वायरल वीडियो से पुलिस पर सवाल, चश्मदीद के बयान से पलटी बाजी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूं)।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की चौकी पुलिस पर मारपीट और रुपये लेने के आरोप लगाकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाले युवक के दावों पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। मामले में नया मोड़ तब आया जब उसी गांव के एक अन्य युवक ने सामने आकर पुलिस पर लगाए गए आरोपों को गलत बताया। इसके बाद पुलिस को राहत मिलती नजर आ रही है।

गांव राजा की सिकरी निवासी अवनेश का एक वीडियो पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में उसने आरोप लगाया था कि चोरी के एक मामले में पूछताछ के नाम पर चौकी पुलिस उसे अपने साथ ले गई, जहां उसके साथ मारपीट की गई और उससे 27 हजार रुपये ले लिए गए। अवनेश ने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई थीं। इसी बीच मामले में बड़ा मोड़ तब आया जब गांव के ही विदेशी पुत्र अशरफी थाना फैजगंज बेहटा पहुंचे और लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवनेश के आरोपों को गलत बताया। विदेशी ने पुलिस को दिए पत्र में कहा कि वह खुद अवनेश के साथ पूछताछ के लिए गया था। दोनों से चोरी के मामले में सामान्य पूछताछ की गई थी और बाद में उनके बड़े भाई की सुपुर्दगी में छोड़ दिया गया था। विदेशी ने अपने पत्र में साफ कहा कि पुलिस ने न तो किसी प्रकार की मारपीट की और न ही किसी से रुपये लिए। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही है। इसी क्रम में दोनों युवकों को बुलाया गया था।

पुलिस का कहना है कि पूछताछ के बाद दोनों को सकुशल घर भेज दिया गया था। चौकी इंचार्ज रामकुमार ने बताया कि पुलिस ने पूरी प्रक्रिया नियमानुसार की थी। उन्होंने कहा कि दोनों युवकों को केवल पूछताछ के लिए बुलाया गया था और बाद में छोड़ दिया गया। मारपीट और रुपये लेने के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। एक तरफ सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने पुलिस को कटघरे में खड़ा किया, लेकिन दूसरी तरफ प्रत्यक्ष रूप से साथ मौजूद रहे युवक के बयान ने पूरे मामले की दिशा बदल दी है। अब पुलिस अधिकारियों की नजर इस मामले पर बनी हुई है।



## आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहने से गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रही सुविधाएं

**बीसलपुर, पीलीभीत।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव लाड़पुर में आंगनबाड़ी केंद्रों के अधिकतर समय बंद रहने का मामला सामने आया है। इससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने वाली पोषण सामग्री व अन्य सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अक्सर केंद्र पर अनुपस्थित रहती हैं, जिसके कारण लाभार्थियों को समय पर राशन, पोषण आहार और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्थानीय महिलाओं का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान मिलने वाली जरूरी सामग्री और देखभाल के अभाव में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी कराकर व्यवस्था को सुचारु किया जाए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल सके।

## खाद-बीज विक्रेताओं की आज बड़ी हड़ताल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** राष्ट्रीय कृषि उर्वरक संगठन के आह्वान पर आज, 27 अप्रैल को देशभर में उर्वरक बाजार बंद रहेगा। इस हड़ताल का मुख्य कारण डीलरों के मार्जिन में वृद्धि, भाड़ा कटौती बंद करने और कंपनियों द्वारा जबरन टैगिंग व लिंकिंग जैसी 12 प्रमुख मांगें हैं। प्रमुख व्यापारी आलोक जायसवाल ने बताया कि सरकारी नियमों के सरलीकरण और विक्रेताओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। विक्रेताओं का कहना है कि व्यापारियों की खुशहाली से ही किसानों को बेहतर सेवा मिलेगी। देर रात बैठक कर रणनीति तैयार की गई, ताकि बंदी सफल हो और शासन तक उनकी आवाज पहुंचे।

# ट्रैक्टर से बांधकर गोवंश ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में गौ तस्करी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा अफजल की है, जहां रात के समय दो व्यक्ति गायों को ट्रैक्टर के पीछे बांधकर कथित तौर पर काटने के लिए ले जा रहे थे।

सूत्रों के अनुसार, संदिग्ध गतिविधि देख ग्रामीणों को शक हुआ, जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर सूरजनगर चौकी पर खड़ा करा दिया और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं, बरामद गोवंशीय पशुओं को सुरक्षित गौशाला भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि पकड़े गए आरोपियों को दूल्हापुर ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया गया है। हालांकि, 'पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार गौ तस्करी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लोगों में रोष है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि ऐसे मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना जरूरी है। फिलहाल, पुलिस का कहना है कि मामले से सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध क्लीनिकों पर छापा, हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरकोट।** मुख्यमंत्री पोर्टल पर मिली शिकायत के बाद एसीएमओ डॉ. प्रमोद देशवाल के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फतेहनगर और मनिहारान क्षेत्रों में छापेमारी की। कोमल सिंह और प्रियंका रानी ने बिना वैध डिग्री के इलाज करने का आरोप लगाया था। कार्रवाई के दौरान एक चिकित्सक फरार मिला, जबकि दूसरे को दस्तावेज दिखाने के लिए नोटिस थमाया गया है। छापेमारी की खबर से झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया और कई क्लीनिक बंद कर भाग निकले। एसीएमओ ने बताया कि संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## संक्षेप समाचार

### बेहरूपियों की भरमार से जनता परेशान

**नगीना।** अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर में खुलेआम प्रेस लिख, किसान यूनियन लिखें, प्रदेश शासन लिखें, और तेज आवाज मे पटाखे छोड़ती बाइके दौड़ रही है जिससे क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे है,,शिकायत करने पर भी उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से उनके होसले बुलंद है। सुबह होते ही नगर की सड़कों पर खुलेआम मनचले और शरारती युवक तेज रफ्तार से बाइके सड़कों पर दौड़ातीं है उनकी बाईको से तेज धमाकेदार पटाखे छोड़ कर राहगीरो और दुकानदारों को तमाम परेशानियां हो रही है विशेष कर हार्ट पेशेंट रोगियों को। इन शरारती नौजवानों की बाइकों मे न जाने कौनसा ऐसा साइलेंसर लगा होता है जिनकी एक किलो मीटर पहले और एक किलोमीटर बाद तक तेज आवाज आती है। जिनकी आवाज से क्षेत्र के लोग अत्यंत परेशान हो रहे हैं। दर्जन भर से अधिक चौपाइयां वाहन ऐसे दौड़ रहे हैं जिनपर प्रदेश शासन और भारतीय किसान यूनियन वाहनों के शीशे पर लिखा है जिनका उद्देश्य क्षेत्र के लोगों और टोल प्लाजा पुरैनी के कर्मचारियों अधिकारियों पर रोबग़ालिब कर टोल का पैसा बचाना, और लोगों पर अपना रोब ग़ालिब करना है। उधर नगर कि सड़कों पर अनगिनत प्रेस लिखे वाहन दौड़ रहे है। यह वह प्रेस लिखे वाहन है जिनका प्रेस या पत्रकारिता से 50-- 50 किलो मीटर दूर तक कोई मतलब वास्ता नहीं है। प्रेस लिखे वाहन चालक युवको का अधिकारियों के पास बैठना उनकी दलाली ओर चापलूसी करना है। इन बेहरूपिये लोगल लाल के भोले भाले और जरूरतमंद लोगों का अधिकारियों से काम कराने के नाम पर अपना शिकार बना लेते हैं,, उनके नए-नए कारनामे अपना रहे हैं। यह तो सही है कि थाने से लेकर एसडीएम कोर्ट तक सभी ऑफिसो मे बैठने और घूमते फरते नजर आते है, यही कारण है कि जरूरतमंद लोग घंटो घंटो बैठने के बाद भी बिना काम हुए मायूस होकर अपने अपने घरों को लौट जाते है। लेकिन अधिकारियों की चापलूसी और दलाली करने वाले यह बेहरूपिये पत्रकार अधिकारियों कर्मचारियों के पास बैठना बंद नहीं कर रहे है।

### जूस पीकर लौट रहे युवक पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नहटौर।** थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला गांव मिर्जापुर का है, जहां जूस पीकर लौट रहे एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। ग्राम जसमौरा निवासी इबले हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र मोहम्मद शाद 24 अप्रैल की रात करीब 10 बजे मिर्जापुर में जूस पीने गया था। वापस लौटते समय रास्ते में गांव मिर्जापुर निवासी आदिल ने उसे रोक लिया और किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल को तत्काल उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गर्भवती महिला व गर्भस्थ शिशु की मौत पर फूटा गुस्सा, नर्सिंग होम के बाहर हंगामा

**नहटौर।** नगर के एक निजी नर्सिंग होम में उपचार के दौरान गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत के बाद परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों व स्थानीय लोगों ने नर्सिंग होम के बाहर शव रखकर जमकर हंगामा किया और चिकित्सकों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। मोहल्ला बागवान छापेग्रान निवासी भावना (23) की शनिवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए एक नर्सिंग होम ले गए, जहां उसे भर्ती कर लिया गया। आरोप है कि चिकित्सकों द्वारा सही उपचार न किए जाने के कारण उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई। जब स्थिति गंभीर हो गई तो देर शाम उसे बिजनौर रेफर कर दिया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने महिला और गर्भस्थ शिशु को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गुस्साए परिजनों ने शव को नर्सिंग होम के बाहर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और नर्सिंग होम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। मृतका के पति विपिन ने नर्सिंग होम संचालक डॉक्टर पर गलत उपचार का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अभिभावकों की शर्तों पर बनी सहमति, सोमवार से फिर खुलेंगे स्कूल के दरवाजे

**नहटौर।** संविलियन विद्यालय जमालपुर मीमला में सहायक अध्यापक के व्यवहार को लेकर चल रहे विवाद के बीच आखिरकार समाधान की दिशा में पहल हुई है। रविवार को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभिभावकों और ग्रामीणों के बीच सहमति बन गई। बैठक में अभिभावकों ने साफ कहा कि सहायक अध्यापक सौरभ कुमार के व्यवहार को लेकर वे लंबे समय से शिकायत करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसी के चलते बच्चों ने 22 अप्रैल से विद्यालय का बहिष्कार कर रखा था, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। ग्राम प्रधान ने अभिभावकों को समझाते हुए बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता देने की अपील की और आश्वासन दिया कि वह स्वयं अधिकारियों से मिलकर समस्या का समाधान कराएंगे। काफी देर तक चली चर्चा के बाद अभिभावक इस शर्त पर सहमत हुए कि सोमवार से बच्चों को स्कूल भेजा जाएगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 30 अप्रैल तक संबंधित अध्यापक का स्थानांतरण नहीं किया गया तो वे पुन: आंदोलन करेंगे। साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने की भी बात कही।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में ग्यारह लोग हुए घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिलाओं व बच्चों सहित कुल 11 लोग घायल हो गये ,गभीर रुप से 2 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया शेष सभी घायलों का सीएचसी में उपचार जारी है। घटनाओं के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के यमुनानगर क्षेत्र ग्राम दरमामाजरी निवासी आशीष पुत्र जौन 23 वर्ष , जौन पुत्र गोपीचंद 47 वर्ष ,सलमा पत्नी आशीष 27 वर्ष ,गौरव पुत्र मुकेश 6 वर्ष ,शाहिनी पुत्री सागर 8 वर्ष व मरियम पत्नी जौन शनिवार की सुबह सवेरे एक कार में सवार होकर नगीना से अपने घर जा रहे कोतवाली मार्ग पर ग्राम रोशनपुर के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे एक ट्रक से उनकी कार की टक्कर हो गई जिससे कार सवार सभी लोग घायल हो गये घायलों का उपचार के लिए सीएससी में भर्ती कराया गया तथा गंभीर रुप से घायल जौन.व मरियम को प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गय। उधर अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम सुहावाला निवासी लवकुश कुमार 38 वर्ष, वरीसा पत्नी लवकुश 36 वर्ष, पर्व पुत्र लवकुश 7 वर्ष, व पर्वी पुत्री लवकुश 4 वर्ष एक ही बाईक पर सवार होकर शनिवार की दोपहर को नगीना आ रहे थे पुरैनी टोल प्लाजा के पास पहुंचने पर लखीमपुरखीरी निवासी जावेद पुत्र नफीस 19 वर्ष की स्कूटी से उनकी बाईक की टक्कर हो गई जिससे बाईक सवार व स्कूटी सवार सभी लोग घायल हो गये।

# बिजनौर में झपटमार गिरोह का किया पर्दाफाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिजनौर।** शहर में दिनदहाड़े वृद्ध महिला से कुंडल छीनने की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो शातिर झपटमारों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीने गए कुंडल शत-प्रतिशत बरामद कर लिए हैं, साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की गई है।

नई बस्ती निवासी नरेंद्र कुमार ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर देकर बताया था कि 23 अप्रैल 2026 को उनकी माता श्रीमती रजो देवी घर से घेर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके कानों से सोने के कुंडल छीन लिए और फरार हो गए। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। थाना कोतवाली शहर पुलिस टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने युनूस (निवासी सहारनपुर) और फिरोज (निवासी नजीबाबाद) को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों के पास से टूटे हुए दो कुंडल (पीली धातु) बरामद किए गए, जो घटना से संबंधित पाए गए। साथ ही वारदात में प्रयुक्त काली हीरो पैशन प्रो बाइक भी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आपस में रिश्तेदार (ममेरे-फुफेरे भाई) हैं और तीन दिन पहले विदुर कुटी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास गली में इस वारदात को अंजाम दिया था। वे कुंडलों को बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपियों में से फिरोज का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है, जिसमें चोरी, लूट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इससे स्पष्ट है कि आरोपी पहले से ही अपराध की दुनिया में सक्रिय रहा है। इस पूरे ऑपरेशन को थाना कोतवाली शहर के निरीक्षक उपेंद्र मलिक के नेतृत्व में टीम ने अंजाम दिया, जिसमें उपनिरीक्षक अंकुरपाल सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।



### कानूनी कार्रवाई जारी

पुलिस ने बताया कि बरामदगी और साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की वृद्धि की गई है और आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफलता के बाद शहरवासियों ने राहत की सांस ली है, वहीं पुलिस की तत्परता की भी सराहना की जा रही है।

विस्तार | जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने घोषित किए 8 नए पदाधिकारी

# भाजपा पीलीभीत जिला कार्यकारिणी का विस्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



विजय सरकार।



अभिमन्यु गंगवार।




दीपक सोनकर।




पंकज प्रजापति।



पुष्पा शुक्ला।



हरिओम शर्मा।



राम चरण लाल राठौर।

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन का विस्तार करते हुए रिक्त पदों पर नई नियुक्तियां घोषित कर दी गई हैं। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति के बाद अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया।

यह नियुक्तियां पंकज चौधरी, धर्मपाल सिंह एवं दुर्गविजय सिंह शाक्य की संस्तुति के उपरांत की गई हैं। जिला कार्यकारिणी में 8 पदों पर नियुक्तियां करते हुए अभिमन्यु गंगवार को जिला मीडिया प्रभारी, दीपक सोनकर को सह मीडिया प्रभारी, अभिनीत पाण्डेय को सोशल मीडिया संयोजक, विजय सरकार को सह सोशल मीडिया संयोजक, हरिओम शर्मा को आईटी संयोजक, पंकज प्रजापति को सह आईटी संयोजक, पुष्पा शुक्ला को कार्यालय मंत्री और राम चरण लाल राठौर को सह कार्यालय मंत्री बनाया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार तथा बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद सहित कई जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। जिला संगठन के इस विस्तार को आगामी राजनीतिक गतिविधियों और संगठन को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भीषण गर्मी से 60 वर्षीय महिला की हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**नगीना।** तेज गर्मी के चलते एक महिला को अचानक अत्यधिक थकान महसूस होने पर वहीं बैठ गई। महिला ने गर्मी सर्व राहत पाने के लिए, पास से गन्ने का जूस मंगवाया, लेकिन जूस पीते ही वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार गिरते ही महिला ने दम तोड़ दिया। प्रत्यक्ष दृश्यों ने घटना की सूचना परिजनों को दी जबतक पुलिस पहुंची तबतक परिजन भी मौके पर पहुंच गए जो बिना किसी कारवाही के मृत महिला को अपने घर ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा, इमलियों वाला चौक स्थित रॉयल मोबाइल शॉप के सामने बैठी एक महिला को तेज गर्मी के चलते अचानक अत्यधिक थकान महसूस हुआ, जिसके बाद वह वहीं बैठ गई। बताया जाता है कि महिला ने राहत पाने के लिए पास से गन्ने का जूस मंगवाया, लेकिन जूस पीते ही वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार गिरते ही महिला ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और परिजनों को सूचित किया गया।

मृतका मोहल्ला छिपीपाड़ा की निवासी से शाहिदन बताई जा रही है। महिला के निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों ने बताया कि मृतका विधवा थी और उसके कोई संतान भी नहीं थी।वहीं पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

# डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज फ्रेंच ओपन से हटे

## कलाई में चोट; रोम मास्टर्स से भी बाहर

**बार्सिलोना (एजेंसी)।** टेनिस स्टार और वर्ल्ड नंबर-2 कार्लोस अल्काराज इस साल फ्रेंच ओपन में नजर नहीं आएंगे। दो बार के मौजूदा चैंपियन अल्काराज ने कलाई की चोट से उबरने के लिए हटने का फैसला किया है। वे रोम मास्टर्स में भी हिस्सा नहीं लेंगे। फ्रेंच ओपन 18 मई से होना है। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। अल्काराज ने बताया कि टीम ने तय किया कि पूरी तरह फिट हुए बिना वापसी जोखिम भरी हो सकती है, इसलिए रिकवरी पर ध्यान जरूरी है।



### बार्सिलोना ओपन के दौरान लगी थी चोट

अल्काराज को इसी महीने बार्सिलोना ओपन के पहले दौर में कलाई में चोट लगी थी। ओटो विर्टानन के खिलाफ मैच जीतने के बाद दर्द बढ़ने पर उन्होंने टूर्नामेंट छोड़ दिया था। 17 अप्रैल को उन्होंने मैड्रिड मास्टर्स से भी नाम वापस ले लिया था, तभी से फ्रेंच ओपन खेलने पर सस्पेंस था। शुक्रवार के मेडिकल टेस्ट के बाद उन्होंने पेरिस न जाने की पुष्टि कर दी।

### कोच और टीम की सलाह- वापसी में जल्दबाजी न करें

अल्काराज ने पोस्ट में लिखा, हमने तय किया है कि सबसे समझदारी वाला काम सावधानी बरतना है। रोम या रोलां गैरो में हिस्सा न लेना एक कठिन फैसला है, लेकिन मुझे यकीन है कि मैं इस चोट से उबरकर और मजबूती से वापसी करूंगा। अल्काराज अब मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैब करेंगे और रिकवरी की प्रोग्रेस देखने के बाद ही तय करेंगे कि वे किस टूर्नामेंट से वापसी करेंगे।

### शानदार रहा है सीजन, पिछले साल बचाई थी बादशाहत

अल्काराज के लिए यह साल शानदार रहा है। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतकर सबसे कम उम्र में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले पुरुष खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया था। इस सीजन में उनका रिकॉर्ड 22-3 रहा है और उन्होंने दोहा में एक खिताब जीता है। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में उन्होंने जनिक सिनर के खिलाफ तीन चैंपियनशिप पॉइंट बचाकर खिताब जीता था।


### रैंकिंग पर पड़ेगा असर, सिनर को फायदा

अल्काराज ने 12 अप्रैल को मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में जैनिक सिनर से हारकर वर्ल्ड नंबर-1 रैंकिंग गंवा दी थी। अब फ्रेंच ओपन से हटने के कारण उन्हें रैंकिंग पॉइंट्स का बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि वे मौजूदा चैंपियन के तौर पर अपने पॉइंट्स डिफेंड करने वाले थे। उनकी गैर-मौजूदगी में सिनर और नोवाक जोकोविच के बीच खिताबी जंग और रोचक होगी।

# कोहली आईपीएल में 800 चौके लगाने वाले पहले बैटर, 300 सिक्स भी पूरे

## चिन्नास्वामी में बेंगलुरु की 50वीं जीत, बने कई रिकार्ड्स

**चिन्नास्वामी (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल के 34वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। इस जीत के हीरो रहे विराट कोहली, जिन्होंने 81 रन की शानदार पारी खेलते हुए इतिहास रच दिया। कोहली आईपीएल में 800 चौके लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने, साथ ही उन्होंने 300 छक्कों का आंकड़ा भी छू लिया। वे लीग में 9 हजार रन के करीब भी पहुंच गए हैं और इस बड़े माइलस्टोन से महज 11 रन दूर हैं। बेंगलुरु ने अपने होम ग्राउंड एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 50वीं जीत दर्ज कर एक और उपलब्धि हासिल की। वहीं गुजरात की पारी में साई सुदर्शन ने शतक जड़ते हुए क्रुणाल पंड्या की बाउंसर पर एक हाथ से शानदार छक्का लगाकर मैच का यादगार मोमेंट भी दिया।



**कोहली आईपीएल में 9 हजार रन बनाने से 11 रन दूर** - कोहली ने गुजरात के खिलाफ 44 गेंद पर 81 रन बनाए। वे आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनके नाम 266 पारियों में 8989 रन दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम आता है, जिन्होंने 271 पारियों में 7183 रन बनाए हैं।

**कोहली के आईपीएल में 800 चौके पूरे** - कोहली ने शुक्रवार को 8 चौके जड़े। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 800 चौके भी पूरे कर लिए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक सबसे ज्यादा 807 चौके लगाए हैं। उनके बाद शिखर धवन हैं, जिन्होंने 768 चौके लगाए हैं। 663 चौकों के साथ डेविड वॉर्नर तीसरे नंबर पर हैं।

**आईपीएल में कोहली के 300 छक्के पूरे** - कोहली ने मैच में 81 रन की पारी के दौरान 4 छक्के लगाए। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल में अपने 300 छक्के भी पूरे कर लिए। यह आंकड़ा पार करने वाले वह तीसरी खिलाड़ी हैं। आईपीएल में सबसे छक्के क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 357 छक्के लगाए हैं। रोहित शर्मा 310 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### चिन्नास्वामी पर आरसीबी की 50वीं जीत

आरसीबी ने चिन्नास्वामी पर 50वीं जीत दर्ज की। वह ऐसा करने वाली चौथी टीम बन गई है। किसी एक वेन्यू पर सबसे ज्यादा मैच जीतने का रिकॉर्ड मुंबई के नाम है, जिन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर 58 मैच जीते हैं। कोलकाता ईडन गार्डन्स पर 55 जीत के साथ दूसरे और चेन्नई एमए चिदंबरम स्टेडियम पर 53 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है।

### आरसीबी के खिलाफ 15वां शतक लगा

आरसीबी के खिलाफ सुदर्शन ने शतक जड़ा। आईपीएल में 15वीं बार है जब किसी बल्लेबाज ने बेंगलुरु के खिलाफ सेंचरी लगाई। यह किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगने का रिकॉर्ड है। 14-14 शतकों के साथ कोलकाता और मुंबई संयुक्त रुप से दूसरे नंबर पर है।

### सुदर्शन ने आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन पूरे किए

आरसीबी के खिलाफ सुदर्शन ने शानदार शतक लगाया। इस पारी के दौरान 72 रन बनाते ही उनके आईपीएल में 2000 रन पूरे हुए। उन्होंने सिर्फ 47 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की, जो सबसे तेज है। इससे पहले क्रिस गेल ने 48 पारियों में 2000 रन पूरे किए थे।

# श्रीसंत ने हरभजन सिंह को इंस्टाग्राम पर ब्लॉक किया

## बोले- थप्पड़ कांड पर विज्ञापन बनाकर पैसे कमाए, उनके साथ अब मेरा कोई रिश्ता नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के दो पूर्व खिलाड़ियों, एस श्रीसंत और हरभजन सिंह के बीच 2008 का 'थप्पड़ कांड' फिर चर्चा में है। 16 साल पुराने इस विवाद ने दोनों के रिश्ते खत्म कर दिए हैं। श्रीसंत ने खुलासा किया कि उन्होंने हरभजन सिंह को सोशल मीडिया पर ब्लॉक कर दिया है और अब कोई संबंध नहीं रखना चाहते। केरल के मीडिया हाउस 'मातृभूमि' को दिए इंटरव्यू में श्रीसंत ने कहा, 'मैंने आज तक किसी इंटरव्यू में भज्जी (हरभजन) के बारे में बात नहीं की, यह पहली बार है। कुछ समय पहले तक सब ठीक था, लेकिन उन्होंने उस विवाद पर फिर से एक विज्ञापन बनाया। उन्होंने इसके लिए करीब 80 लाख से 1 करोड़ रुपए लिए। इसके बाद उन्होंने मुझे फोन किया और कहा कि मैं अपने सोशल मीडिया पर इस विज्ञापन को लेकर स्टोरी पोस्ट करूं।'



**रिपब्लिक डे पर विज्ञापन जारी किया गया था** - यह विज्ञापन जनवरी 2026 में एक मार्केटिंग ऐप की गणतंत्र दिवस सेल के लिए जारी किया गया था। इसमें हरभजन सिंह को 'चांटा क्लास' के टीचर के रूप में दिखाया गया है, जो लोगों को यह समझाते हैं कि खराब इलेक्ट्रॉनिक सामान को थप्पड़ मारकर ठीक करने की पुरानी आदत छोड़ें और उसकी जगह एप से नए प्रोडक्ट खरीदें। विज्ञापन में मजाकिया अंदाज में हरभजन कहते हैं, 'सही से थप्पड़ लगाओ, सब ठीक हो जाता है,'। यह डायलॉग उनके और श्रीसंत के बीच 2008 में हुए विवाद की याद दिलाता है।

**माफ कर सकता हूं, लेकिन भूल नहीं सकता** - हरभजन सिंह के बर्ताव पर नाराजगी जताते हुए श्रीसंत ने कहा, 'मैंने उनसे साफ कह दिया कि मैं माफ कर सकता हूं, लेकिन भूल नहीं सकता। अगर आप किसी को भूल जाते हैं, तो वह दोबारा वही गलती करेगा। वह (हरभजन) इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसमें कोई शक नहीं है।' श्रीसंत ने कहा कि उनके माता-पिता ने उन्हें सिखाया है कि माफी दे दो, लेकिन सबक याद रखो।

**भाई कहता था, पर अब रिश्ता खत्म; सब दिखावा है** - श्रीसंत ने कहा कि अब उनके बीच कोई बॉन्ड नहीं बचा है। उन्होंने कहा,मेरा उस व्यक्ति के साथ अब कोई रिश्ता नहीं है। मैं उन्हें भाई कहता था, लेकिन पिछले एक-दो महीनों में उन्होंने जो विज्ञापन किए, उसके बाद मैंने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया है। वे एक महान व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन मेरे लिए भारतीय टीम में खेलने से लेकर अब तक, वह जो भी करते हैं, वह सब एक एक्ट (दिखावा) है। श्रीसंत ने कहा कि वह इश दिखावे को स्वीकार नहीं करते।

**क्या था थप्पड़ कांड विवाद** - यह पूरा विवाद आईपीएल के पहले सीजन यानी 2008 का है। 25 अप्रैल को मोहाली में मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच मैच के बाद हरभजन सिंह ने श्रीसंत को थप्पड़ जड़ दिया था। मैच खत्म होने के बाद श्रीसंत मैदान पर रोते हुए नजर आए थे।

### हरभजन सिंह पर लगा था 8 मैचों का प्रतिबंध

मैदान पर श्रीसंत के रोने की तस्वीरें और वीडियो ने क्रिकेट जगत में सुर्खियां बटोरी थीं। हरभजन सिंह को तत्काल बचे 8 मैच से बैन किया गया था और मैच फीस का जुर्माना भी लगा था। श्रीसंत ने दावा किया था कि हरभजन ने गुस्से में बिना वजह थप्पड़ जड़ा। इस घटना पर मीडिया और फैंस के बीच बहस हुई।

### हरभजन इस घटना पर कई बार अफसोस जता चुके हैं

हरभजन इस घटना पर कई बार अफसोस जता चुके हैं। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन के साथ एक इंटरव्यू में कहा था कि 'मेरी जिंदगी का एक ऐसा पल जिसे मैं बदलना चाहता हूं- वो है श्रीसंत को थप्पड़ मारने का किस्सा।' उन्होंने कहा, 'अगर मुझे मौका मिले तो मैं इसे अपनी लाइफ से हटा दूं। जो हुआ गलत हुआ और मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। मैंने उसके लिए सैकड़ों बार माफी मांगी। आज भी जब मौका मिलता है तो माफी मांगता हूं। यह मेरी सबसे बड़ी गलती थी।'

# थॉमस कप बैडमिंटन- भारत ने कनाडा को 3-1 से हराया

## जीत के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत की; लक्ष्य सेन हारे, डबल्स जोड़ी ने जीत दिलाई



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने थॉमस कप बैटमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए कनाडा को 3-1 से हरा दिया। इस मुकाबले में भारतीय डबल्स के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने जीत दर्ज की। वहीं एकमात्र हार लक्ष्य सेन के नाम रही।

### पहले मैच में लक्ष्य सेन हारे

मैच की शुरुआत भारत के लिए अच्छी नहीं रही। पहले सिंगल्स मुकाबले में लक्ष्य सेन को कनाडा के विक्टर लाई के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य ने पहला गेम 21-18 से जीता, लेकिन इसके बाद विक्टर लाई ने शानदार वापसी करते हुए 21-19, 21-10 से मैच जीत लिया।

- **सात्विक और चिराग ने वापसी कराई** - भारत की स्टार डबल्स जोड़ी सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने टीम को बराबरी दिलाई। उन्होंने कनाडाई जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 21-10, 21-11 से हराया। यह मैच सिर्फ 29 मिनट में खत्म हो गया। तीसरे सिंगल्स मुकाबले में आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को 21-13, 21-17 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई।
- **दूसरे डबल्स ने भारत की जीत पक्की की** - दूसरे डबल्स और में हरिहरन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने 21-7, 21-15 से मैच जीतकर 3-1 की निर्णायक बढ़त दिलाई। 5वें मैच में किदांबी श्रीकांत ने 21-17 और 21-12 से जीत हासिल की। भारत ने 4-1 से मैच जीतकर टूर्नामेंट की विजयी शुरुआत की है। भारत का दूसरा मुकाबला 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया और तीसरा मैच 29 अप्रैल को चीन से होगा।

# ज्यूरिख में अभय सिंह का सफर थमा, पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 से क्वार्टरफाइनल में हार

**ज्यूरिख (एजेंसी)।** अभय सिंह को ज्यूरिख में खेले गए ग्रासहॉपर कप स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें मिस्र के पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 करीम गावद ने 12-10, 11-9 से हराया।

- **शानदार वापसी के बावजूद नहीं जीत सके मैच** - दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने पहले गेम में 0-6 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और मुकाबले को टाई-ब्रेक तक पहुंचाया। हालांकि, गवाद ने निर्णायक समय पर बढ़त बनाते हुए पहला गेम अपने नाम किया।
- **दूसरे गेम में भी कड़ी टक्कर** - दूसरे गेम में भी अभय सिंह ने शानदार खेल दिखाया और एक समय 5-2 की बढ़त बना ली। लेकिन विश्व नंबर-4 गवाद ने अनुभव का फायदा उठाते हुए वापसी की और लगातार अंक हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया।

### गवाद का अनुभव पड़ा भारी

पूर्व विश्व चैंपियन गवाद ने पूरे 32 मिनट के मुकाबले में बेहतरीन और आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने शुरुआत से ही तेज खेलते हुए दबाव बनाया और अहम मौकों पर संयम रखते हुए जीत हासिल की।

### गवाद ने का अभय सिंह प्रतिभाशाली खिलाड़ी

मैच के बाद गवाद ने कहा कि अभय सिंह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उनके खिलाफ खेलना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि ऐसे मुकाबलों में आखिरी अंक तक सतर्क रहना जरूरी होता है, क्योंकि मैच का रुख कभी भी बदल सकता है।

# पाकिस्तान की एक बार फिर हुई फजीहत

## पीएसएल 2026 में सफेद की बजाय 'रेड बॉल' से हुआ मैच

**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। मुकाबले के पहले मैच में ही गेंद का रंग बदल गया था, जिसकी वजह से पीएसएल की बहुत किरकरी हुई थी। अब एक बार फिर से यही मामला सामने आया है। पीएसएल में मुकाबले के दौरान गेंद का कलर बदल गया, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का मजाक उड़ाया जा रहा है।



पाकिस्तानी लीग में अब तक कई बड़े विवाद सामने आ चुके हैं। फखर जमान पर गेंद के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा और उन्हें दो मैचों के लिए बैन कर दिया गया था। तो वहीं कई अन्य विवाद भी रहे हैं। इस वजह से पीएसएल की छवि खराब हुई है। अब एक बार फिर से इसी तरह का मामला सामने आया है और गेंद का रंग सफेद से लाल हो गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

**पीएसएल 2026 में बदला गेंद का रंग** - दरअसल, 23 अप्रैल को लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स के बीच मुकाबला खेला गया। मैच के दौरान सफेद गेंद का रंग बदलकर लाल हो गया। सोशल मीडिया पर इस दावे के साथ वीडियो शेयर किया जा रहा है। कराची किंग्स की टीम गेंदबाजी कर रही थी और उनकी जर्सी का लाल रंग गेंद पर लग गया। इसका वीडियो सामने आया है, जहां गेंद को सफेद की बजाय लाल देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

# टॉप-10 कंपनियों की बाजार वैल्यू में 2 लाख करोड़ की गिरावट, TCS-रिलायंस के शेयर सबसे ज्यादा टूटे

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में आई तेज गिरावट ने देश की दिग्गज कंपनियों की कमर तोड़ दी। निवेशकों की धारणा कमजोर होने का सीधा असर टॉप-10 कंपनियों पर दिखा, जहां सात कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब 2 लाख करोड़ तक घट गया।

पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार कमजोरी का असर देश की बड़ी कंपनियों पर साफ दिखाई दिया। बाजार में गिरावट के चलते टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 7 का संयुक्त बाजार पूंजीकरण करीब ?2 लाख करोड़ घट गया। इस दौरान निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा और बाजार में बेचैनी का माहौल बना रहा।

सेंसेक्स और निफ्टी में भी गिरावट दर्ज की गई, जिसका सीधा असर बड़ी कंपनियों के शेयरों पर पड़ा। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक तनाव और कमजोर तिमाही नतीजों की वजह से बाजार पर दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ कंपनियों में हल्की बढ़त भी देखने को मिली, लेकिन कुल मिलाकर बाजार में नकारात्मक रुझान हावी रहा।

इस गिरावट में देश की दो सबसे बड़ी कंपनियों, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। कमजोर बाजार के चलते दोनों कंपनियों के मार्केट कैप में भारी कमी दर्ज की गई। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण ?66,699 करोड़ घटकर करीब ?8.67 लाख करोड़ पर आ गया, जिससे निवेशकों को बड़ा झटका लगा। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू भी ?50,670 करोड़ कम हो गई, जिससे यह भी दबाव में आ गई।

विशेषज्ञों के अनुसार आईटी सेक्टर और ऊर्जा क्षेत्र में बिकवाली का सीधा असर इन दिग्गज कंपनियों पर पड़ा है। लगातार वैश्विक अनिश्चितताओं और कमजोर तिमाही नतीजों ने भी बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। गिरावट के बावजूद रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, उसके बाद ლउ੍ਰੰ बैंक, भारती एयरटेल और रइकका स्थान है।

बैंकिंग और अन्य क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों को भी इस गिरावट में नुकसान झेलना पड़ा। ლउ੍ਰੰ बैंक, क्ऊक्ऊक बैंक, भारती एयरटेल, एलएंडटी और एलआईसी जैसी प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप में कमी दर्ज की गई। कमजोर बाजार के माहौल का सीधा असर इन कंपनियों के शेयरों पर पड़ा।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।